
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-04-2026 00:00 Color:

नई दिल्ली > रविवार, 4 जनवरी 2026 > पौष 15, शक संवत 1947, माघ कृष्ण प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 22, संख्या 1 > पेज 20* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in



मादुरो और उनकी पत्नी अमेरिकी युद्धपोत पर है। न्यू यॉर्क मे दोनों पर केस चलेगा। US वेनेजुएला के तेल भंडार का इस्तेमाल करेगा।
-डॉनल्ड ट्रंप

NBT
संडे नवभारत टाइम्स



नुपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन से की सगाई
DelhiTimes



# वेनेज़ुएला पर ट्रंप के अटैक से हिला तेल का सिंहासन


## राष्ट्रपति को बेडरूम से घसीट ले गया अमेरिका

■ एपी, कराकास (वेनेजुएला)

**अमेरिका ने** शुक्रवार देर रात तेल के सबसे बड़े उत्पादक देश वेनेजुएला (Venezuela) पर बड़ा हमला किया। महीनों से दबाव बनाए जाने के बाद लैटिन अमेरिकी देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो (Nicolas Maduro) को पकड़कर अमेरिका उन्हें देश से बाहर ले गया है। ये घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने हमले के कुछ घंटों बाद की। वेनेजुएला सरकार ने कहा, US वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार कब्जाना चाहता है।

**वेनेजुएला सरकार ने कहा, तेल पर कब्जा चाहता है अमेरिका**

वेनेजुएला की राजधानी कराकास में सात धमाके सुने गए। CNN ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना ने उनके बेडरूम से घसीटकर बाहर निकाला और उन्हें अपने कब्जे में लिया। ट्रंप ने बताया, अभियान के दौरान कुछ अमेरिकी सैनिक घायल हो गए। ट्रंप ने मादुरो पर अमेरिका में ड्रग्स तस्करी से जुड़े आतंकवाद का सहारा लेने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा, मादुरो और उनकी पत्नी पर न्यू यॉर्क में मुकदमा चलेगा। वेनेजुएला के भविष्य का फैसला अमेरिका करेगा। किसी और को सत्ता संभालने देकर मादुरो की नीतियां जारी नहीं रहने दे सकते। ये पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने किसी देश पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति या तानाशाह को पकड़ा। 2003 में इराक और 1989 में पनामा में भी कुछ ऐसे ही ऑपरेशन चलाए थे। ▸▸ पेज 16




**शासन किसका?** ट्रंप बोले- मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला को तब तक हम चलाएंगे, जब तक सुरक्षित तरीके से सत्ता ट्रांसफर नहीं कर देते।

### इसलिए बनाया निशाना?

- ट्रंप का दावा, वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। वेनेजुएला बोला-US विशाल तेल भंडार कब्जाना चाहता है।
- ट्रंप का दावा- वेनेजुएला अमेरिका में खतरनाक ड्रग्स की तस्करी करता है। US ड्रग्स ले जा रही 35 नावों पर हमला कर चुका।
- अमेरिका वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट करना चाहता है। ये बात एक इंटरव्यू में मादुरो ने भी कही थी। अमेरिका मादुरो को तानाशाह और ड्रग तस्कर मानता है।

वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला निंदनीय है। इससे हालात और बिगड़ सकते है। वेनेजुएला को बिना किसी विनाशकारी, सैन्य, बाहरी हस्तक्षेप के अपना भाग्य खुद तय करने का अधिकार मिलना चाहिए।
-रूस



**भारत की अडवाइजरी :** भारत ने अडवाइजरी जारी कर नागरिकों को वेनेजुएला की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। कहा, कराकास में भारतीय दूतावास से संपर्क में रहें। मदद के लिए दूतावास के ईमेल cons.caracas@mea.gov.in या इमरजेंसी नंबर +58-412-9584288 (व्हाट्सऐप कॉल समेत) पर संपर्क करें।

### इस हमले पर नज़र रखना क्यों जरूरी?

**1** वेनेजुएला दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों (303 अरब बैरल से अधिक कच्चे तेल के प्रमाणित भंडार है, यानी दुनिया में सबसे बड़ा) में है। वहां अस्थिरता से कच्चा तेल महंगा हो सकता है, असर भारत में पेट्रोल-डीजल और महंगाई पर पड़ेगा।

**2** अमेरिका की कार्रवाई सिर्फ वेनेजुएला तक सीमित नहीं, इसमें चीन और रूस जैसे देशों के हित जुड़े है। चीन से वेनेजुएला के करीबी रिश्ते है। यह शक्ति संतुलन बदलने वाली घटना हो सकती है, जिसका असर हमारी विदेश नीति पर भी पड़ता है।

**3** भारत रणनीतिक तौर पर अमेरिका के करीब है, लेकिन विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के साथ भी खड़ा रहता है। ऐसे मामलों में भारत का रुख अहम संकेत देता है कि वह ग्लोबल मंच पर किस तरह संतुलन बनाता है।

**अटैक पर भड़के वेनेज़ुएला के सहयोगी देश**

## ईरान और चीन बोले- ये देश की संप्रभुता पर हमला

रूस और क्यूबा के साथ वेनेजुएला के सहयोगियों में शामिल ईरान ने अमेरिकी हमले की निंदा की है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह सैन्य हमले और देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के घोर उल्लंघन की कड़ी निंदा करता है। इससे पहले ईरान में रोजगार को लेकर हो रहे प्रदर्शन पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था, अगर ईरान प्रदर्शनकारियों को मारता है तो हम बचाने को तैयार है। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा, एक संप्रभु देश पर एयरस्ट्राइक और राष्ट्रपति के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हैं। अमेरिका के ऐसे दबंगई कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।



AFP
**वेनेज़ुएला की अपील** सड़कों पर उतरे समर्थक।

### 'पूरी दुनिया अलर्ट हो जाए'

**अमेरिकी हमले** पर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा, अभी वे कराकास पर बमबारी कर रहे हैं। पूरी दुनिया अलर्ट हो जाए, यूएन को दखल देना चाहिए। क्यूबा के राष्ट्रपति ने अमेरिका पर वेनेजुएला के खिलाफ आपराधिक हमला करने का आरोप लगाया और तत्काल अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की मांग की।

## दिल्ली में पानी की जांच ऐसे? सिर्फ 2 लैब मानक पर खरी



File
हजार सैंपल के बजाय 300-400 की ही हो रही जांच।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इंदौर में** जहां दूषित पानी से हो रही मौतों की देशभर में चर्चा है, तो वहीं अब राजधानी दिल्ली में पीने के पानी की जांच व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल उठ गया है। कई राज्यों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पानी की जांच के लिए लैब्स को तैयार किया जा रहा है। हालांकि, दिल्ली में 25 से ज्यादा सरकारी वॉटर टेस्टिंग लैब्स में से सिर्फ दो ही लैब्स को नैशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग ऐंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज (NABL) से मान्यता मिली है। दिल्ली जल बोर्ड की ये दोनों लैब्स हैदरपुर और वजीराबाद में है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की जांच लैब को अभी तक एनएबीएल की मान्यता नहीं है। यह लैब यमुना के पानी, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और नालों के पानी की जांच के लिए इस्तेमाल होती है। जल बोर्ड अधिकारियों का कहना है कि बाकी लैब्स के लिए भी मान्यता का आवेदन किया गया है, जो अभी पेंडिंग है। लेकिन तब तक सवाल बने हुए हैं। दिल्ली में रोजाना पानी की जांच इन लैब्स से की जाती है। इसके बाद बताया जाता है कि यह पीने लायक है या नहीं। जांच को लेकर भी सवाल है क्योंकि दिल्ली की दो करोड़ की आबादी को पानी आपूर्ति के लिए सिर्फ 500 से कम सैंपल की जांच की जा रही है।

NBT संडे स्पेशल

**25 से ज्यादा सरकारी लैब्स में से सिर्फ दो को NABL से मान्यता**

### सीमित जांच है बड़े खतरे का संकेत

- **1 से 18** दिसंबर, 2025 के बीच पानी के 7129 सैंपल की जांच की गई।
- **7029 सैंपल** जांच में सही पाए गए। 99 पानी के सैंपल फेल हो गए।
- **25 लैब्स** है दिल्ली में सरकारी, जहां पानी की जांच होती है।




**बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर**

**Q** सीने में दर्द की वजह से जब कोई शख्स किसी डॉक्टर के पास जाता है तो...



**बैड डॉक्टर:** देखिए, गैस की वजह से आपको पसीना भी आ रहा है। यह खतरनाक हो सकता है। मैं एक महंगा इंजेक्शन लिख देता हूं। इसे ले लें। मैं जिस दुकान से लेने को कह रहा हूं, वहीं से लें। 1 घंटे में समस्या का समाधान हो जाएगा।



**गुड डॉक्टर:** देखिए, सीने में दर्द और पेट की जलन एक-जैसी लग सकती है, लेकिन कुछ मामलों में यह एंजाइना का दर्द हो सकता है। ऊपर से आपको पसीना आ रहा है। पहले आप ECG करवा लें। अगर इसमें कुछ नहीं निकलेगा तो मैं गैस की दवा दे दूंगा।

**डॉ. अंशुल वार्ष्णेय,** सीनियर कंसल्टेंट, फिजिशन एंड डायबेटॉलजिस्ट

**BCCI के आदेश पर लिया फैसला**


## विवाद के बीच KKR ने मुस्ताफिज़ुर रहमान को टीम से रिलीज़ किया

■ भाषा, गुवाहाटी

**कोलकाता नाइटराइडर्स** (केकेआर) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को टीम से रिलीज कर दिया। बीसीसीआई ने भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह कदम उठाया। बीसीसीआई ने कहा कि 26 मार्च से शुरू होने वाली लीग में जरूरत पड़ने पर केकेआर को उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का चयन करने की अनुमति होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से जब पूछा गया कि बीसीसीआई ने कोलकाता नाइटराइडर्स को ऐसा करने के लिए क्यों कहा है, तो उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुई घटनाओं के कारण।'

**IPL ऑक्शन में रहमान को 9.20 करोड़ में खरीदा था**

वहीं, केकेआर ने बयान में कहा, 'हम पुष्टि करते है कि बीसीसीआई-आईपीएल ने आगामी सत्र से पहले मुस्ताफिजुर रहमान को टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया है।' रहमान 2016 से 8 बार आईपीएल में खेल चुके हैं। ▸▸ पेज 15



File
मुस्ताफिज़ुर रहमान

### न्यूज़ीलैंड सीरीज़ में सिराज की वापसी

**न्यूजीलैंड के** खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। शुभमान गिल टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस सीरीज से वनडे फॉर्मेट में वापसी करेंगे। चोट के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी में मैच फिटनेस साबित करनी होगी।



सिराज

## छत्तीसगढ़ में 2 एनकाउंटर, 14 नक्सली मारे गए

■ भाषा, सुकमा/बीजापुर: छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 14 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुकमा जिले के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि शुक्रवार रात जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) ने अभियान शुरू किया था और सुबह किस्टाराम इलाके के जंगल में गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया, मुठभेड़ स्थल से 12 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए है।

**AK-47 समेत हथियारों का जखीरा बरामद**


## दिल्ली दंगे: उमर, शरजील की बेल पर फैसला कल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की बेल अर्जियों पर सोमवार को फैसला सुनाएगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच आदेश पारित करेगी।



उमर खालिद

## भगवान बुद्ध से जुड़ी प्रदर्शनी की शुरुआत, PM मोदी बोले- लौटी देश की विरासत



PTI
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा किले में गौतम बुद्ध से जुड़े पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, यह अवशेष देश की वंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा है।

- प्रदर्शनी में पहली बार भगवान बुद्ध की अस्थियां और उनके परिवार के चढ़ाए बेशकीमती रत्न (सोना, पुखराज, मूंगा आदि) एक ही जगह रखे गए है। पहले ये अलग-अलग म्यूजियम में थे।
- गौतम बुद्ध के अवशेषों का एग्जिबिशन दिल्ली के मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 4 के ठीक सामने है। प्रदर्शनी सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली है। ▸▸ पेज 6

**धर्मशाला रैगिंग केस में प्रफेसर सस्पेंड**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के सरकारी कॉलेज में दलित छात्रा की मौत के मामले में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोपी असिस्टेंट प्रफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। रैगिंग, जातिगत उत्पीड़न के आरोपों की जांच के भी आदेश दिए हैं। वहीं, मामले पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने खुद संज्ञान लेते हुए रैगिंग से जुड़ी शिकायत दर्ज की है। जांच में 5 सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग कमिटी बनाई गई है। कमिटी कॉलेज जाकर छात्रों, स्टाफ से बात करेगी। देखा जाएगा कि रैगिंग रोकने के लिए UGC के नियमों का पालन हुआ या नहीं और शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई थी।

**दूषित पानी का मामला**

## इंदौर प्रशासन ने की 6 मौतों की पुष्टि

■ भाषा, इंदौर: इंदौर के भागीरथपुरा में प्रशासन ने दूषित पानी पीने की वजह से 6 लोगों की मौत की पुष्टि की है। डीएम शिवम वर्मा ने बताया, 'फिलहाल कुल 203 मरीजों का इलाज जारी है और छह लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, शहर के लोगों ने कहा कि उन्हें नल का पानी पीने में डर लगता है। उन्होंने कहा, सबूत चाहिए कि नल कनेक्शन वाला पानी साफ है, तभी पानी पी सकेंगे।



### संडे स्पेशल



जस्ट जिंदगी — पेज 11
■ अच्छी नींद में छिपा है फिटनेस का राज
स्पेशल स्टोरी — पेज 10
■ ये हैं Gen-Z के फेवरेट सिंगर्स
स्पेशल स्टोरी — पेज 10
■ मोबाइल पर माइक्रो ड्रामा की अलग दुनिया

**हादसा** परिवार में मानसिक तौर पर कमजोर बेटी, 7 साल का बेटा और बुजुर्ग मां

## ब्रेक की जगह रेस दबाई, दिव्यांग को कार ने कुचला, परिवार हुआ बेसहारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मॉडल टाउन** इलाके में एक नौसिखिए ने 31 दिसंबर की रात कार को बैक करते समय ब्रेक की जगह रेस को दबा दिया। कार ने कुर्सी पर बैठे दिव्यांग को कुचल दिया। दिव्यांग कार के नीचे फंसा रह गया। गुरुद्वारा नानक प्याऊ पर हुए हादसे में 45 साल के जसपाल सिंह की मौत हो गई। पुलिस को 1 जनवरी को तड़के 2:30 बजे कॉल मिली थी। जसपाल के परिवार में पत्नी रमनदीप कौर (36) मानसिक बीमार हैं, 14 साल की बेटी भी मानसिक रूप से कमजोर है। एक 7 साल का बेटा और 72 साल की उम्रदराज मां स्वर्ण कौर है। जसपाल घर की गुजर बसर के लिए 12-13 साल से गुरुद्वारे के करीब ईस्टपुर में नौकरी कर रहे थे। जसपाल की मौत से पूरा परिवार बेसहारा रह गया है। ▸▸ पेज 3



जसपाल सिंह



AI Image

### कार में फंसे रह गए थे, आरोपी की हुई पहचान

**हादसे की रात को** जसपाल गुरुद्वारे के पास कुर्सी पर बैठे हुए थे। चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि नीचे फंसे शख्स को देख कार को भगाने के चक्कर में आगे पीछे करने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी कार छोड़कर वहां से भाग गया। पुलिस का कहना है कि सियाज कार ने टक्कर मार दी। कार के मालिक की पहचान नरेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। आगे की जांच जारी है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.3°
8.1° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त रविवार 5:38 | सूर्योदय सोमवार 7:15
सुबह कई जगह कोहरा रहेगा। कहीं-कहीं घने कोहरे की संभावना।



## बांग्लादेश में हमले के बाद हिंदू व्यापारी ने दम तोड़ा


■ भाषा, ढाका: बांग्लादेश में हमले के बाद आग के हवाले किए गए हिंदू व्यापारी खोकोन चंद्र दास (50) की शनिवार को मौत हो गई। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा, 'किसी व्यक्ति या उसके घर को जलाने के लिए पेट्रोल या बारूद का इस्तेमाल करना सिर्फ आपराधिक कृत्य नहीं, एक अशुभ संकेत है। हम कट्टरपंथ के उदय के साक्षी बन रहे है।' खोकोन बीते बुधवार रात अपने घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया था।

**बीते बुधवार को अज्ञात हमलावरों ने किया था हमला**

## CUET-UG 11 मई से, रजिस्ट्रेशन शुरू, 30 जनवरी तक करें आवेदन

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश की विभिन्न यूनिवर्सिटीज में एडमिशन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। कैंडिडेट्स 3 जनवरी से 30 जनवरी तक आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फीस 31 जनवरी रात 11:50 बजे तक जमा कर सकते है। 2025 में 1 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू हुआ था। ऑनलाइन फॉर्म में सुधार (करेक्शन विंडो) 2 से 4 फरवरी तक खुलेगी। CUET-UG परीक्षा 11 से 31 मई के बीच कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में होगी। एक दिन में कई शिफ्ट होंगी। हर पेपर 1 घंटे का होगा, जिसमें 50 अनिवार्य सवाल होंगे। सही जवाब पर 5 अंक और गलत पर 1 अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी। ▸▸ पेज 13



AI Image

### JEE Main: फोटो मैच नहीं? फिर मौका

**इंजिनियरिंग कोर्सेज** में दाखिले के लिए JEE Main 2026 का पहला चरण 21 जनवरी से है। हालांकि, कई कैंडिडेट्स की फोटो आधार (UIDAI) रेकॉर्ड्स से मैच नहीं हो रही है। ऐसे छात्रों को NTA ने 15 जनवरी तक फोटो वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट अपलोड करने का मौका दिया है। परीक्षा केंद्र पर इसका प्रिंट ले जाना जरूरी होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 01-03-2026 22:15 Color:



# Gen-Z ऐसे सिंगर्स के दीवाने जिनके नाम तक नहीं जानते पैरंट्स

**कॉन्सर्ट मे सैकड़ो की संख्या मे उमड़ता यूथ, हाथो मे फेवरेट सिंगर के लिए मेसेज लिखी हुई पेंटिंग, दोस्तो के साथ हर बीट पर थिरकते हुए कहना-वाह, क्या गा रहा है! यह है म्यूजिक लवर Gen-Z की वह दुनिया, जिससे ज्यादातर लोग अनजान है। आखिर यूथ किस तरह का म्यूजिक सुन रहा है, किन सिंगर्स को क्यो पसंद कर रहा है, यही जानने की कोशिश की वरुण आनंद ने**



Photos: Ajay Kumar Gautam

17 साल का विहान आज बहुत खुश है। कई दिनो से वह जिस घड़ी का इंतजार कर रहा था, वह आ गई है। दोपहर तक सोने वाला विहान आज सुबह जल्दी उठ गया और दोस्तो को अपने घर बुला लिया। यहीं से सब गुड़गांव के उस ओपन ग्राउंड मे कॉन्सर्ट के लिए जाएंगे, जिसमे उनका फेवरेट सिंगर परफॉर्म करने वाला है। विहान कहता है, 'अभी तक जिसे केवल यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर देखा-सुना, आज उसे सामने से देखूंगा। आज की शाम यादगार रहने वाली है और इंस्टाग्राम पर काफी समय से कुछ नया पोस्ट भी नहीं किया है।'

## मेनस्ट्रीम का संगीत पुराना

विहान और उसकी पीढ़ी के तमाम म्यूजिक लवर्स के लिए इस तरह के कॉन्सर्ट किसी फेस्टिवल से कम नहीं होते। यहां वे उस जिंदगी को जीते है, जिसे बहुत से लोग जानते तक नहीं। ऐसे ही कॉन्सर्ट के दीवाने कैट की तैयारी कर रहे राघव बताते है, 'मेनस्ट्रीम यानी बॉलीवुड आदि के गाने अब पुराने दौर की बात हो गई है। उनमे कुछ भी नया नहीं। करण औजला, एपी ढिल्लो, तलविंदर, परमिश वर्मा, प्रतीक कुहड़ जैसे सिंगर्स हमारे दिलो के तार छेड़ रहे है। ऐसे कई नाम है जो ट्रेंड मे है और हमारी जेनरेशन को पसंद आ रहे है।'

## वे नाम जो है हॉट फेवरेट

ऊपर बताए नामो के अलावा अनुव जैन, सीधे मौत, बाली, रफ्तार, धनजी, चारदीवारी जैसे कई सिंगर्स का यूट्यूब से शुरू हुआ सफर इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हो गया कि आज इनका म्यूजिक Gen-Z की रग मे बस गया है। हरियाणवी सिंगर्स मे विक्रम सरकार और मासूम शर्मा भी बहुत पसंद किए जा रहे है। विक्रम का गाना 'गैंग चले' और मासूम का 'रात के शिकारी' लंबे समय से Gen-Z के दिल मे बसा हुआ है। सभी सिंगर्स मे एक बात कॉमन है, Gen-Z से उनका कनेक्शन।

## पंजाबी में कोई तलविंदर तो कोई औजला का दीवाना

Gen-Z के पसंदीदा हर सिंगर की अलग खूबी है। कोई औजला को दिनभर सुनता है तो कोई तलविंदर के लिए दीवाना है। तलविंदर के फैन ऋत्विक बताते है, 'पंजाबी गानो मे विडियो का मतलब है पीछे स्पोर्ट्स कार और खूबसूरत मॉडल। लेकिन तलविंदर के गाने हटकर है। तलविंदर का गाना 'तेरे इश्क दा जाम हसीन है, सुबह हसीन मेरी शाम हसीन है...' मुझे इतना पसंद है कि दिन भर सुन सकता हूं। तलविंदर ने आज तक अपना चेहरा नहीं दिखाया। वे चाहते है कि हम उनका चेहरा नहीं, उनकी कला देखें।'

## लिरिक्स, बीट्स या कुछ और ही है वजह

आखिर इन सिंगर्स ने Gen-Z से इतना मजबूत कनेक्शन कैसे बना लिया कि कहीं भी इनका कॉन्सर्ट हो, टिकटो को लेकर मारामारी दिखती ही है? राघव कहते है, 'पहली वजह है इनका म्यूजिक व लिरिक्स और दूसरी ट्रेंड। इनके लिरिक्स से जुड़ाव महसूस करते है। इनके गाने सुनते हुए हमारा माइंड इतना रिलैक्स हो जाता है कि लगता है जैसे हर टेंशन खत्म हो गई। न पढ़ाई की चिंता, न पैरंट्स की टोका-टाकी की। बस फ्रेंड्स के साथ इस पल को एंजॉय कर लो, बाकी सबकुछ भूल कर।' दूसरी वजह ट्रेंड के बारे मे राघव के फ्रेंड रोहित बताते है, 'मुझे लगता है कि लिरिक्स और बीट्स बाद मे आते है, पहले आता है हमे खुद को कूल दिखाने का ट्रेंड। मेरे कई फ्रेंड है, जिन्हे इंग्लिश, पंजाबी ठीक से समझ तक नहीं आती, फिर भी कॉन्सर्ट मे जाते है क्योंकि उनका मकसद इंस्टाग्राम पर स्टोरी स्पैम करना यानी भर-भरकर स्टोरी डालना होता है। साथ ही Gen-Z को अक्सर FOMO यानी Fear of Missing Out का डर सताता है कि अगर वे वहां नहीं गए, तो कहीं कुछ मिस हो जाएगा। खुद को सोसाइटी मे फिट करने के लिए ऐसा करते है। कह सकते है कि हम दिखावे की दुनिया मे रह रहे है। दिखावा करना हमारे लिए बहुत जरूरी है।'



## एक झलक के लिए कुछ भी करेंगे

इन कॉन्सर्ट की टिकटे कुछ हजार से शुरू होकर एक लाख, डेढ़ लाख रुपये या उससे भी ऊपर जाती है। तब भी कॉन्सर्ट हाउस फुल होते है। 18 साल के मोहित कहते है, 'हममे वे भी है जो इतने पैसे खर्च कर सकते है और वे भी जो इतने पैसे नहीं खर्च कर सकते। मेरे कई दोस्त पैरंट्स से जिद करके, पैसे लेकर जाते है। उधार लेते है, क्रेडिट कार्ड पर टिकट लेते है। पसंदीदा सिंगर को देखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते है।'


## रैपर्स के लिए अलग क्रेज

चारदीवारी, सीधे मौत जैसे रैपर्स का कुछ अलग ही क्रेज है। रैप सॉन्ग के दीवाने इनकी लाइनों पर फिदा है। चारदीवारी का मेरा सम्मान कहां है? यह लाइन इंस्टाग्राम पर इतनी ट्रेंड करती है कि कानों मे गूंजती ही रहती है। वहीं, सीधे मौत का मदिरा सॉन्ग इन दिनों छाया हुआ है।

## इन दिनों Gen-Z के पसंदीदा सॉन्ग

**सॉफ्टली:** गल सुन ललारिया वे, आह लोक मेरे दे हसदे...(करण औजला)
**तौबा-तौबा:** हुस्न तेरा तौबा-तौबा, तौबा-तौबा... (करण औजला)
**हसीन:** तेरे इश्क दा जाम हसीन है, सुबह हसीन मेरी शाम हसीन है...(तलविंदर)
**फॉर ए रीजन:** मैनु तेरे ना प्यार जाहा तन-आन... (करण औजला)
**थोड़ी-सी दारू:** थोड़ी-सी दारू मेरे अदर आ गी, भुल्ले लोक, बस याद ए तू... (एपी ढिल्लो)

## सिंगर्स और उनके फेमस सॉन्ग



### चारदीवारी

**मेरा सम्मान कहां है:** दे रहे रात सुबह के, मुझे रखा रखवाल बना के, आ, मेरा सम्मान कहां है? मेरा सामान कहां है?...
**फरेबी:** डाउनटाउन मे लगी आग, सभी भागे (भागे, भागे, भागे), बिल्डिंग से निकले धुआं...
**Jhaag:** आंखे बंद कर सजना, अब कानो मे बक-बक कर न...



### सीधे मौत

**मदिरा:** मै बस देखे जाऊं तेरी राह, ये समय भी थम चुका है, अब ये कविता है तेरे नाम, हम इस मदिरा मे डूबे जाए...
**खड्डा पक्को:** गाजीपुर का खत्ता मेरी पहचान, पहचान मुझे, तेरे जंगल का मै शेर खान...
**रात की रानी:** ये हसीं राते, दिल है जवां, तुम हो कहां?...

### लिफाफा



**निकम्मा:** छोड़ा मैने सपना, तेरे लिए अपना, तू तो नहीं बदला, मुझको है डर, तेरी फिकर...
**जागो:** डूब रहा है ये देश, यहां आज साथ नहीं जुबान, जी लो ये जिंदगी या छोड़ो ये जवानी...
**इरादे:** बातो और इरादो मे हुई हलचल, तेरे लिए होंगे हम, एक सागर...



**आज की मोबाइल जेनरेशन के पास एंटरटेनमेंट के लिए न तो पहले की तरह थिएटर जाने का वक्त है, न ही लंबे-लंबे डेली सोप देखने का धैर्य। इसलिए बिंज वॉचिंग वाली वेब सीरीज के बाद अब वह माइक्रो ड्रामा मे रम चुकी है। इसे Gen-Z के साथ हर जेनरेशन पसंद कर रही है। यही वजह है कि तेज रफ्तार वाले ये एडिक्टिव वर्टिकल शोज अब भारत मे भी धूम मचा रहे है। उपमा सिंह की रिपोर्ट:**

# 2 मिनट का ड्रामा एंटरटेनमेंट है फुल

## दुनियाभर में क्यों धूम मचा रही हैं वर्टिकल माइक्रो ड्रामा सीरीज



Photos: Adobe Stock

एक हैंडसम-सा शख्स किसी होटल मे पहुंचता है और रिसेप्शनिस्ट से टकराता है। लड़की उसकी बाहो मे गिरती है तो वह पूछ बैठता है, 'मेरी एक दिन की बीवी बनोगी?' लड़की अंगूठी दिखाते हुए बताती है कि वह एंगेज्ड है और अपने मंगेतर से ही शादी करेगी। लड़की के पास एक फोन आता है। फोन करने वाली कहती है, 'मैम आपने जैसा कहा था, सर को जॉब दे दी है और सैलरी भी 10 करोड़ रुपये कर दी है।' लड़की खुशी-खुशी अपने मंगेतर को सरप्राइज देने पहुंचती है, मगर वह उस हाई प्रोफाइल इवेंट मे उसे देखकर चिढ़ जाता है। उसकी सरेआम घनघोर बेइज्जती करता है कि तुम जैसी गरीब इतने बड़े इवेंट मे कैसे? गार्ड को बुलाकर निकलवा दूंगा। वहां से जाने के लिए 2 करोड़ रुपयों का चेक काटकर भी दे देता है, बिना यह जाने कि उस लड़की की असली पहचान क्या है? करीब 1.5 मिनट का यह सीन है नए माइक्रो ड्रामा 'बॉस लेडी रिटर्न्स' का। देखने-सुनने मे यह सीन भले ही हवा-हवाई और मेलोड्रमैटिक लगे पर इसे 27 मिलियन यानी 2.7 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके है क्योंकि यह ओवर द टॉप मेलोड्रामा और अविश्वसनीयता ही इन शोज की जान है। ये 1-2 मिनट के छोटे-छोटे वर्टिकल शोज एंटरटेनमेंट जगत मे बड़ा धमाका कर चुके है। बमुश्किल 30 सेकंड से लेकर 2 मिनट की अवधि वाले फटाफट रील सरीखे ये माइक्रो ड्रामा भारत समेत दुनियाभर मे धूम मचा रहे है।

## क्या खास है माइक्रो ड्रामा में?


**25** करोड़ से ज्यादा माइक्रो ड्रामा ऐप्स डाउनलोड हो चुके है भारत मे

**60** से 65 करोड़ भारतीय इंटरनेट यूजर 15 सेकंड से 2 मिनट का शॉर्ट-फॉर्म विडियो देख रहे है

एक जमाना था जब टीवी पर लोग 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'बालिका वधू' जैसे डेली सोप सालों साल देखते थे। फिर OTT की 8-10 एपिसोड वाली वेब-सीरीज का दौर आया। मगर आज लोगों का औसत अटेंशन स्पैन (ध्यान अवधि) लगभग 8.25 सेकंड है, जो एक गोल्डफिश (9 सेकंड) से भी कम है। ऐसे मे लोगो को मनोरंजन भी इंस्टेंट यानी फटाफट चाहिए। माइक्रो ड्रामा मेकर्स लोगो की इसी फटाफट एंटरटेनमेंट वाली जरूरत को पूरा कर रहे है। अमूमन 30 सेकंड से 2 मिनट की अवधि वाले ये शोज वर्टिकल फॉर्मेट मे शूट किए जाते है, ताकि इन्हें देखने के लिए मोबाइल घुमाने की जरूरत न पड़े। इसीलिए, इन्हें वर्टिकल शो भी कहा जाता है। लोगों को बांधे रखने के लिए कहानियां ऐसी चुनी जाती है, जिनमे खूब ड्रामा हो, पल-पल कोई ट्विस्ट या खुलासा हो और आखिर मे ऐसा क्लिफहैंगर हो कि दर्शक अगला एपिसोड देखने जाएं। इस वजह से सोशियल पहचान वाले माइक्रो ड्रामा जैसे बिलेनियर बना फेक बॉयफ्रेंड, फेक बीवी, करोड़पति केकवाला, बिलेनियर पोहावाला जैसे शोज काफी मिलेंगे। 'स्टोरी टीवी' के फाउंडर सौरभ पांडे बताते है, 'लोग आज रील्स और शॉर्ट्स की तरह मोबाइल को वर्टिकली स्क्रोल करके कॉन्टेंट देखना पसंद रहे है। ऐसे मे अगर वर्टिकल व्यूइंग के लिए OTT लेवल की स्टोरी टेलिंग की जाए तो लोग जरूर देखेंगे। इसी सोच के साथ मई-जून मे अपना ऐप लॉन्च किया था, जिसके 100 दिन के भीतर ही ढाई करोड़ से ज्यादा यूजर हो गए। हमारे ऐप पर 350 से ज्यादा माइक्रो ड्रामा लाइव है, जिनमें हिंदी, तमिल और तेलुगु शोज भी है। वर्टिकल व्यूइंग शोज की एक ही शर्त है कि कहानी तेज रफ्तार, ड्रमैटिक होनी चाहिए, जिसे देखने मे मजा आए। प्लॉट ट्विस्ट लगातार आते रहना चाहिए क्योंकि माइक्रो ड्रामा ऑडियंस इसे आम जिंदगी से ब्रेक लेकर देखती है तो गरीब से अमीर, जिसकी पहचान छिपी हो जैसी कहानियां काफी होती है। हमने ऐक्टर जय सोनी के साथ हैकिंग पर हैकर किंग, मौत के बाद की जिंदगी पर चेतन हंसराज के साथ माफिया डॉन बनाया, जो बहुत वायरल हुआ। पवित्र पुनिया के साथ नागिनः खून का कर्ज बनाया, वहीं दुनिया का पहला माइक्रो ड्रामा रिएलिटी शो सच या कलेश लेकर आए।'

## कम लागत में ज्यादा मुनाफे वाला फॉर्मेट

माइक्रो ड्रामा की एक बड़ी खूबी यह भी है कि यह कम लागत मे ज्यादा मुनाफा देने वाला फॉर्मेट है। सीमित बजट मे दो-तीन दिन मे 90 मिनट का शो एक साथ शूट कर लिया जाता है, जिसे 2-2 मिनट मे काटकर दिखाया जाता है। एक अनजानी शादी जैसा वायरल माइक्रो ड्रामा डायरेक्ट करने वाले निर्देशक यतींद्र रावत बताते है, 'आमतौर पर अभी माइक्रो ड्रामा मे ज्यादातर कोरियन और चाइनीज शोज के रीमेक बनाए जा रहे है, जिसमे सब अच्छा और आकर्षक दिखना चाहिए। किरदार से लेकर सिचुएशन तक सब लार्जर दैन लाइफ होता है। इन्हें दो-तीन कैमरों के साथ एक-दो लोकेशन पर शूट किया जाता है। किरदार भी कम होते है तो तीन दिन मे एक माइक्रो ड्रामा तैयार हो जाता है।' इसके अलावा, AI की भी इस फॉर्मेट की कॉस्ट कम करने मे अहम भूमिका है। इसमे वीएफएक्स से लेकर डबिंग का काम एआई से कर लिया जाता है, जिससे ये और काफी किफायती होते है।





## बड़े-बड़े नाम भी माइक्रो ड्रामा की ओर

माइक्रो ड्रामा की ओर चर्चित निर्माता-निर्देशकों के साथ-साथ, टीवी के बड़े सितारों का रुझान तेजी से बढ़ा है। जैसे एकता कपूर से लेकर एमएक्स प्लेयर, जी एंटरटेनमेंट, टीवीएफ जैसे बड़े प्लैटफॉर्म इसमे इन्वेस्ट कर रहे है। जी एंटरटेनमेंट अपना वर्टिकल ऐप बुलेट लेकर आया है, तो एमएक्स प्लेयर एमएक्स फटाफट लॉन्च कर चुका है। वहीं, एकता कपूर के बालाजी ने स्टोरी टीवी के साथ पार्टनरशिप की है। इसी तरह, हितेन तेजवानी, चेतन हंसराज, शरद मल्होत्रा, जैन इमाम, मीरा देवस्थले, अय्यूब खान, पवित्र पुनिया, अविनाश सचदेव, किंशुक महाजन जैसे टीवी के जाने-माने चेहरे लगातार माइक्रो ड्रामा कर रहे है। इस नए मंच पर कदम रखने वाले जाने-माने बॉलिवुड अभिनेता राहुल देव कहते है, 'आज युवा पीढ़ी एक से 2 मिनट की रील देखने मे घंटों बिता देती है। ये वर्टिकल शोज ऐसे ही है, जिन्हे यंगस्टर पसंद कर रहे है क्योंकि सब फोन मे ही बिजी रहते है। आज दर्शकों को थिएटर मे लाना आसान नहीं है, लेकिन फोन मे वे पहले से ही जुड़े है तो वहां उन्हें लाना नहीं है। बस उन्हें मजेदार कॉन्टेंट देना है।'

## ये माइक्रो ड्रामा ऐप मचा रहे हैं धूम

1. **Kuku TV:** कुकू FM का यह माइक्रो ड्रामा ऐप एक साल मे 10 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड हो चुका है। जोरू का गुलाम, तपस्या बनाम टेम्पटेशन, बिलेनियर का सफर, बिलेनियर बॉयफ्रेंड का बदला, माय होमलेस बिलेनियर हस्बैंड, फेक वाइफ जैसे इसके कई शोज वायरल है।
2. **Story TV :** एकता कपूर के बालाजी के साथ पार्टनरशिप करके शुरू हुआ यह माइक्रो-ड्रामा प्लैटफॉर्म तेजी से उभरा है। चेतन हंसराज, पवित्र पुनिया, अविनाश सचदेव, अय्यूब खान जैसे नामी चेहरे इनके शोज मे नजर आए है।
3. **QuickTV :** शेयर चैट का यह प्लैटफॉर्म बाइट-साइज एंटरटेनमेंट और 2 से 5 मिनट के ड्रामा मिनी-सीरीज पर केंद्रित है।
4. **Moj :** यहां छोटे-छोटे ड्रामा, रील और मनोरंजन का कॉन्टेंट बहुत देखा जाता है। Moj पर आमची क्रश, बाई लोग, चेस्ट इन लाइफ, बबू टिक जैसे रोमांटिक, कॉमिडी, हॉरर कॉमिडी शोज मौजूद है।
5. **Flick TV / Bullet / MX Fatafat :** वर्टिकल ड्रामा सेगमेंट मे ये प्लैटफॉर्म भी काफी पॉपुलर है।



## 60-65 करोड़ भारतीय दर्शक रोजाना देख रहे

आंकड़ो के मुताबिक, दुनिया मे माइक्रो ड्रामा का बाजार अभी करीब 7-15 बिलियन डॉलर आंका जा रहा है, जो हर साल तेजी से बढ़ रहा है। चीन मे माइक्रो-ड्रामा का बाजार 2021 के 500 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 मे 7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसके 2030 तक 16.2 बिलियन तक बढ़ने का अनुमान है। वहां माइक्रो ड्रामा का बिजनेस चीन की पूरी फिल्म इंडस्ट्री से आगे निकल चुका है। वहीं, भारत मे भी शॉर्ट-फॉर्म विडियो का मार्केट 3 गुना बढ़ा है। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत मे 60-65 करोड़ इंटरनेट यूजर 15 सेकंड से 2 मिनट का शॉर्ट-फॉर्म विडियो देख रहे है। माइक्रो ड्रामा की बढ़ती मांग का एक बड़ा उदाहरण है कुकू टीवी, जिसका ऐप एक साल के भीतर 10 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड हो चुका है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-03-2026 22:20 Color:



# नींद फिट रहने की हिट एक्सरसाइज़!

इस साल से लें चैन की नींद

**फिट होने के लिए एक तरफ जहां डाइट पर काबू होना चाहिए, वहीं फिजिकल ऐक्टिविटी से भी भाग नहीं सकते। इनके साथ एक और तरीका भी है। यह है हेल्दी स्लीपिंग का। अगर हम अपना लक्ष्य 6-8 घंटे की अच्छी नींद की बना लें और इसे पा लें तो यह भी हमारे शरीर के ज्यादातर सिस्टम के दुरुस्त होने की निशानी है। ...तो फिर क्यों न 2026 को हेल्दी स्लीपिंग ईयर घोषित कर दें। एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती**



आपको यकीन हो या न हो, लेकिन यह सच है कि सिर्फ अच्छी नींद लेने से ही शरीर फिट हो सकता है। कोई शख्स तभी गहरी नींद ले सकता है जब वह मानसिक और शारीरिक तौर पर फिट हो। दरअसल, जिस तरह किडनी हमारे शरीर में खून साफ करके वेस्ट प्रोडक्ट को बाहर निकालने में मदद करती है, वही काम नींद हमारे ब्रेन के लिए करती है। ब्रेन की सफाई अच्छी नींद में होती है। अगर नींद सही से नहीं लेते हैं तो दिमाग में कचरा जमा होने लगता है। इससे अल्जाइमर्स, डिमेंशिया जैसी परेशानी भी हो सकती है।

## गहरी नींद से ही मिलती है फिटनेस की मंज़िल

हर बार नए साल पर इच्छा होती है कि फिजिकल ऐक्टिविटी खूब करेंगे, ब्रिस्क वॉक करेंगे, हर दिन मांसपेशियों को मजबूत करने वाली एक्सरसाइज करेंगे, लेकिन इच्छाशक्ति हर साल कमजोर हो जाती है। अब चूंकि एक्सरसाइज नहीं कर पाते, डाइट भी सही नहीं रख पा रहे हैं, इन सभी की वजह से नींद की क्वॉलिटी भी खराब हो रही है या यों कहें कि अच्छी नींद नहीं आ रही, इसलिए सुबह उठना मुश्किल हो जाता है। दिनभर थकावट बनी रहती है यानी नींद का पैटर्न खराब हो रहा है। स्लीप पैटर्न को सुधार लें।

## कम नींद से पेट भरने वाले हार्मोन नहीं कर पाते काम

हमारे शरीर में दो तरह के कंट्रोल काम करते हैं। एक न्यूरल और दूसरा हार्मोनल। न्यूरल क्विक रिस्पांस के लिए होता है और हार्मोनल कुछ धीमे रिस्पांस के लिए। भूख लगना, पेट भरने का सिग्नल पहुंचना, ये सब हार्मोनल रिस्पांस का हिस्सा है। भूख और पेट भरने में दो तरह के हार्मोन काम करते हैं।





**1. Ghrelin (ग्रेलिन):** इसे भूख बढ़ाने वाला हार्मोन कहा जाता है। जब हम देर रात जगते हैं या फिर नींद पूरी नहीं करते तो यह हार्मोन ज्यादा मात्रा में निकलता है यानी बढ़ जाता है और ज्यादा भूख लगती है। ज्यादा भूख लगने पर हम देर रात भी मंचिंग करते हैं। जंक फूड, मीठा आदि बहुत ज्यादा खाते हैं। आखिरकार यह वजन ही बढ़ाता है।

**2. Leptin (लेप्टिन):** यह पेट भरे होने का सिग्नल देने वाला हार्मोन है। जब हम जगे रहते हैं तो यह हार्मोन कम निकलता है यानी इसकी मात्रा कम हो जाती है। इससे दिमाग को पेट भरने का पता सही वक्त पर नहीं चलता और हम ज्यादा खा लेते हैं। ज्यादा खाना मतलब ज्यादा कैलरी लेना और अपना वजन बढ़ा लेना। क्योंकि कैलरी अंत में फैट में ही बदल कर शरीर में स्टोर होती है।

## कम नींद से मेटाबॉलिज़म भी हो जाता है स्लो

जब हम कम सोते हैं यानी नींद की कमी रहती है तो हमारे शरीर का मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। इससे कैलरी सही तरके से बर्न नहीं होती और कैलरी शरीर में ही स्टोर होने लगती है। यह बेली फैट के रूप में ही ज्यादा होती है।

## स्लीप पैटर्न को समझने से नींद की क्वॉलिटी में सुधार

स्लीप स्टडी को पॉलिसोम्नोग्राफी (Polysomnography) भी कहा जाता है। यह सुविधा कई बड़े अस्पतालों में है और इस स्टडी को घर पर भी किया जाने लगा है। जिन्हें नींद न आने की परेशानी है, उन्हें अस्पताल के ही एक कमरे में अमूमन रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक सुलाया जाता है। उस शख्स की बॉडी पर कई तरह की डिवाइस लगी होती है जिनसे उसकी ब्रेन की ऐक्टिविटी, हार्ट बीट, सांस लेने का पैटर्न, ऑक्सिजन लेवल, मसल्स की ऐक्टिविटी, खर्राटे और सांस रुकना आदि सभी को मॉनिटर किया जाता है।




## सूरज की रोशनी को पहचानती हैं हमारी आंखें

हमारे शरीर को जिस सिस्टम के तहत काम करना होता है, उसमें लाइट की अहम भूमिका होती है। उसे यह पता है कि रात बनी है सोने के लिए और दिन है काम करने या फिर ऐक्टिव रहने के लिए। यह तारतम्यता के साथ होता है और इसी को सर्केडियन रिदम कहते हैं। दूसरे शब्दों में शरीर की कुदरती बॉडी क्लॉक। यह बॉडी क्लॉक यानी शरीर की घड़ी 24 घंटे के चक्र पर आधारित होती है और सोने-जागने के क्रम को काबू में रखती है। ऐसा माना जाता है कि यह रिदम न सिर्फ नींद बल्कि शरीर के तापमान, हार्मोन निकालने, डाइजेशन जैसी चीजों पर भी असर डालता है। हमारे शरीर में सभी बायोलॉजिकल प्रोसेस की एक साइकल चलती है। जब सुबह होती है और रोशनी रेटिना पर महसूस होती है तो रेटिना एक संदेश दिमाग को भेजती है। दिमाग जागने का संकेत देता है। नींद खुल जाती है।

## नींद की क्वॉलिटी पता करने वाली डिवाइस

**स्मार्ट रिंग्स और स्लीप ट्रैकिंग डिवाइस:** ये नींद के पैटर्न को समझने और शरीर में ऑक्सिजन की उपलब्धता यानी सैचुरेशन को पता करने के लिए इस्तेमाल होंगी। इन मशीनों का उपयोग करके पता कर सकते हैं कि किसी शख्स की नींद क्यों खराब हो रही है।
**कीमत:** 2500 रुपये से शुरू

**स्मार्ट तकिये और गद्दे:** ये दोनों ही चीजें सही तरीके से सोने में मदद करती हैं। इनकी मदद से खर्राटों के साथ OSA में भी कुछ राहत मिल जाती है।
**कीमत:** 1500 से 5000 रुपये



## अच्छी और गहरी नींद के लिए आसान उपाय...

- अच्छी और सेहतमंद नींद के लिए जरूरी है कि हम कुदरती प्रक्रिया को अपनाएं। बेड पर जाने पर दिमाग की ऐक्टिविटी जितनी जल्दी कम होगी, हम उतनी जल्दी सो जाएंगे। गहरी नींद का मतलब है 100 डेसिबल साउंड की आवाज होने पर भी नींद न खुले।
- रात 9 से 11 बजे तक सो जाएं और सुबह 5 से 6 बजे तक उठ जाएं।
- सोने से 2-3 घंटे पहले डिनर लें।
- सोने से 30 मिनट से 1 घंटा पहले नो स्क्रीन (न मोबाइल देखना, न टीवी, न लैपटॉप) टाइम का पालन जरूर करना चाहिए।
- शाम 6-7 बजे के बाद चाय या कॉफी न लें। इनमें मौजूद कैफीन नींद को दूर करने का काम करता है। इससे मेलाटोनिन बनने में दिक्कत होती है।
- सोने के कमरे में कम रोशनी या अंधेरा रखें। इससे शरीर सही मात्रा में नींद के लिए जरूरी हार्मोन बना पाता है। एक तरह से सोने का माहौल तैयार कर लें।
- बेड, तकिया आदि को आराम के अनुसार चुनें। कितना मोटा पिल्लो होना इसे आप ही तय करें।
- तकिये की ऊंचाई न बहुत ज्यादा हो और न बहुत कम। आरामदायक स्थिति ही बनाए रखें।
- किस दिशा में सोना है, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।
- पेट के बल सोने से बचना चाहिए। साइड में बेस्ट है, करवट लेकर लेफ्ट या राइट।
- अगर किसी की नींद स्ट्रेस आदि की वजह से डिस्टर्ब हुई हो तो पहले स्ट्रेस को दूर करना जरूरी है। इसके लिए साइकॉलजिस्ट की मदद ली जा सकती है।

## जब स्ट्रेस नींद खराब करे तो...

वैसे तो हर शख्स किसी न किसी वजह से तनाव में होता है। कई बार तनाव जिम्मेदारी निभाने के लिए अहम भी है। पर जब वही तनाव नींद में खलल पैदा करने लगे तो उपाय करें।

- आज के काम को आज ही खत्म करने की कोशिश करें।
- अगर कोई परेशानी है तो उसे ऊपर वाले के पास पार्क कर दें और जब दूसरे दिन उठें तो उनसे फिर से वह परेशानी लेकर उसका हल खोजने की कोशिश करें।
- अपने शौक पालें। संगीत सुनें, गाना गाएं, खेलने जाएं।
- अगर इन उपायों से भी स्ट्रेस कम न हो और नींद आने में परेशानी होती रहे तो किसी क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट या सायकायट्रिस्ट से मिल सकते हैं।

**अगर बैठे-बैठे या खड़े-खड़े सोते हैं:** कुछ लोग मेट्रो में, बसों में सीट पर बैठे-बैठे या फिर खड़े होकर ही नींद की झपकी मारने लगते या सो जाते हैं। अपनी इस आदत को वे कई बार बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं कि हमें तो सोने की कोई फिक्र नहीं, हम तो कहीं भी और कभी भी, किसी भी हाल में सो लेते हैं। इसे सही नहीं कहा जा सकता। नींद रात में पूरी हो, 6 से 8 घंटे की लगातार हो। टुकड़ों की नींद सही नहीं।

## इन सवालों के जवाब ज़रूर पढ़ें



**Q अल्कोहल आदि लेने से अच्छी नींद आती है?**
A कई लोग इस गलतफहमी में जीते हैं कि सोने से पहले अल्कोहल लेने से अच्छी नींद आती है। सच्चाई इससे कोसों दूर है। असल में अल्कोहल नींद भगाने के लिए जिम्मेदार है। दूसरी परेशानी है कि लगातार अल्कोहल से लत लग जाती है।

**Q बेड पर जाने के बाद भी करवटें ही बदलते रहें तो क्या करें?**
A अगर नींद किसी स्ट्रेस की वजह से उड़ गई है और ऐसा अक्सर होता है तो पहले स्ट्रेस दूर करें। अगर ऐसा कभी-कभी हो तो उसके लिए उपाय किए जा सकते हैं। दरअसल, नींद भागने की वजह यह भी है कि हम उसके बारे में सोच-सोचकर परेशान होने लगते हैं। ऐसे में उस शख्स को किताबें पढ़ना, हल्की आवाज में संगीत सुनना जैसे काम करने चाहिए। अगर कमरे में कहीं से रोशनी आ रही हो तो उसे भी बंद कर देना चाहिए।

**Q सपनों की वजह से नींद कब डिस्टर्ब होती है?**
A जब हम नींद में जाते हैं तो ब्रेन की ऐक्टिविटी कम होने लगती है। जब सबसे ज्यादा गहरी नींद में होते हैं तो भी ब्रेन की ऐक्टिविटी जीरो नहीं होती, लेकिन बहुत कम ऐक्टिव रहता है। कई बार हम सपनों में ही ऐक्ट करने लगते हैं, जैसे कुछ बोलना, हाथ-पैर चलाना, कुछ लोगों को स्लीप वॉकिंग यानी नींद में चलने की आदत होती है। अगर कोई शख्स इस तरह की ऐक्टिविटी कर रहा है तो मुमकिन है कि यह समझ लें कि नींद की क्वॉलिटी उतनी अच्छी न हो क्योंकि नींद में भी उसका ब्रेन काफी ऐक्टिव रह रहा है। इससे वह गहरी नींद में जा ही नहीं पा रहा। लेकिन अगर इस तरह की परेशानी या कोई रुकावट नहीं है तो नींद गहरी होगी। सीधे कहें कि नींद में देखे हुए जो सपने नींद खुलने के बाद याद न रहें, वह नींद बेहतर मानी जा सकती है। उठने के बाद फ्रेश महसूस होना चाहिए। ऐसा न लगे कि अभी और सोना है।

**Q खराब नींद मतलब इम्यूनिटी भी कमजोर?**
A दो-तीन दशक पहले तक नींद को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जाता था बल्कि यह माना जाता था कि 'जो सोया सो खोया, जो जागा सो पाया।' लोग यह मानते थे कि हमारी सेहत में, हमें सेहतमंद बनाने में नींद की कोई खास भूमिका नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे स्टडी हुई, नई रिसर्च सामने आई तो यह तय होता गया कि नींद की भूमिका शरीर की लगभग हर गतिविधि में होती है। अच्छी नींद का सकारात्मक असर हमारी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं पर होता है। शरीर की इम्यूनिटी बेहतर होती है।

## इस साल हम यह ज़रूर ठान लें कि...

- हर रात कम से कम 6 से 8 घंटे की हेल्दी नींद लेंगे और जब सुबह उठेंगे तो फ्रेश महसूस करेंगे।
- यह नींद 10 बजे रात तक शुरू कर देंगे और 6 बजे सुबह तक खत्म कर देंगे।
- खुद सोने से कम से कम 1 घंटा पहले मोबाइल यानी स्क्रीन को सुला देंगे।
- अगर ज्यादा फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं भी कर पाए तो भी नींद को डिस्टर्ब नहीं करेंगे।
- अगर डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं भी कर पाए तो भी नींद में खलल पैदा होने नहीं देंगे और गहरी नींद लेंगे।
- नींद पूरी करके न्यूरो और दूसरे सिस्टम को हेल्दी रखेंगे।
- यह समझते हैं कि एक अच्छी नींद का मतलब सेहतमंद शरीर है।

## एक्सपर्ट पैनल



डॉ. विजय हड्डा
डिप. पल्मनरी, क्रिटिकल केयर ऐंड स्लीप मेडिसिन, AIIMS



डॉ. जी. सी. खिलनानी
चेयरमैन, डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी, PSRI



डॉ. दलजीत सिंह
VC एंड हेड, न्यूरो सर्जरी, MAX स्मार्ट



डॉ. रमन कपूर
चेयरमैन, मेडिकल एक्यूपंक्चर, सर गंगाराम हॉस्पिटल



डॉ. आर. पी. पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य




डॉ. नीतू जैन
सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनलॉजी, क्रिटिकल केयर

## अच्छी नींद में ये भी हैं मददगार

### एक्यूपंक्चर से भी नींद की समस्या का समाधान!

सुई चिकित्सा जिसे एक्यूपंक्चर कहते हैं, इसकी अपनी भूमिका है। कई तरह के इलाज में यह सफल है। गहरी नींद लाने के मामले में या स्लीपिंग पैटर्न को दुरुस्त करने में भी इसका अहम रोल है। अहम बात यह कि इसमें कोई दवा नहीं दी जाती, इसलिए इसका साइड इफेक्ट्स भी नहीं है और न ही इसका एडिक्शन होता है। एक्यूपंक्चर में दिनचर्या को याग (Yang) और यिन (Yin) के संतुलन पर आधारित किया है। याग जहां दिन के लिए है, वहीं यिन रात के लिए। एक्यूपंक्चर के अनुसार हर शख्स को अपनी ज्यादातर ऐक्टिविटी याग में ही करनी चाहिए। यह समय होता है शरीर में बनने वाली एनर्जी को यूज करने का। वहीं, यिन होता है शरीर के आराम करने के लिए। दिमाग को सुकून देने के लिए। अगर कोई शख्स रात में जगता है, देर रात खाना खाता है तो स्वाभाविक है कि उसके तमाम सिस्टम को हर वक्त ऐक्टिव रहना पड़ता है।



- एक्यूपंक्चर के अनुसार हमारे शरीर में कुछ अंगों में खास पॉइंट होते हैं, जिन्हें ऐक्टिव करने से नींद की क्वॉलिटी अच्छी हो जाती है। शरीर में ऐसे पॉइंट सिर में, हाथ और पैरों में होते हैं जहां पर सुई चिकित्सा की जाती है।

Photos : Adobe Stock

### आयुर्वेद में नींद लाने के उपाय हैं काफी कारगर

आयुर्वेद में सेहतमंद शरीर के तीन स्तंभ बताए गए हैं- आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य। इनमें निद्रा एक अहम स्तंभ है और अहम बात यह कि ये तीनों आपस में जुड़े हुए हैं। एक-दूसरे पर आश्रित हैं। इसलिए अच्छी नींद लेनी ही चाहिए और इसके लिए जतन भी जरूर करने चाहिए।

#### सोने से पहले



**सर्दियों में:** अगर नहाना मुमकिन न हो तो गुनगुने पानी से चेहरे, पैरों आदि को धो लें। पैरों को 10 मिनट गुनगुने पानी में डुबाकर रखें। पैरों की मांसपेशियों को आराम मिलता है। अच्छी नींद आती है।

**गर्मियों में:** गर्मियों और बरसात में रात को सोने से पहले सामान्य पानी से नहाना ही चाहिए। इससे ताजगी महसूस होती है।

**शवासन:** अगर नींद की परेशानी हो तो शवासन बहुत फायदा पहुंचा सकता है। अपने शरीर को पैरों से ढीला करते हुए एक-एक अंग करके सिर तक पहुंचना है। पूरे शरीर की मांसपेशियां आराम की मुद्रा में पहुंच जाती हैं। शुरुआती दिनों में शवासन की मुद्रा में 15 मिनट तक रहना चाहिए।

**मेडिटेशन:** हर रात सोने से पहले 5 से 10 मिनट का मेडिटेशन कर सकते हैं। यह मन को शांत करने में अहम भूमिका निभाता है। अगर किसी को नींद की समस्या न हो तो भी इससे फायदा है।

### घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं अच्छी नींद के लिए

**जायफल:** गाय के दूध में एक चुटकी जायफल या खसखस मिलाकर लेने से नींद में फायदा होता है।

**तेल वाली रुई से फायदा:** सिर पर ब्राह्मी आंवला या नारियल तेल को रुई (पैर के तलवों के साइज) में डुबोकर सिर के ऊपरी हिस्से में स्कार्फ या मफलर की मदद से बांधकर रखने से मन रिलैक्स होता है।



**सिर की मालिश:** यह तन और मन के बीच ऊर्जा का संतुलन बनाता है। शरीर के तापमान पर काबू रखता है और शरीर में खून व दूसरे द्रवों के बहाव में सुधार करता है। इस तरह हर दिन मालिश करने से मानसिक शांति बनी रहती है। इससे तनाव दूर होता है और रात में गहरी नींद आती है। मालिश हल्के हाथों से करनी चाहिए।

- **अजवाइन की प्रकृति** ही नींद लाने वाली है। अगर कोई शख्स पित्त प्रकृति का है तो वह 250 मिली ग्राम (आधा चुटकी), वात और कफ प्रकृति वाले 1 चुटकी अजवाइन पानी के साथ सोने से पहले निगल लें तो फायदा होता है।
- खाने में **गाय का घी** एक चम्मच लेने से भी नींद में फायदा पहुंचता है। वहीं श्रीखंड (दही का बना होता है) या दही आधी कटोरी लेनी चाहिए।


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-03-2026 21:57 Color:



हमारे शरीर का तापमान हर मौसम में नियत यानी फिक्स रहता है। करीब 37-38 डिग्री सेल्सियस यानी 97-98 डिग्री फारेनहाइट। ऐसे में जब सर्दियों में बाहर का तापमान कम होकर 5, 10, 15, 18 डिग्री सेल्सियस होने लगता है तो शरीर को भीतर से गर्म रखने के लिए अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ती है। अगर सही डाइट न मिले, रहन-सहन सही न हो तो शरीर के अंदर परेशानी होने लगती है। इसलिए सर्द मौसम में कुछ खास तरह के हेल्दी लड्डू खाने का चलन हमारी संस्कृति में है। ये लड्डू स्वभाव से हेल्दी हैं, लेकिन जब इन पर बहुत ज्यादा स्वादिष्ट होने का दबाव बनाया जाता है तो सेहत के लिहाज से ये बेहतर नहीं रह पाते। इसलिए यह जरूरी है कि हम कुछ बातों का ध्यान रखें, ताकि ये स्वादिष्ट के साथ सेहतमंद भी हों। सीनियर डाइटिशन नीलांजना सिंह कहती हैं, 'आजकल भुना पोहा और मुरमुरे के लड्डू गुड़ के साथ बनाए जाते हैं। इनमें थोड़ी मात्रा में बादाम, सत्तू मिला दें तो प्रोटीन भी मिलेगा। जिन्हें मीठा न खाना हो वे कुदरती तौर पर मिठास पैदा करने वाले खजूर, किशमिश आदि मिला सकते हैं।'

# Fully Loaded लड्डू

लड्डू का जिक्र आते ही मुंह में पानी आने लगता है। वहीं, सर्दियों में खास तरह के लड्डू खाने का खूब मन भी करता है- तिल, मेथी, गोंद के और भी कई दूसरे। ये हेल्दी होते हैं, लेकिन कुछ बातों का ध्यान न रखने की वजह से नुकसान भी पहुंचा देते हैं। बनाने और खाने में क्या होती हैं गलतियां? किन्हें है ध्यान रखने की ज़रूरत? बता रहे हैं **लोकेश के. भारती**



"हम पहले स्वाद को प्राथमिकता देते हैं और सेहत को बाद में। इसलिए जब भी लड्डू तैयार करें, यह ध्यान रखें कि इन्हें शरीर को हेल्दी बनाने के लिए खा रहे हैं, स्वाद बाद में।"
–संजीव कपूर, देश के जाने-माने शेफ



"लिवर और किडनी के गंभीर मामलों में कई फूड आइटम्स को खाने की मनाही होती है। दरअसल, मरीज का पाचन आदि डिस्टर्ब होता है। डॉक्टर के हिसाब से ही डाइट प्लान करें।"
–डॉ. अशोक चौधरी, अडि. प्रोफेसर, ILBS



## तिल के लड्डू

इंग्लिश में इसे Sesame Seeds कहते हैं। तिल की अहमियत को बताने के लिए हर साल 14 या 15 जनवरी को मकर संक्रांति या तिल संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुड़ के साथ तिल के लड्डू खाए जाते हैं। तिल दो तरह के होते हैं, काले और सफेद। ये दोनों शरीर में टेस्टोस्टेरोन के स्तर को बनाकर रखने में मददगार होते हैं। वहीं, ये शुगर पेशंट के लिए फायदेमंद हैं। कैल्शियम की मौजूदगी की वजह से ये हड्डियों के लिए भी अहम हैं। इन्हें कैंसर रोधी भी माना गया है। ये लिवर के साथ शरीर की इम्यूनिटी को भी मजबूत करने में मददगार हैं। इन्हें अच्छी तरह से पानी में भिगोकर ही खाना चाहिए। तिल के लड्डू अक्सर गुड़ के साथ ही बनाए जाते हैं। इसके अलावा स्मूदी के साथ खा सकते हैं। कई बार इन्हें कम भूना जाता है या फिर जल जाने तक भूना जाता है। ये दोनों ही स्थितियां सही नहीं हैं। धीमी आंच पर भूनना सही है। जब हल्की खुशबू आने लगे, तब उतारें।

### कौन कम खाए या न खाए

- लिवर और किडनी के गंभीर मरीज न खाएं।
- जिन्हें लो बीपी की परेशानी हो, क्योंकि यह बीपी लो कर सकता है।
- गुड़ वाले तिल के लड्डू को शुगर मरीज कम खाएं या न खाएं।
- कुछ गंभीर मामलों में लिवर के मरीजों को इसलिए भी मना किया जाता है क्योंकि खून का थक्का जमने का खतरा रहता है।
- अगर पचाने में परेशानी हो तो भी इसे खाने से बचना चाहिए।

## क्या होती हैं कॉमन गलतियां

- लड्डू को बाइंड यानी बांधने के लिए बहुत ज्यादा मात्रा में घी का इस्तेमाल किया जाता है। इससे यह हाई कैलरी फूड हो जाता है।
- चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करके यह समझ लेना कि लड्डू हेल्दी हो चुका है। इसलिए डायबीटीज वाले भी खा सकते हैं।
- शुगर बेकाबू होने की स्थिति में भी इन मीठे लड्डुओं को खा लेना।
- लिवर और किडनी के गंभीर मरीज अपने डॉक्टर या डायटिशन से पूछे बिना इन लड्डुओं का सेवन करते हैं।
- लोग इसे स्नैक समझते हैं, जबकि यह एक तरह से सर्दी की दवा है, शरीर को गर्म रखने की। इसे दवा के रूप में ही खाएं।
- घर में भी इन्हें तैयार करने में दूध के इस्तेमाल से बचते हैं। दरअसल, दूध मिलाने से ऐसे लड्डुओं की लाइफ कुछ दिनों की ही रहती है जबकि घी वाले की लाइफ काफी होती है। लेकिन यह भी सच है कि दूध वाले लड्डू घी की तुलना में कम कैलरी वाले होते हैं। साथ ही अलग से मीठा डालने की जरूरत भी इनमें कम होती है। हां, अगर लैक्टोज इंटॉलरेंस है तब बचना चाहिए।



## मेथी के लड्डू

मेथी शुगर के मरीजों के लिए और खून साफ करने के लिए बेहद खास है। यह ध्यान रहे कि लड्डुओं का साइज छोटा हो। 20-30 ग्राम तक के हों तो बेहतर है। मेथी दानों को रातभर पानी में भिगोकर, फिर हल्की आंच पर भून कर ही बनाना चाहिए। मेथी दानों को ठीक से न भिगोना या न भूनना गलत है।

### कौन कम खाए या न खाए

मेथी की तासीर गर्म होती है। ज्यादा मात्रा में लेने पर गैस, एसिडिटी, लो ब्लड शुगर (खासकर डायबीटीज वालों में) की परेशानी हो सकती है।

- अगर बहुत ज्यादा एसिडिटी, गैस और ब्लोटिंग की परेशानी हो तो इसे खाने से बचें।
- प्रेग्नेंट लेडी, खून पतला करने वाली दवा लेने और हार्मोन की परेशानी वाले लोगों को बचना चाहिए।



## अलसी के लड्डू

अलसी को तीसी भी कहते हैं। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड्स का बेहतरीन सोर्स है। हार्ट के लिए बढ़िया, खासकर जो नॉनवेज नहीं खाते उनके लिए। इसमें फॉस्फोरस की मात्रा ज्यादा होती है। अलसी को ठीक से न भिगोना या न भूनना सही नहीं। इसे रातभर पानी में भिगोकर, फिर हल्की आंच पर भून कर ही बनाना चाहिए।

### कौन कम खाए या न खाए

- किडनी के मरीज (CKD) में ज्यादा फॉस्फोरस नुकसान करता है।
- जब शरीर में फॉस्फोरस की मात्रा लिमिट से ज्यादा हो जाती है तो हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा कम होने लगती है, इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं।



## ड्राई फ्रूट्स के लड्डू

ये हेल्दी हैं, लेकिन काफी हेवी होते हैं। अक्सर लोग सोचते हैं कि ड्राई फ्रूट्स हैं। इसमें बादाम, अखरोट, किशमिश, काजू सब कुछ डाला है। इसलिए जितना खाएंगे, उतना फायदेमंद है। यह सोचना गलत है। यह वजन को बढ़ा सकता है। इसलिए थोड़ी मात्रा में खजूर, अंजीर और कुछ मात्रा में पंपकिन सीड्स, फ्लैक्स सीड्स आदि को मिलाना भी जरूरी है।

### कौन कम खाए या न खाए

- अगर वेटलॉस में लगे हुए हैं तो कम खाएं या फिर न खाएं।
- अगर कलेस्ट्रॉल की स्थिति गंभीर है या फिर इन चीजों को पचाने में समस्या हो तो भी खाने से बचना चाहिए।



## गोंद के लड्डू

गोंद की तासीर बेहद गर्म होती है। कई बार जरूरत से ज्यादा लेने पर मुंह में छाले भी हो जाते हैं। यह शरीर को गर्म रखने की एक तरह की दवा है। इस लड्डू को बनाने में गोंद, घी, गेहूं का आटा आदि का उपयोग किया जाता है। महिलाओं को डिलीवरी होने के बाद इस लड्डू को दिया जाता है। बहुत सर्द इलाकों में इसका खूब उपयोग होता है। यह जोइंट्स के लिए भी खास है। गोंद के लड्डू को बनाने में घी का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। फैट और कैलरी की मात्रा बहुत ज्यादा हो जाती है।

### कौन कम खाए

- जिनके लिए हेवी फूड पचाना मुश्किल होता है।
- लिवर के मरीज (फैटी लिवर-2, फैटी लिवर-3, सिरोसिस वाले) बहुत कम या न ही खाएं।
- किडनी के मरीज, शुगर, हाई बीपी वाले भी खाने से बचें।



# खतरनाक ट्रेंड... रील में बच्चों की नुमाइश

नए साल की शुरुआत होते ही लोग कई तरह के संकल्प लेते हैं। कोई फिट रहने का तो कोई खर्च कम करने का, लेकिन इन तमाम संकल्पों के बीच एक ज़रूरी बदलाव ऐसा भी है, जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा और वह है अपने बच्चों को सोशल मीडिया पर कॉन्टेंट की तरह इस्तेमाल न करने का फैसला। आज छोटे-छोटे बच्चों की कुछ सेकंड की रील हंसी की वजह तो बनती है, लेकिन इसका कितना बुरा असर बच्चों पर पड़ रहा है, यह शायद ही पैरंट्स समझ रहे हों। एक्सपर्ट्स से बात कर इस गलत ट्रेंड के खतरों के बारे में बता रहे हैं **वरुण आनंद**


45 साल की मधु सोशल मीडिया पर एक रील देख रही है, जिसमें एक मां अपने करीब 3 साल के बच्चे को डांट कर पूछती है कि क्या फिर से गाली देगा? वह न, न करता है और मां से थोड़ी दूर चला जाता है। थोड़ी दूर जाकर वह फिर से गाली देता है। इस पर पीछे कोरस में हंसी की आवाज आती है और रील में दिख रही मां अपनी हंसी नहीं छुपा पाती। मधु मन ही मन सोचती है कि कैसी मां है जो रील बनाने के चक्कर में बच्चे को इस तरह से परोस रही है। दरअसल, आज यह ट्रेंड ऐसी रफ्तार पकड़ रहा है कि बच्चों से उनका बचपन और पैरंट्स से बच्चों की केयर करने की उनकी जिम्मेदारी तक छीन रहा है।




AI Image

### फेमस होने, पैसों की होड़

शुरुआत में लोगों ने अपनी तरह-तरह की रील पोस्ट करनी शुरू की। कभी पति-पत्नी, कभी सास-बहू तो कभी कोई और कैरेक्टर। फिर धीरे-धीरे बच्चों के फनी मोमेंट शेयर करने लगे। जब देखा कि ऐसी चीजें पसंद की जा रही हैं तो नए कॉन्टेंट की तलाश में बच्चों का इस्तेमाल शुरू हो गया। CBSE नैशनल अवॉर्डी प्रिंसिपल ऋचा सूद कहती हैं कि आज फेमस होने और पैसा कमाने की ऐसी होड़ मच गई है कि लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। बच्चों को इससे कितना नुकसान हो रहा है, इसकी परवाह ऐसी रील बना रहे पैरंट्स को नहीं है। वे तो इस ट्रेंड में गलत को भी सही साबित करने में लगे हुए हैं।



### सेफ्टी और प्राइवेसी खतरे में

एक बार विडियो पोस्ट हो जाने के बाद उस पर पैरंट्स का कंट्रोल खत्म हो जाता है। कौन उसे डाउनलोड करेगा, कहां शेयर करेगा, किस मकसद से इस्तेमाल करेगा, यह सब किसी के हाथ में नहीं रहता। ऋचा सूद कहती हैं कि AI के जमाने में किसी के चेहरे और आवाज का किस तरह फेक विडियो में इस्तेमाल किया जा रहा है, यह हम देख रहे हैं। ऐसे में ऐसे वीडियो पोस्ट कर बच्चों की सेफ्टी और प्राइवेसी को खुद ही खतरे में डाल रहे हैं। पैरंट्स अभी इस बारे में सोच ही नहीं रहे हैं कि इससे कितना नुकसान हो सकता है। अभी बस वे इस लालच में इस ट्रेंड में दौड़े जा रहे हैं कि किसी तरह से पॉपुलर हो जाएं।



### सबके बस की बात नहीं

रील वायरल कर पैसा कमाना और पॉपुलर होना आसान नहीं है। ये तब वायरल होती हैं जब लगातार लंबे समय तक अच्छे कॉन्टेंट को पोस्ट किया जाए। इसमें कई महीनों से लेकर बरसों तक लग सकते हैं। इसलिए कई पैरंट्स अक्सर इसे बीच में ही छोड़ देते हैं, लेकिन तब तक वे अपने बच्चे की लाइफ पब्लिक कर चुके होते हैं।

## नुकसान: सोशल मीडिया का भी प्रेशर

**जल्दी मैच्योर:** ऐसे विडियो की वजह से बच्चे जल्दी मैच्योर हो रहे हैं। जो बातें उनके दिमाग को 12-14 साल की उम्र में सीखनी चाहिए, वे बातें 5-6 साल की उम्र में सीख रहे हैं। उनका दिमाग इतनी कम उम्र में उन बातों को समझने के लिए तैयार ही नहीं होता, जिन्हें वे अब मजबूरी में सीख रहे हैं।

**मानसिक दबाव:** बच्चे पढ़ाई से ज्यादा सोशल मीडिया का मेंटल प्रेशर झेलने लगे हैं। ऋचा कहती हैं कि क्लास 4 की एक बच्ची मुझसे बोली कि मैम फेसबुक पर मेरी पोस्ट को ज्यादा लाइक नहीं मिल रहे, क्या करूं? इसी से अंदाजा लगाइए कि बच्चों पर सोशल मीडिया का कितना प्रेशर है।

**खो रहा बचपन:** कुछ समय पहले तक फ्रेंड्स के साथ आउटडोर ऐक्टिविटीज, गेम्स इतने ज्यादा होते थे कि बच्चे मेंटली और फिजिकली दोनों तरह से फिट रहते थे। रील का ट्रेंड बच्चों से उनका बचपन छीन रहा है। बाद में पैरंट्स ही परेशान होते हैं, जब बच्चा डिप्रेशन, एंग्जाइटी में दिखता है।

**कल के लिए बोझ:** रील की दुनिया का सच यही है कि जो आज वायरल है, वही कल बच्चे के लिए बोझ बन सकता है। बच्चा जब बड़ा होगा, स्कूल जाएगा, दोस्तों के बीच बैठेगा, तब वही विडियो उसे बार-बार दिखाया जाएगा। यह मजाक, ताने और साइबर बुलिंग की वजह भी बन सकता है।

## बच्चे को कॉन्टेंट नहीं, बच्चा समझें

सीनियर सायकायट्रिस्ट डॉ. समीर पारिख कहते हैं कि आज के समय में मीडिया लिटरेसी होना जरूरी है। पैरंट्स को यह पता होना चाहिए कि सोशल मीडिया पर एक बार कुछ गया तो वह हमेशा कहीं न कहीं रहता है। इंटरनेट एक पब्लिक प्लेटफॉर्म है। यहां कौन आपकी पोस्ट को देख रहा है यह आप नहीं जानते। अगर आज कुछ ऐसा शेयर करें जो कुछ बरसों बाद बच्चे को ही न पसंद आए तो उसकी मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ेगा, यह पैरंट्स को समझना चाहिए। बच्चे को कॉन्टेंट नहीं, बच्चा समझें। बच्चों की सेफ्टी और उनके अधिकार के नजरिए से भी पैरंट्स का ऐसी रील बनाना गलत है।

**बच्चे हो रहे कंफ्यूज** | आज हालात ऐसे हैं कि कई बच्चे कैमरे के सामने ही बड़े हो रहे हैं। रोने पर कैमरा ऑन, गुस्सा करने पर कैमरा ऑन, कोई शब्द गलत निकल जाए तो भी कैमरा ऑन। बच्चे को यह तक समझ नहीं आता कि वह कोई निजी पल जी रहा है या किसी विडियो का हिस्सा बन चुका है।



"पैरंट्स को समझना होगा कि यह ट्रेंड बच्चों के लिए कितना खतरनाक है। यह उन्हें लाइक, कमेंट के मानसिक दबाव और रील वायरल न होने पर डिप्रेशन, एंग्जाइटी का शिकार बना सकता है।"
–ऋचा सूद, CBSE नैशनल अवॉर्डी प्रिंसिपल



"बच्चे अभी तक सिर्फ पढ़ाई में तुलना करने से परेशान थे। अब सोशल मीडिया पर किसकी पोस्ट बेहतर, किसका पेज ज्यादा पॉपुलर, अगर यह तुलना शुरू कर देंगे तो परेशानी और बढ़ जाएगी।"
–डॉ. समीर पारिख, सीनियर सायकायट्रिस्ट

### रील पोस्ट करने से पहले पैरंट्स खुद से पूछें...


- क्या बच्चा अभी समझ भी पा रहा है कि यह विडियो कहां-कहां जाएगा, कौन-कौन देखेगा?
- क्या वह सच में इसके लिए तैयार है?
- क्या बच्चे को स्कूल में उसके फ्रेंड इस विडियो की वजह से चिढ़ाएंगे?
- क्या यह विडियो 10 साल बाद भी ठीक लगेगा, उस वक्त बच्चे को यह विडियो कैसा लगेगा?
- क्या यह पल सिर्फ परिवार के लिए था या पूरी दुनिया के लिए?

### ...और जब लग जाती है फोन की लत



जब वही बच्चा थोड़ा बड़ा होकर फोन की लत में फंस जाता है, तो सबसे ज्यादा चिंता पैरंट्स को ही होती है। वे कहते हैं कि बच्चा पढ़ाई में मन नहीं लगाता, हर वक्त स्क्रीन पर लगा रहता है। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि स्क्रीन से रिश्ता उन्होंने ही बहुत जल्दी जोड़ दिया था। बचपन से ही जब कैमरा और फोन बच्चे की जिंदगी का हिस्सा बन जाता है, तो उससे दूरी बनाना आसान नहीं होता।

### एक तरफ ऑस्ट्रेलिया, दूसरी तरफ हम



हाल में ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट रखने या बनाने पर रोक लगा दी गई। वहीं, दूसरी तरफ हमारे देश में बच्चों की रील का ट्रेंड जोरों पर है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि जब फिल्मों और टीवी पर बच्चों से काम कराने के लिए नियम हैं, तो सोशल मीडिया के लिए क्यों नहीं?

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

**1** वेनेजुएला की राजधानी का नाम क्या है??
A. कराकास B. सैंट टियागो C. बारबाडोस

**2** बांग्लादेशी प्लेयर मुस्ताफिजुर रहमान को IPL की किस फ्रेंचाइजी ने रिलीज किया है?
A. DC B. MI C. KKR

**3** तृणमूल कांग्रेस की कौन-सी नेता कांग्रेस में शामिल हुईं?
A. काकोली घोष दस्तीदार B. मौसम नूर C. महुआ मोइत्रा

**4** किस राज्य ने निकाय चुनावों में दो बच्चों वाले नियम पर बिल पास किया है?
A. कर्नाटक B. गोवा C. तेलंगाना

**5** बुजुर्गों के लिए डोरस्टेप हेल्थ सर्विस की घोषणा कहां हुई है?
A. उत्तराखंड B. बिहार C. त्रिपुरा

**कल के जवाब**
A1 A. रियल A2 C. श्रीलंका
A3 A. निकोबार A4 B. लाउडी
A5 C. xAI

**लकी विनर्स**



1. बिंदु महावर, रोहिणी, दिल्ली
2. किरण पांडे, दिल्ली
3. वारिस अली खान, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# CUET-UG 2026: इस बार 2 महीने पहले शुरू हुआ प्रोसेस

## एग्ज़ाम पैटर्न में बदलाव नहीं, 11 से 31 मई तक होगा एग्जाम

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

File Photo



■ नई दिल्ली: कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट यानी CUET-UG 2026 के लिए इस बार रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पहले के मुकाबले दो महीने जल्दी ही शुरू कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन 3 जनवरी से 30 जनवरी तक किए जा सकते हैं। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने स्टूडेंट्स को आवेदन के लिए पूरा एक महीना दिया है। फीस का पेमेंट क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या यूपीआई के जरिए किया जा सकता है। पिछले साल 2025 में ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च से शुरू हुए थे।

**एक घंटे का होगा पेपर, 50 क्वेश्चन होंगे- सभी कंपलसरी**

NTA के एक सीनियर अधिकारी के मुताबिक मार्च में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाती हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स से फीडबैक मिला था कि बोर्ड एग्जाम के दौरान आवेदन करने में दिक्कत होती है। जनवरी में रजिस्ट्रेशन शुरू होने से स्टूडेंट्स को सोच-समझकर फॉर्म भरने और विशेषज्ञों से सलाह लेने का ज्यादा वक्त मिलेगा। NTA ने साफ किया है कि CUET-UG 2026 का स्कोर सिर्फ 2026-27 शैक्षणिक सत्र के एडमिशन के लिए ही मान्य रहेगा।

**क्या है पूरा शेड्यूल:** CUET-UG 2026 के लिए 30 जनवरी तक cuet.nta.nic.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एंट्रेंस टेस्ट की फीस 31 जनवरी रात 11:50 बजे तक जमा की जा सकती है। ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म में करेक्शन विंडो 2 फरवरी से 4 फरवरी तक खुली रहेगी। परीक्षा 11 मई से 31 मई के बीच होगी। एक दिन में कई शिफ्ट में एग्जाम कराया जाएगा। एक स्टूडेंट सिर्फ एक ही फॉर्म भर सकता है। अभी रिजल्ट की तारीख घोषित नहीं की गई है।

**कितनी यूनिवर्सिटी में मिलेगा एडमिशन:** CUET-UG 2026 के स्कोर के आधार पर केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और प्राइवेट सभी तरह की यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिलेगा। कुल 200 से ज्यादा यूनिवर्सिटी इसमें शामिल हो सकती हैं। अभी तक 185 यूनिवर्सिटी की लिस्ट फाइनल हो चुकी है और आगे यह संख्या बढ़ सकती है। NTA की वेबसाइट पर जारी लिस्ट के मुताबिक इनमें 48 सेंट्रल, 33 स्टेट, 23 डीम्ड, 76 प्राइवेट यूनिवर्सिटी और 5 अन्य संस्थान शामिल हैं।

**रिजल्ट जल्दी आने की उम्मीद**

CUET-UG 2025 का रिजल्ट 4 जुलाई को आया था। इसके बाद कई यूनिवर्सिटी ने मांग की थी कि रिजल्ट जल्दी घोषित किया जाए ताकि नया सेशन समय पर शुरू हो सके। दिल्ली यूनिवर्सिटी समेत कई यूनिवर्सिटी 15 जुलाई से सेशन शुरू करना चाहती थीं लेकिन सेशन 1 अगस्त से शुरू हो पाया। इस बार रिजल्ट थोड़ा पहले आने की उम्मीद है। इसको लेकर NTA ने यूजीसी और यूनिवर्सिटी अधिकारियों के साथ बैठक भी की है।

NBT EXPLAINER

**कितनी एग्जाम सिटी चुन सकते हैं स्टूडेंट:** इस बार स्टूडेंट आवेदन के समय अधिकतम 4 एग्जाम सिटी चुन सकते हैं। NTA का कहना है कि स्टूडेंट अपने मौजूदा और स्थायी पते के आधार पर सिटी चुनें। कोशिश की जाएगी कि स्टूडेंट्स की पसंद के अनुसार ही एग्जाम सिटी अलॉट हो। परीक्षा भारत के 306 शहरों और विदेश के 15 शहरों में होगी। भारत के बाहर कुवैत, मस्कट, दोहा, रियाद, सिंगापुर, दुबई, अबू धाबी और वॉशिंगटन में भी एग्जाम सेंटर होंगे।

**कितने स्टूडेंट करते हैं आवेदन:** CUET-UG 2024 में करीब 13.47 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 2025 में यह संख्या बढ़कर लगभग 13.55 लाख हो गई थी। 2026 में यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। इस बार 300 से ज्यादा एग्जाम सिटी में परीक्षा कराई जाएगी। कुल 325 से 350 यूनिक क्वेश्चन पेपर होंगे और कुल पेपर की संख्या 1000 से ज्यादा रहेगी। आमतौर पर परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स का प्रतिशत करीब 80 फीसदी रहता है।

### कैसा होगा एग्जाम का पैटर्न ?

2026 का एग्जाम पैटर्न लगभग 2025 जैसा ही रहेगा। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में होगी। हर पेपर एक घंटे का होगा और हर पेपर में 50 सवाल पूछे जाएंगे। सभी सवाल कंपलसरी होंगे। सही जवाब पर 5 नंबर मिलेंगे जबकि गलत जवाब देने पर 1 नंबर काटा जाएगा। सवालों का पैटर्न एमसीक्यू होगा। इससे पहले स्टूडेंट को ज्यादा सब्जेक्ट चुनने का विकल्प मिलता था। 2024 में 6 सब्जेक्ट, 2023 में 10 और 2022 में 9 सब्जेक्टों का विकल्प दिया गया था। 2025 में इसे घटाकर 5 किया गया और 2026 में भी स्टूडेंट सिर्फ 5 सब्जेक्टों की परीक्षा दे सकेंगे। स्टूडेंट्स को 23 डोमेन सब्जेक्ट, 13 लैंग्वेज और 1 जनरल ऐप्टीट्यूड टेस्ट में से कुल 5 सब्जेक्ट चुनने होंगे। अगर किसी स्टूडेंट ने 12वीं में कोई सब्जेक्ट नहीं पढ़ा है, तब भी वह उस सब्जेक्ट को चुन सकता है लेकिन उससे पहले यह देखना जरूरी है कि संबंधित यूनिवर्सिटी और कोर्स की शर्तें क्या हैं? डोमेन सब्जेक्ट का सिलेबस एनसीईआरटी पर आधारित होगा।

## सवाल मन का

# 15 साल के रिश्ते में बार-बार धोखा मिलने से टूट चुका हूं, क्या करूं?



शरीर की बीमारी के लिए तो हम डॉक्टर के पास चले जाते हैं लेकिन मन की परेशानी के लिए मन के डॉक्टर या साइकॉलजिस्ट के पास जाने में झिझक होती है। इसलिए संडे एनबीटी के इस कॉलम में रीडर्स खुलकर अपने मन की उलझनों के बारे में सवाल पूछ सकते हैं। जाने-माने एक्सपर्ट्स उनका जवाब देंगे। आज आपके सवालों के जवाब दे रहे हैं प्रफेसर साइकायट्री, IHBAS **डॉ. ओम प्रकाश**

■ **15 साल के रिश्ते और शादी में बार-बार धोखा और अलगाव झेलने से मैं मानसिक रूप से बेहद परेशान और टूट चुका हूं। इस हालात में मैं अपनी मेंटल हेल्थ को कैसे बेहतर करूं और जिंदगी में दोबारा शांति व संतुलन कैसे हासिल करूं? -एक पाठक**

लंबे समय के रिश्ते और शादी में बार-बार धोखा और भावनात्मक अस्थिरता झेलना किसी भी शख्स के लिए गंभीर मानसिक आघात होता है। ऐसे एक्सपीरियंस आत्मसम्मान, भरोसे और जिंदगी की स्थिरता को गहराई से प्रभावित करते हैं। ऐसे हालात में उदासी, गुस्सा, निराशा, खालीपन और मानसिक थकान महसूस होना स्वाभाविक है। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि आपका दर्द असली है और इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। बार-बार इमोशनल चोट लगने से मन लगातार तनाव में रहता है, जिसका असर नींद, भूख, काम करने की क्षमता और रिश्तों पर पड़ता है। ऐसे मामलों में कई बार शख्स खुद को दोष देने लगता है जबकि दूसरे के व्यवहार की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेना सही नहीं है। मानसिक स्थिति को बेहतर करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी भावनाओं को दबाएं नहीं। किसी भरोसेमंद शख्स से बात करें। आपके मन में क्या चल रहा है उसे साफ-साफ बताएं। साथ ही अपने लिए लिमिट तय करना सीखें। यह स्वीकार करना भी बहुत जरूरी हो जाता है कि हर रिश्ता निभाना आपकी अकेली जिम्मेदारी नहीं होती। अगर लंबे समय से मन में बेचैनी, जीवन से दूरी बनी हुई है, कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा है तो साइकॉलजिस्ट या साइकायट्रिस्ट से सलाह लेना बेहद जरूरी है। काउंसलिंग से अपने अनुभवों को समझने, उनसे उबरने और खुद को दोबारा मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही जरूरत होने पर दवा भी ली जा सकती है, लेकिन इसे डॉक्टर की सलाह पर ही लें। ध्यान रखें कि कोई भी दर्द ऐसा नहीं, जिससे उबरा न जा सके।

■ **मैं बहुत ही ज्यादा इमोशनल लड़का हूं। छोटी-छोटी बातों को दिल से लगा लेता हूं। कई बातें एक बार मन में घुस जाएं तो निकलती नहीं हैं। फिर उस इंसान से दूर होने लगता हूं। अपनी इस आदत को कैसे बदलूं? -एक पाठक**

इमोशनल होना कोई कमजोरी नहीं है। ऐसे लोग सेंसिटिव होते हैं और रिश्तों को गहराई से महसूस करते हैं। लेकिन जब छोटी-छोटी बातों को बार-बार मन में दोहराया जाए और इस वजह से लोगों से दूरी बनाने लगें, तब यह आदत मानसिक थकान और अकेलेपन की वजह बन सकती है। अक्सर ऐसा इसलिए होता है क्योंकि इमोशनल इंसान हर बात को अपने आत्मसम्मान के साथ जोड़ लेता है। धीरे-धीरे नेगेटिव थॉट बढ़ते चले जाते हैं और शख्स खुद को बचाने के लिए रिश्तों से दूरी बनाने लगता है। इस आदत को बदलने के लिए जरूरी है कि आप यह समझें कि हर बात सिर्फ आपके लिए नहीं होती। हर बात को खुद से जोड़ लेना और उसे बार-बार सोचते रहना सही नहीं है। मन में आने वाले विचारों को फैक्ट नहीं, सिर्फ विचार मानेंगे तो बेहतर रहेगा। जब कोई बात मन में अटक जाए तो उसे किसी कागज पर लिख लें, किसी भरोसेमंद शख्स से शेयर करें। इसके अलावा खुद से यह पूछें कि 'क्या यह बात कुछ दिनों बाद भी उतनी ही अहम रह जाएगी, जितनी कि आज आपको लग रही है? इस तरह का अभ्यास आपकी आदत को बदलने में मददगार हो सकता है। अगर आपकी आदत रिश्ते, काम या मानसिक शांति को प्रभावित करने लगे तो समझ जाएं कि काउंसलिंग से जरूरत है। काउंसलिंग से बहुत फायदा मिलता है। इससे सही मार्गदर्शन से अपनी भावनाओं को बैलंस तरीके से समझना और उन्हें कहना सीख सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी बात इतनी ज्यादा अहम नहीं हो सकती कि उसके लिए अपनी मानसिक शांति को खो कर उसी बारे में सोचा जाए।



**मन की उलझन**
**हमें ऐसे भेजें अपने सवाल**

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आपके मन में कोई उलझन हो या मेंटल हेल्थ से जुड़ा कोई सवाल हो तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें। चुने हुए सवालों पर एक्सपर्ट्स से बात करके जवाब पब्लिश किए जाएंगे।*

**CJI बोले, लोगों तक पहुंचना चाहिए न्याय:** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत ने कहा है कि कानून व्यवस्था में सहानुभूति होना बहुत जरूरी है, क्योंकि यही न्यायपूर्ण और अन्यायपूर्ण समाज के बीच फर्क तय करती है। उन्होंने कहा कि न्याय सबसे पहले उन लोगों और समुदायों तक पहुंचना चाहिए, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। CJI ने ये बातें पटना में चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहीं। (भाषा)

## JEE-Main: 15 तक फोटो में सुधार का मौका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: JEE-MAIN 2026 के लिए नैशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA की अडवाइजरी के बावजूद हजारों स्टूडेंट की फोटो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यानी UIDAI के रेकॉर्ड से मैच नहीं हो पा रही है। ऐसे स्टूडेंट्स को राहत देते हुए NTA ने फोटो वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट अपलोड करने का एक और मौका दिया है। NTA के मुताबिक रजिस्ट्रेशन के दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट ने आधार कार्ड के बजाय किसी दूसरे पहचान पत्र का यूज किया था। कई मामलों में स्टूडेंट की लाइव फोटो UIDAI के रिकॉर्ड में मौजूद फोटो से मेल नहीं खा रही है। इससे यह समस्या सामने आई है।

**पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड करनी होगी आई-डी**

NTA ने साफ किया है कि जिन स्टूडेंट्स की फोटो मैच नहीं हो रही है, उन्हें 15 जनवरी तक अपना पहचान प्रमाण पीडीएफ फॉर्मेट में वेरिफाई कराकर अपलोड करना होगा। यह सर्टिफिकेट स्टूडेंट को अपनी रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से ही अपलोड करना होगा। इसके साथ ही NTA ने यह भी कहा है कि परीक्षा के दिन स्टूडेंट को यह अपलोड किया गया फोटो वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट प्रिंट निकालकर एग्जाम सेंटर पर साथ ले जाना होगा ताकि जरूरत पड़ने पर जांच की जा सके।

## धर्मशाला स्टूडेंट मौत: UGC हेल्पलाइन ने रैगिंग से आत्महत्या का मामला दर्ज किया

■ NBT रिपोर्ट, धर्मशाला

AI Image



**हिमाचल प्रदेश** के धर्मशाला में सरकारी डिग्री कॉलेज की 19 साल की एक दलित स्टूडेंट की मौत के मामले में UGC ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। यूजीसी की एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर खुद ही इस मामले में शिकायत दर्ज की है। शिकायत में रैगिंग के कारण स्टूडेंट द्वारा आत्महत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि कॉलेज प्रशासन का कहना है कि यह मामला आत्महत्या का नहीं बल्कि संदिग्ध मौत का है। यूजीसी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस जांच चल रही है। साथ ही आयोग ने घटना की जांच के लिए पहले ही एक फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित कर दी है। यूजीसी ने दिल्ली की आईपी यूनिवर्सिटी के प्रफेसर राज कुमार मित्तल की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमिटी बनाई है। यह कमिटी धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज का दौरा करेगी और वहां स्टूडेंट्स, टीचर्स और स्टाफ से बातचीत करेगी।

### 3 स्टूडेंट्स और 1 प्रफेसर पर केस

**यूजीसी ने** कहा कि देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। यूजीसी समय-समय पर कॉलेजों और यूनिवर्सिटी को गाइडलाइन जारी करता है। धर्मशाला के इस मामले में पुलिस के अनुसार कॉलेज की तीन स्टूडेंट्स के खिलाफ रैगिंग और जानबूझकर चोट पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। वहीं, एक प्रफेसर के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ है।

## 75 लाख के इनामी संग 20 नक्सलियों ने किया सरेंडर

Suman Reddy D



माओवादियों ने अपने हथियार, गोला-बारूद भी पुलिस को सौंपे

■ भाषा, हैदराबाद: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन के सीनियर कमांडर बरसे सुक्का उर्फ देवा ने 19 अन्य माओवादी लड़ाकों के साथ तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

इस आत्मसमर्पण को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी और भाकपा (माओवादी) की तेलंगाना राज्य कमिटी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। तेलंगाना पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने अपने हथियार और गोला बारूद का भंडार भी पुलिस को सौंप दिया है। तेलंगाना पुलिस ने बताया, इन को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत कुल 1.82 करोड़ रुपये की रकम दी जाएगी।

## इंदौर के DM बोले, 34 लोग अब भी ICU में


■ भाषा, इंदौर

**देश के** सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में गंदा पानी पीने की वजह से उल्टी-दस्त होने से कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की है। जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने बताया कि फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है और उनकी हालत को देखते हुए इलाज पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

**लोगों का दावा है कि 16 लोगों की जा चुकी है जान**

जिलाधिकारी के मुताबिक गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। इससे पहले इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को कहा था कि उन्हें इस प्रकोप में 10 मरीजों की मौत की जानकारी मिली है। वहीं लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 16 लोगों की जान गई है।

SOCIAL MEDIA



कांग्रेस ने घंटा बजाकर विरोध जताया था। एक विडियो में पुलिस वाले घंटा छीनकर थाने ले जाते हुए नजर आए।

### टकराव, 45 लोग एहतियातन अरेस्ट

**इंदौर के** भागीरथपुरा इलाके में घंटा लेकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के 45 नेताओं को पुलिस ने शनिवार को एहतियातन गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हाल ही में बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने एक निजी टीवी चैनल के रिपोर्टर के सवाल पर घंटा शब्द का यूज किया था। इसके बाद से ही उनका विरोध हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसके बाद पुलिस ने ऐक्शन लिया।


SWEATER JACKETS SALE
madame

Hi-Fashion Collection 2024-25
BRANDED Sweaters, Jacket, Sweat Shirt, Lower, Cardigan & winter wears

2026 Happy New Year Welcome

upto 60% off

By Economy Sales: 9212758425

ARROW | Raymond | ColorPlus | Levi's | PARK AVENUE

- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing



सीईसी-यूजीसी CEC-UGC

प्रविष्टियाँ आमंत्रित
Inviting entries for
27th Educational Film Festival
शैक्षिक फिल्म महोत्सव

अंतिम तिथि / Last Date: 31st January 2026
अधिक जानकारी के लिए लॉग इन करें / For more information Log in to: https://cec.nic.in
अथवा मेल करें / or mail us on: cecvideocomp@gmail.com

आयोजक / Organiser
शैक्षिक संचार संकाय | Consortium for Educational Communication
(इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र)
(An Inter-University Centre of University Grants Commission on Electronic Media)
IUAC Campus, Aruna Asaf Ali Marg, New Delhi-110067 (India) / Ph: 011-24126418/19
CEC



संख्या: 3-11014/1/2025-स्था.(ई-164747)

**भारत सरकार**
**उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)- 125 001
सत्यमेव जयते

कार्यालय अधीक्षक [साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अनुसचिवीय, लेवल-6 (रू.35400-112400)] का एक रिक्त पद को **'प्रतिनियुक्ति आधार पर'**, कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान [बुदनी (मध्य प्रदेश)/हिसार (हरियाणा)/अनंतपुर (आन्ध्र प्रदेश)/विश्वनाथ चारिआली, (असम)] में तत्काल भरने के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रशासन में कार्यरत पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता शर्तों का पूर्ण विवरण एवं आवेदन-पत्र के प्रारूप इत्यादि, अधोलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं:-

- www.agricoop.nic.in - fmttibudni.gov.in - nrfmtti.gov.in
- srfmtti.dacnet.nic.in - nerfmtti.nic.in

निर्धारित प्रपत्र में सम्यक रूप से भरे गये आवेदन-पत्र (तीन प्रतियों में) पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज के साथ रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर **निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार -125001 (हरियाणा)** को 'उचित माध्यम' के द्वारा भिजवाया जाना चाहिए।

(निदेशक)



**इंदिरा गांधी दिल्ली प्रौद्योगिकी महिला विश्वविद्यालय**
(दिल्ली अधिनियम 9, 2012, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अंतर्गत)
(आईएसओ 9001: 2015 प्रमाणित विश्वविद्यालय)
सेंट जेम्स चर्च, न्यू चर्च रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली -110 006
**भर्ती सूचना सं.: IGDTUW/RECRUITMENT/2025/2**

**वित्त नियंत्रक के पद के लिए सीधी भर्ती (कार्यकाल) आधार पर विज्ञापन**

इंदिरा गांधी दिल्ली प्रौद्योगिकी महिला विश्वविद्यालय (IGDTUW)- एक गैरअनुसंधान-सह- संबद्ध शिक्षण-विश्वविद्यालय जो महिलाओं के लिए शिक्षा, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, इनक्यूबेशन, नवाचार और विस्तार कार्यों में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, वास्तुकला और योजना, प्रबंधन, अनुप्रयुक्त विज्ञान और इसके संबद्ध क्षेत्रों में संलग्न है, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, योग्य उम्मीदवारों से सीधी भर्ती (कार्यकाल) के आधार पर निम्नलिखित रिक्ति को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्रमांक | पद का नामकरण | वेतन स्तर (सातवें सीपीसी के अनुसार) | पदों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 01 | वित्त नियंत्रक | लेवल-14 | 01 | सीधी भर्ती (कार्यकाल 5 वर्ष) |

विस्तृत विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igdtuw.ac.in पर उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट आदि के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा (आवेदन का लिंक IGDTUW वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन में दिया गया है) और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक/प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ "उप रजिस्ट्रार (मानव संसाधन), कमरा नंबर 205, पहली मंजिल, प्रशासनिक ब्लॉक, इंदिरा गांधी दिल्ली प्रौद्योगिकी महिला विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006" को भेजनी होगी।

ऑनलाइन आवेदन भरने की आरंभ तिथि: 23.12.2025
ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि: 22.01.2026

आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 29.01.2026 शाम 5.00 बजे तक है।

(रजिस्ट्रार)
आईजीडीटीयूडब्ल्यू, दिल्ली


DIP/Shabdarth/Classified/0390/25-26

## '16 को महायुति की महाविजय होगी'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : निकाय चुनाव प्रचार का बिगुल बजाते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 16 जनवरी को महायुति की महाविजय होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष पर जमकर तीर चलाए। उद्धव सेना से 25 साल का हिसाब मांगते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने करप्शन के अलावा और कोई काम नहीं किया। उनकी नीतियों की वजह से ही मराठी माणूस को मुंबई से बाहर निकल उपनगरों की ओर रुख करना पड़ा। वहीं, नामांकन वापस लेने से 68 कैंडिडेट निर्विरोध जीत गए।

## RSS अर्धसैनिक संगठन नहीं: भागवत

■ भाषा, भोपाल: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि वर्दी और अभ्यास के बावजूद संघ कोई अर्धसैनिक संगठन नहीं है। कहा कि बीजेपी को देखकर आरएसएस के बारे में राय बनाने की कोशिश एक बड़ी भूल होगी। आरएसएस समाज को एकजुट करने और उसमें सद्गुण विकसित करने का काम करता है।



मोहन भागवत

# AI से जनरेटेड अश्लील कंटेंट पर क्या कहता है देश का कानून?

*हाल में कई मामले आए, जिनमें ऐसे कंटेंट से महिलाओं की निजता का उल्लंघन हुआ, सरकार ने X को नोटिस भी भेजा है*

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

NBT संडे स्पेशल

■ नई दिल्ली : सरकार ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X को नोटिस भेजकर सभी अश्लील, आपत्तिजनक और गैरकानूनी सामग्री हटाने को कहा, खासकर जो AI ऐप Grok द्वारा बनाई गई हो। ऐसा न करने पर कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है। यह मामला अब काफी गंभीर हो गया है।

**आखिर क्या है यह पूरा मामला:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और IT नियम, 2021 के तहत तय 'ड्यू डिलिजेंस' दायित्वों का पालन न करने पर भारत में X के मुख्य अनुपालन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। शुक्रवार को जारी निर्देश में X को ऐसे सभी कंटेंट को बिना देरी के हटाने को कहा है। मंत्रालय ने अमेरिका की इस कंपनी को आदेश जारी होने की तारीख से 72 घंटे में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट (Action Taken Report – ATR) प्रस्तुत करने को कहा है।

**क्या कहता है कानून:** भारत के मौजूदा कानून के मुताबिक, AI से बनी अश्लील तस्वीरों पर सख्त कानूनी प्रावधान हैं। ऐसे मामलों में न सिर्फ कंटेंट बनाने और साझा करने वाला व्यक्ति दोषी माना जाता है, बल्कि संबंधित सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म और AI टूल चलाने वाली कंपनियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। कानून के जानकारों के मुताबिक, चाहे तस्वीर असली हो या AI/डीपफेक तकनीक से बनाई गई हो, अगर वह महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है, तो वह गंभीर अपराध की कैटिगरी में आती है।

AI image



### ऐक्सपर्ट बोले- भारतीय कानून मानना ज़रूरी

सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट विराग गुप्ता बताते हैं कि कंपनियों को आईटी कानून की धारा 79 के तहत कानूनी सुरक्षा प्राप्त है। X, मेटा और गूगल जैसी कंपनियां अमेरिका में रजिस्टर्ड हैं फिर भी भारत के IT इंटरमीडियरी नियम 2021 के तहत भारत के कानून का पालन करना जरूरी है। उसके अनुसार एक्स को आपत्तिजनक कंटेंट हटाना ही होगा।

### AI कंपनियों पर भी सोशल मीडिया वाले नियम

कानूनी जानकार बताते हैं कि ग्रोक को नोटिस से साफ है कि AI कंपनियों को भी इंटरमीडियरी नियमों (जो सोशल मीडिया पर लागू हैं) का पालन करना जरूरी होगा। नोटिस के अनुसार, अगर 72 घंटे में X कार्रवाई नहीं करता तो उसे मिली कानूनी सुरक्षा खत्म हो सकती है। कानूनी सुरक्षा खत्म होने के बाद एक्स के खिलाफ आईटी एक्ट, बीएनएस और पोक्सो समेत दूसरे अन्य कानूनों के उल्लंघन के मामले में राज्यों की पुलिस FIR दर्ज कर सकती है।

### आईटी ऐक्ट 2000 है काफी सख्त

IT ऐक्ट, 2000 के तहत अश्लील कंटेंट ऑनलाइन प्रकाशित, प्रसारित या शेयर करना अपराध है। जेल और जुर्माने दोनों का प्रावधान है। IT नियम, 2021 के तहत प्लैटफॉर्म को ऐसे कंटेंट हटाने और दुरुपयोग रोकने के तकनीकी सुरक्षा उपाय अपनाने जरूरी हैं।

### महिलाओं का सम्मान, निजता का अधिकार

महिलाओं की नकली अश्लील तस्वीरें या वीडियो बनाना उनके सम्मान, निजता और सुरक्षा का सीधा उल्लंघन माना जाता है। नए आपराधिक कानूनों के तहत इसे यौन उत्पीड़न और साइबर अपराध के रूप में देखा जाता है, जिसमें कड़ी सजा का प्रावधान है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त : रसद एवं आपूर्ति

(एक आईएसओ 9001:2015 यूनिट) 5, राजपुर रोड, दिल्ली-110054
(फैक्स नं. 011-23993344 - 23974427) ई-मेल dcp.pl.dl@nic.in

**डीपीए/ द्वारका, नई दिल्ली में स्थापित किए जाने वाले ई-एलएमएस (लर्निंग मॉड्यूल सिस्टम) (निपुण) के अपग्रेडेशन हेतु हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के प्रोक्योरमेंट के लिए बिना किसी लागत और बिना किसी प्रतिबद्धता आधार पर तकनीकी-व्यावसायिक प्रस्ताव/कोटेशन प्राप्त करने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण**

दिल्ली पुलिस अपनी दिल्ली पुलिस अकादमी (डीपीए), द्वारका में स्थापित किए जाने वाले ई-एलएमएस (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम)-निपुण के अपग्रेडेशन हेतु हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का प्रोक्योरमेंट करना चाहता है। इस उद्देश्य से, दिल्ली पुलिस विभाग संबंधित व्यवसाय में कार्यरत प्रतिष्ठित फर्मों/कंपनियों/सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी)/स्वामित्व फर्मों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक फर्म बिना किसी लागत और बिना किसी प्रतिबद्धता आधार पर अपने कोटेशन जमा कर सकते हैं। महत्वपूर्ण तिथियां/कार्यसूची इस प्रकार है:

| क्र. सं | कार्यसूची | नियत तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | अनुरोध/ईओआई जारी करने की तिथि एवं समय | 06.01.2026, 10:00 बजे से 08.01.2026, 17:00 बजे तक |
| 02 | प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.01.2026 को 17:00 बजे तक |
| 03 | प्रस्ताव के लिए पत्राचार का पता | सीएसए शाखा, कार्यालय पुलिस उपायुक्त: रसद एवं आपूर्ति, 5 राजपुर रोड, दिल्ली-110054 |

यह रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) केवल बाजार में उपलब्धता का मूल्यांकन करने के लिए जारी की गई है और दिल्ली पुलिस की ओर से कोई प्रतिबद्धता नहीं है। आवश्यक तकनीकी विनिर्देशन, नियम एवं शर्तें आदि दिल्ली पुलिस की वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर उपलब्ध हैं। इच्छुक फर्में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्यदिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर आवश्यक तकनीकी विनिर्देशन प्राप्त कर सकती हैं।

(दीपक यादव)
पुलिस उपायुक्त
रसद एवं आपूर्ति यूनिट, दिल्ली

DP/9834/P&L/2026


## TMC नेता मौसम नूर कांग्रेस में शामिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य मौसम नूर शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। वह पहले भी कांग्रेस में रह चुकी हैं। नूर कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं जयराम रमेश, पार्टी महासचिव और पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। नूर का राज्यसभा का कार्यकाल इसी साल अप्रैल में खत्म हो रहा है।

## तेलंगाना में दो बच्चों वाला नियम खत्म!

■ भाषा, हैदराबाद: तेलंगाना विधानसभा ने स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दो बच्चों के नियम को खत्म करने वाला बिल शनिवार को पास कर दिया। पंचायत राज मंत्री दानसारी अनुसूया सीतक्का ने कहा कि दो बच्चों का नियम 1994 में जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए लागू किया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रजनन दर अब 1.7 है।

> जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें चुनाव लड़ने से अयोग्य कर देता था ये नियम

# कांग्रेस का मनरेगा पर संग्राम 10 से, BJP करेगी जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** 10 जनवरी से 25 फरवरी के बीच देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की घोषणा की है। पार्टी ने वीबी-ग्राम-जी कानून को वापस लेने, मनरेगा को अधिकार आधारित कानून के तौर पर बहाल करने की मांग भी दोहराई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को कांग्रेस के देशव्यापी आंदोलन के कार्यक्रम की जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने नए कानून पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि रोजगार अब अधिकार नहीं रहा, बल्कि यह सरकार की मर्जी पर निर्भर हो जाएगा। पहले, ग्राम सभाएं और पंचायतें स्थानीय जरूरतों के हिसाब से योजना बनाती थीं। अब निर्णय लेने की पूरी शक्ति दिल्ली के पास केंद्रित हो जाएगी, पंचायतें केवल क्लर्क बनकर रह जाएंगी। कई पंचायतों को फंड नहीं मिलेगा, जिससे स्थानीय योजना बाधित होगी। नए कानून के तहत योजना में बजट की सीमा और मानक आवंटन पहले से तय होंगे, जिससे फंड खत्म होने पर काम रुक जाएगा। अभियान के तीन चरण होंगे।

FILE






### पंजाब में 'जी राम जी' पर अभियान 7 से

**भाषा, चंडीगढ़:** बीजेपी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 7 जनवरी से 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी अधिनियम) गरीबों के हित में तैयार किया गया है। जाखड़ ने कहा कि अभियान की शुरुआत फाजिल्का जिले से होगी। केंद्र सरकार ने लाभार्थियों के लिए रोजगार गारंटी के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी है और उन मामलों में जवाबदेही भी तय की गई है, जहां मजदूरों को काम नहीं दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि इस योजना के लागू होने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। पंजाब विधानसभा ने 30 दिसंबर को सर्वसम्मति से 'जी राम जी' अधिनियम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था।

## राहुल की विदेश यात्रा पर BJP के सवाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष के रूप में बार-बार विदेशी दौरे को लेकर फिर सवाल उठाए हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी सबसे अधिक विदेश यात्राएं करने वाले नेता प्रतिपक्ष हैं और हर बार भारत-विरोधी तत्वों से जुड़ते दिखते हैं। उन्होंने मीडिया से मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मलेशिया, कोलंबिया और जर्मनी के बाद अब राहुल गांधी वियतनाम की यात्रा पर गए हैं। पूछा कि विदेश में कौन लोग हैं जो राहुल को बुलाते रहते हैं।



सुधांशु त्रिवेदी

## गांधीनगर में टाइफाइड के मामलों में इजाफा

■ भाषा, गांधीनगर: गुजरात की राजधानी गांधीनगर में बड़े पैमाने पर टाइफाइड के मामले सामने आए हैं। बच्चों समेत 104 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को गांधीनगर सिविल अस्पताल में स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों में सिविल अस्पताल में टाइफाइड के मरीजों की संख्या में बढ़ी है। संघवी ने बताया कि उप जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, वहीं भर्ती मरीजों के परिवारों के लिए जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

> उपमुख्यमंत्री ने सिविल अस्पताल पहुंचकर हालात का जायजा लिया

# अंकिता भंडारी मामले में VIP एंगल से पुलिस ने किया इनकार


■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड पुलिस** ने अंकिता भंडारी मामले में किसी भी VIP का हाथ होने से इनकार किया है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि इस मामले में कोई VIP एंगल नहीं है और अदालत भी इसे साफ कर चुकी है।

पुलिस के मुताबिक, SIT की जांच और अदालत में पेश सबूतों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी ठहराकर सजा दी जा चुकी है। किसी भी सबूत को न तो नष्ट किया गया और न ही छिपाया गया। जिस कमरे को लेकर अफवाहें फैली थीं, उसकी वीडियोग्राफी सहित सबूत अदालत में पेश किए गए।


## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम अर्शदीप सिंह **S/o** गुरिंदरपाल सिंह **R/o** नाथवान (161), फतेहाबाद, हरियाणा 125051 उम्र 37 साल जो कि 29.12.2025 को करीब शाम 5 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.56A दिनांक 31.12.2025** थाना नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:-



अर्शदीप सिंह

**रंग:** गेहुँआ, **कद:** 5'9", **चेहरा:** लंबा, **शरीर:** पतला, **आँखे:** काली, जिसने आसमानी नीले रंग की जींस और ग्रे रंग की जैकेट पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-2309301, 23093294, 23093011

DP/50/NDD/2026

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 50 साल, कद: 5'7", लिंग: पुरुष, रंग: गेहुँआ, पहचान चिन्ह: सिर कटा हुआ पहनावा: नीला पजामा ग्रे अंडर स्वेटर बरामदगी स्थल: किमी पोल नंबर 9/16-20 चाणक्य पुरी रेलवे स्टेशन दिल्ली, मृतक के शव को पहचान के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 41A, दिनांक: 31.12.2025 पुलिस स्टेशन: दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन दिल्ली**, में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन दिल्ली,
फोन: 011-2568805, 9968252687, 8750871309

DP/125/Rly/2026

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि **दिनांक 01.01.2026 को गली नं. 13, कैलाश नगर, गांधी नगर, दिल्ली** में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **DD No. 0079A, दिनांक 01.01.2026** पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नाम: अज्ञात, उम्र: 40 वर्ष, कद: 5'8", रंग: सांवला, पहनावा: काले रंग का ट्रैक सूट और नीले रंग की जींस पैंट।**

अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली
फोन: 8595895116, 9013432832

DP/101/SHD/2026

## कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधान मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नीचे दिए गए कार्य के लिए योग्य ठेकेदारों से आईआरईपीएस पोर्टल पर ई-टेंडरिंग के ज़रिए सिंगल बिड सिस्टम में खुली निविदा आमंत्रित कर रहे हैं।

**क्र. सं.: 1. कार्य का नाम:** कर्नाटक राज्य में वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कारवार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एसईएन/उडुपी अनुभाग में कि.मी. 556/600 से 739/760 तक चिह्नित हिस्सों पर 52 किग्रा, 260 मीटर रेल पैनलों के साथ 70 ट्रैक कि.मी. (टीकेएम) लंबाई के लिए रेल नवीनीकरण का कार्य। **टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-24. अनुमानित लागत:** रु.5,10,16,201/- जीएसटी को छोड़कर। **पूर्व बोली बैठक की तिथि एवं समय:** 06.01.2026 को 15:00 बजे। **समापन तिथि/समय:** 23.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून को छोड़कर चार महीने।

**क्र. सं.: 2. कार्य का नाम:** महाराष्ट्र राज्य में वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, रत्नागिरी क्षेत्र के अंतर्गत कि.मी. 0/800 से 378/100 तक चिह्नित हिस्सों पर 52 किग्रा, 260 मीटर रेल पैनलों के साथ 26 ट्रैक कि.मी. **टेंडर नोटिस नं.: केआर-डब्ल्यू-1-58-2025-25. अनुमानित लागत:** रु.1,89,69,104/- जीएसटी को छोड़कर। **पूर्व बोली बैठक की तिथि एवं समय:** 06.01.2026 को 15:00 बजे। **समापन तिथि/समय:** 23.01.2026 तक 15:00 बजे तक ऑनलाइन ऑफर/बिड जमा करने के लिए। **पूरा होने की अवधि:** मानसून को छोड़कर तीन महीने।

मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण / भागीदारी के लिए कृपया **https://ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाएँ। शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल इस वेबसाइट पर होस्ट किए जाएंगे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीव**, पुत्र: नानक चंद, **निवासी: शिव अपार्टमेंट, गली नंबर 24, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, दिल्ली ने FIR No. 323/20, Date: 01.08.2020, U/s: 323/427/452 IPC, पुलिस थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीव** मिल नहीं रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजीव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गोविंद पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **संजीव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री देवेंशी जनमेजा
जेएमएफसी-04, कमरा नंबर 10,
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/139/SE/2026

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुहम्मद औवल पुत्र मुहम्मद आलिया निवासी ग्राम मुनिरका, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **1003/2020, दिनांक 04.11.2020 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी एवं 14 विदेशी अधिनियम के तहत थाना गोविन्द पुरी, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुहम्मद औवल** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुहम्मद औवल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस एफआईआर नं. 1003/2020, दिनांक 04.11.2020 अन्तर्गत धारा 380/411 आईपीसी एवं 14 विदेशी अधिनियम के तहत थाना गोविन्द पुरी, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुहम्मद औवल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण-पूर्व जिला न्यायालय संख्या 10
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/134/SE/2026
(Court Matter)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर ओखला नई दिल्ली-25

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-23/ई0ई0/2025-2026**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 13.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में निविदा ओपनिंग हेतु गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 13.01.2026 को ही अपरान्ह 4.00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 13.01.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक सैक्टर-18 नोएडा अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. (रुपये में) | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद गाजियाबाद में हिण्डन बैराज के अपस्ट्रीम में दाँये एफलेक्स बन्ध के कि0मी0 0.930 से कि0मी0 1.010 तक स्लोपिंग स्टोन के सुरक्षात्मक कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 2 | दिल्ली राज्य स्थित कैनाल कालोनी ओखला के आवासिय होस्टल के अपोजिट एस0एस0ओ0 आवास के पास क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 3 | जनपद गाजियाबाद में हिण्डन बैराज के अपस्ट्रीम में दाँये मार्जिनल बन्ध के कि0मी0 0.005 से कि0मी0 0.080 तक सुरक्षात्मक कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 4 | दिल्ली राज्य स्थित ओखला बैराज के डाउनस्ट्रीम में स्थित बैराज के गेट नं0-04 के सामने फर्लिग्स फ्लोर एवं स्लोपिंग स्टोन की मरम्मत का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 5 | जनपद गाजियाबाद में समानान्तर हिण्डन कट कैनाल के दौरा के कि0मी0 7.420 से कि0मी0 7.500 तक पुर्नस्थापना का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 6 | दिल्ली राज्य स्थित लोहिया ब्रिज के डाउनस्ट्रीम में यमुना नदी के बाँये किनारे पर स्थित ठोकर नं0-2 की मरम्मत का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 7 | दिल्ली राज्य स्थित यमुनोत्री गेस्ट हाउस के समीप ड्रेन में स्थित फ्लोटिंग फाउन्टेन एवं हिण्डन बैराज पर स्थित डी0जी0 सेट की मरम्मत का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 8 | दिल्ली राज्य स्थित हिण्डन कट कैनाल के दाँये बैंक के कि0मी0 11.900 से कि0मी0 12.165 तक पुर्नस्थापना का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 9 | दिल्ली राज्य स्थित ओखला बैराज के डाउनस्ट्रीम में स्थित बैराज के गेट नं0-02 के सामने फर्लिग्स फ्लोर एवं स्लोपिंग स्टोन की मरम्मत का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 10 | जनपद गाजियाबाद में हिण्डन कट कैनाल के दाँये बैंक के कि0मी0 6.325 से कि0मी0 6.590 तक पुर्नस्थापना का कार्य | 8.45 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |
| 11 | दिल्ली राज्य स्थित ओखला में जू एनेक्सी, बड़ी कोठी, यमुनोत्री अतिथिगृह, मुख्य अभियन्ता (यमुना) कार्यालय, फील्ड होस्टल, खण्डीय व उपखण्डीय कार्यालय में स्थापित ए0सी0 की मरम्मत का कार्य | 8.35 | 0.17 | 20 दिवस | Rs. 225+41 =266 | "सी" एवं उच्चतर |

विस्तृत निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्तें उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट (http://upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://www.idup.upgovt.in) पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर
ओखला नई दिल्ली-25

UPID 243420 dt 02.01.2026
www.upgov.nic.in


## बेल्लारी हिंसा: निलंबित SP ने जान देने की कोशिश की

■ आईएएनएस, बेंगलुरु : कर्नाटक के बेल्लारी में 1 जनवरी को हुई हिंसा के बाद निलंबित एसपी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की। इसके बाद बीजेपी ने कांग्रेस सरकार को 'हत्यारी सरकार' कहा। जानकारी के अनुसार, निलंबित एसपी पवन नेज्जुर ने अपने एक दोस्त के फार्महाउस पर नींद की गोलियां खा लीं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने बेंगलुरु में कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और यह सरकार भ्रष्ट और धोखेबाज है।

> बीजेपी ने कहा, हिंसा के मामले में एसपी को बलि का बकरा बनाया गया

## बिहार में बुजुर्गों को घर बैठे मेडिकल सेवाएं, योजना शुरू

■ भाषा, पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के बुजुर्गों को उनके घर पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को इस योजना को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया है। कुमार ने शनिवार को एक्स पर लिखा, हमारी कोशिश है कि सीनियर सिटिजन्स को उनके घर पर ही नर्सिंग सहायता, घर पर पैथोलॉजी जांच, बीपी की जांच, ईसीजी टेस्ट, फिजियोथेरेपी और इमरजेंसी में अन्य प्रकार की मेडिकल सहायता सहित जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

> इनमें नर्सिंग सेवाएं, ब्लड, बीपी जैसे टेस्ट और इमरजेंसी सर्विसेज शामिल होंगी

## तमिलनाडु में सुनिश्चित पेंशन योजना की घोषणा

■ भाषा, चेन्नै: तमिलनाडु में सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों की दो दशक पुरानी मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को एक नई योजना तमिलनाडु सुनिश्चित पेंशन योजना की घोषणा की। इससे पुरानी पेंशन योजना के फायदे मिलेंगे। सरकार ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को मिले अंतिम वेतन का 50 फीसदी हिस्सा तय पेंशन के रूप में दिया जाएगा। इसके लिए सरकार कर्मचारियों के 10 फीसदी योगदान के साथ पेंशन फंड में अतिरिक्त धनराशि देगी।

> आखिरी वेतन का 50 फीसदी हिस्सा तय पेंशन के रूप में दिया जाएगा

## सबूतों से छेड़छाड़ में केरल MLA को 3 साल की जेल

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम: केरल की एक अदालत ने शनिवार को पूर्व परिवहन मंत्री एंटनी राजू और कोर्ट के एक क्लर्क को तीन साल की सजा सुनाई। राजू, LDF के घटक दल जनाधिपत्य केरल कांग्रेस के मौजूदा विधायक हैं। 1990 में तिरुवनंतपुरम इंटरनैशनल हवाई अड्डे पर एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक से 61.5 ग्राम हशीश जब्त किया गया था। राजू उस समय एक जूनियर वकील थे और आरोपियों की ओर से पेश हुए थे। मामले में सबूतों से छेड़छाड़ में राजू का हाथ पाया गया था।

> 1990 के केस में जूनियर वकील के तौर पर उन्होंने सबूतों से छेड़छाड़ की

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: cci Time: 01-03-2026 22:58 Color:



जहां तक मेरे संन्यास का प्रश्न है, मैं इसे दिन-ब-दिन, सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं। मैं अभी ठीक कर रहा हूं और खेल का मजा ले रहा हूं। इसलिए मेरे लिए फिलहाल कोई आखिरी तारीख नहीं है। - स्टीव स्मिथ, बल्लेबाज, ऑस्ट्रेलिया



**61**

अतिरिक्त रन खर्च किए थे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1989 नॉटिंघम टेस्ट की पहली पारी में। यह एशेज की एक पारी में सर्वाधिक अतिरिक्त रन देने का रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत और न्यूजीलैंड के बीच लिमिटेड ओवर सीरीज कब से शुरू होगी?
A) 12 जनवरी B) 10 जनवरी C) 11 जनवरी D) 9 जनवरी
2. हार्दिक पंड्या ने किस टीम के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में शतक जड़ा?
A) बड़ौदा B) विदर्भ C) मुंबई D) गुजरात

**कल के जवाब**
1. B) 87 2. C) नीदरलैंड्स

लकी WINNER



1. निकिता गुप्ता, कन्हैया नगर, दिल्ली
2. अर्चना, गाजियाबाद, यूपी
3. अलका अग्रवाल, मालाड, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### ISL 15 फरवरी से!

■ **नई दिल्ली:** इंडियन सुपर लीग (ISL) के 2025-26 सीजन की शुरुआत की तारीख अगले हफ्ते घोषित की जाएगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने आपात बैठक के बाद बताया कि समन्वय समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है और लीग का आयोजन AIFF ही करेगा। सूत्रों के मुताबिक लीग 15 फरवरी से शुरू हो सकती है।

### पहला मैच भारत जीता

■ **नई दिल्ली:** हरवंश पंगालिया (93 रन), आरएस अंबरीश (65 रन) की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने साउथ अफ्रीका को DLS नियम के तहत यूथ वनडे सीरीज के पहले मैच में 25 रन से हरा दिया। पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 50 ओवर्स में 301 रन बनाए। जवाब में बिजली चमकने और बारिश के कारण मैच रुकने से पहले साउथ अफ्रीका ने 148/4 स्कोर बना लिया था।

### अनीश करेंगे अगुआई

■ **मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन में 18 जनवरी को मौजूदा चैंपियन अनीश थापा और निर्मबेन ठाकोर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। गोल्ड लेबल रेस में 36 शीर्ष भारतीय ऐथलीट उतरेंगे। एलीट वर्ग में शीर्ष तीन को पांच, चार और तीन लाख रुपये मिलेंगे।

### कार्लोस हुए डिस्चार्ज

■ **साओ पाउलो:** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को हार्ट सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। 52 वर्षीय कार्लोस को सोमवार को दिल की समस्या के चलते भर्ती कराया गया था।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का हुआ ऐलान

# फिटनेस के सवालों के बीच लौटे श्रेयस, गिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



शुभमान गिल (बाएं) ने वनडे टीम के कप्तान के रूप में की वापसी, श्रेयस अय्यर चोट के बाद दोबारा लौट रहे हैं

**चोट की** वजह से पिछले कुछ महीने टीम इंडिया की ओर से कुछ अहम मुकाबले नहीं खेल सके शुभमान गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज में वनडे कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए शनिवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित टीम में श्रेयस अय्यर को उपकप्तान के तौर पर रखा गया है। हालांकि नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज के दौरान 'स्प्लीन' (तिल्ली) में चोट लगने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए अय्यर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) से फिटनेस मंजूरी पाने के लिए इस महीने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी। अय्यर ने अक्टूबर 2025 के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। बीसीसीआई ने जारी बयान में कहा, 'श्रेयस अय्यर की उपलब्धता COE से फिट होने का प्रमाण मिलने पर निर्भर है।'

**हार्दिक की बोलिंग आड़े आई:** साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में नजरअंदाज किए गए सिराज की वनडे टीम में वापसी हुई है। सिराज ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारत के लिए वनडे खेले थे। वह टेस्ट टीम के नियमित सदस्य रहे हैं और साथ ही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद की ओर से भी खेल चुके हैं। हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। स्टार ऑलराउंडर को COE से मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं मिली इसलिए चयनकर्ताओं ने उन्हें 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू होने वाली सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया। उन्होंने कहा, 'COE ने हार्दिक को एक मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं दी है और आगामी ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर उनके कार्यभार को नियंत्रित किया जा रहा है।'

**विकेटकीपर की संख्या घटी:** ऋषभ पंत ने अटकलों के बावजूद टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी। पिछली सीरीज में तीसरे विकेटकीपर के रूप में टीम का हिस्सा रहे ध्रुव जुरेल भी टीम से बाहर हो गए। केएल राहुल एक बार फिर पहले विकेटकीपर के तौर पर टीम में मौजूद हैं। घरेलू सीरीज में दमदार प्रदर्शन के बूते टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने वाले ईशान किशन भी वनडे टीम में वापसी करने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह शामिल हैं जबकि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी चौथे विकल्प के रूप में मौजूद हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सुपरस्टार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलते हैं और टीम में उनकी मौजूदगी से एक बार फिर तीनों स्टेडियम में भारी भीड़ जुटाने की उम्मीद है।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम:** शुभमान गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान, फिटनेस मंजूरी के अधीन), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जाडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल।

### गिल को अब हुई फूड पॉइजनिंग

गिल पिछले कुछ महीनों से चोटों और बीमारियों के कारण बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में वह अपनी पारी की सिर्फ तीन गेंदें ही खेल पाए थे कि उनकी गर्दन में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पूरी सीरीज में हिस्सा नहीं लिया और गुवाहाटी में भारत की कमान ऋषभ पंत ने संभाली। इसके बाद पिछले महीने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान गिल के पैर के अंगूठे में चोट लग गई, और अंततः उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत की टीम में शामिल नहीं किया गया। दोबारा लय हासिल करने के लिए गिल शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले में उतरने वाले थे, लेकिन फूड पॉइजनिंग के कारण वह सिक्किम के खिलाफ होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए और मैदान पर उनकी वापसी टल गई है। गिल शुक्रवार दोपहर जयपुर पहुंच गए थे और उनसे पांचवें दौर के मैच में खेलने की उम्मीद थी। हालांकि, डॉक्टरों और टीम प्रबंधन से सलाह-मशविरा करने के बाद उन्हें आराम देने का फैसला लिया गया। अब गिल छह जनवरी को गोवा के खिलाफ छठे चरण के मुकाबले में खेलने की संभावना है।

### एक और सेंचुरियन हुआ टीम से बाहर

**साउथ अफ्रीका** के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम में तीन बदलाव हुए हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारतीय टीम में शुभमान गिल, श्रेयस अय्यर, और सिराज ने तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल और रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली। चौथे क्रम पर आजमाए गए रुतुराज ने अपनी पिछली वनडे इंटरनैशनल पारी में शतक जड़ा था, लेकिन वह भी टीम में अपनी जगह नहीं बचा सके। रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में उन्होंने 105 रन बनाए थे जबकि सीरीज के तीसरे वनडे में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई थी। विजय हजारे ट्रॉफी में भी रुतुराज ने एक शतक सहित कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन चयनकर्ताओं को प्रभावित करने में वे नाकाम रहे।

## सिडनी में आज से होगी आखिरी भिड़ंत

■ **एजेंसियां, सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच आज से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (SCG) में एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। साल 2015 के बाद से एक भी एशेज सीरीज न जीतने वाली इंग्लैंड टीम से इस बार बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन मेहमान टीम उन पर खरा नहीं उतर सकी। इंग्लैंड शुरुआती तीन मैच ही 11 दिन में हारकर सीरीज गंवा बैठी। हालांकि, चौथा मैच जीतकर उन्होंने बताया कि उनमें अभी लड़ने की क्षमता बाकी है। ऐसे में सीरीज का आखिरी मैच रोमांचक होने की आशंका जताई जा रही है। यह मैच ऑस्ट्रेलियन ओपनर उस्मान ख्वाजा का 'द लास्ट डांस' होगा। साल 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ SCG में डेब्यू करने वाले ख्वाजा ठीक इसी मैदान पर 15 साल बड़े करियर को अलविदा कहेंगे। ऐसे में 39 वर्षीय ख्वाजा जीत के साथ संन्यास लेना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया की नजर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) पॉइंट्स अर्जित करने पर भी होगी।



बैटिंग प्रैक्टिस करते उस्मान ख्वाजा




**संभावित प्लेइंग XI**

**ऑस्ट्रेलिया:** जेक वेदरल्ड, ट्रेविस हेड, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, टॉड मर्फी, स्कॉट बोलैंड


**इंग्लैंड:** जैक क्राउली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जोश टंग

बोंडी बीच में हाल में हुई गोलीबारी की गंभीर घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच रविवार से SCG में शुरू हो रहे टेस्ट के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## नीरज की वापसी का समय तय नहीं

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** पूर्व ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियन जैवलिन थ्रो ऐथलीट नीरज चोपड़ा फिलहाल अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान दे रहे हैं और उन्होंने अभी यह तय नहीं किया है कि वह इस सीजन की शुरुआत कहां और कब करेंगे। ऐथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने शनिवार को यह जानकारी दी।

**एएफआई ने दी जानकारी**



नीरज चोपड़ा

नीरज ने सितंबर 2025 में टोक्यो वर्ल्ड चैंपियनशिप में चोट के बावजूद हिस्सा लिया था और 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। सुमरिवाला ने कहा कि नीरज को दो चोटें थीं और इस समय उनके लिए सबसे जरूरी चीज रिहैबिलिटेशन है, न कि सीजन ओपनर। उन्होंने नीरज के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि चोट के बावजूद उन्होंने कभी बहाना नहीं बनाया। सुमरिवाला ने यह भी स्पष्ट किया कि डोप टेस्टिंग के लिए ऐथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (AIU) की रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल सूची में नीरज और सचिन यादव ही शामिल हैं।

## वर्ल्ड कप के मैचों को लेकर ICC के पास जाएगा BCB!

■ **एजेंसियां, गुवाहाटी:** भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनावों के बीच बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अगले सीजन से बाहर करने का फैसला किया गया, जिसके बाद दोनों देशों के बोर्डों के बीच तल्खी बढ़ने की उम्मीद है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने भारत में अपने प्लेयर्स की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई है और मैचों के वेन्यू में बदलाव की मांग की है।

**मुस्तफिजुर IPL प्रकरण**



बांग्लादेश के पेसर मुस्तफिजुर

मुस्तफिजुर को KKR ने नीलामी में 9.20 करोड़ में खरीदा था। फ्रेंचाइजी ने मुस्तफिजुर को तुरंत रिलीज कर दिया है और अब इस प्लेयर के पास बदले में अन्य खिलाड़ी का चयन करने की उसके पास अनुमति होगी।

इधर, BCB के शीर्ष अधिकारी ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा कि BCCI के फैसले के बाद उनका बोर्ड भारत में वर्ल्ड कप मैच खेलने के मामले को ICC के सामने उठाएगा। BCB अधिकारी ने कहा, 'मैं मुस्तफिजुर को रिलीज करने के मुद्दे पर टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है। लेकिन जहां तक वर्ल्ड कप में भाग लेने की बात है, वह ICC इवेंट है और सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद अंतिम फैसला ICC ही लेगी।'

**दौरे पर बोर्ड की चुप्पी**

भारत और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पिछले साल सीमित ओवरों की एक द्विपक्षीय सीरीज स्थगित कर दी थी। BCB ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह सीरीज इस साल सितंबर में उसके देश में ही खेली जाएगी। BCCI ने हालांकि इस सीरीज के कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। उसकी तरफ से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है।

## बड़ौदा के लिए बरसा हार्दिक का बल्ला

■ **एजेंसियां, राजकोट:** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप-बी मैच में बड़ौदा की तरफ से विदर्भ के खिलाफ 93 गेंदों में 133 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने एक ओवर में लगातार पांच छक्के भी लगाए। उन्होंने अपनी पारी में कुल 11 छक्के और आठ चौके लगाए। प्रतियोगिता में अपना पहला मैच खेल रहे हार्दिक ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली। इस तरह से वह अपने 119वें मैच में लिस्ट-ए में अपना पहला शतक जमाने में सफल रहे। उनकी इस पारी की मदद से बड़ौदा ने नौ विकेट पर 293 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया, इसके बावजूद टीम जीत नहीं पाई। विदर्भ ने ओपनर अमन मोखाड़े के शानदार शतक (150* रन, 121 बॉल, 17 फोर, 4 सिक्स) की बदौलत सिर्फ एक विकेट पर 296 रन बनाकर नौ विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। हार्दिक ने 44 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने आतिशी अंदाज अपनाया। पारी के 39वें ओवर में हार्दिक तूफान लेकर आए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाड़े के ओवर की शुरुआती 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाए और आखिरी गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया।






हार्दिक पंड्या

**संजू, पडिक्कल ने जड़े शतक:** अहमदाबाद में हुए ग्रुप-ए मैच में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने केरल की तरफ से झारखंड के खिलाफ सेंचुरी जड़ी। झारखंड ने कुमार कुशाग्र की शतकीय पारी (143 रन, 137 बॉल, 8 फोर, 7 सिक्स) से 2 विकेट पर 311 रन बनाए थे, लेकिन संजू (101 रन, 95 बॉल, 9 फोर, 3 सिक्स) और कप्तान रोहन कुन्नुम्मल (124 रन, 78 बॉल, 8 फोर, 11 सिक्स) ने मैच को केरल के पक्ष में कर दिया। केरल ने 42.3 ओवर्स में 2 विकेट पर 313 रन बनाकर जीत हासिल की। दूसरी ओर, विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म जारी रही। पडिक्कल ने अहमदाबाद में ही ग्रुप-ए मैच में त्रिपुरा के खिलाफ सेंचुरी जड़ी। उन्होंने 120 गेंदों में 8 फोर और 3 सिक्स समेत 108 रन बनाए। टूर्नामेंट में यह उनकी पांच मैचों में चौथी शतकीय पारी है।

**श्रेयस छह जनवरी को को होंगे मैदान पर**

**मुंबई:** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्टूबर में लगी तिल्ली (स्प्लीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच 6 जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। दूसरी ओर, भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव भी एक साल बाद मैदान में वापसी करने को लगभग तैयार हैं।


**13** लिस्ट-ए सेंचुरी बनाने के लिए सबसे कम 38 पारी खेलने का रेकॉर्ड देवदत्त ने अपने नाम किया

**पंत चले, दिल्ली जीती:** ऋषभ पंत (67* रन, 37 बॉल) ने आखिरकार अपनी फॉर्म दिखाते हुए शनिवार को बेंगलुरु में हुए मैच में दिल्ली को सर्विसेज के खिलाफ जीत दिलाई। सर्विसेज के 42.5 ओवर्स में 178 रनों के जवाब में दिल्ली ने 19.4 ओवर्स में 2 विकेट पर 182 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

## अंतिम, सुजीत सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले भारतीय

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता भारतीय रेसलर अंतिम पंघाल और एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले सुजीत कलकल प्रो रेसलिंग लीग की नीलामी में सबसे बड़ी बोली पाने वाले भारतीय रेसलर रहे। शनिवार को हुई नीलामी में सबसे बड़ी आकर्षण तोक्यो ओलिंपिक्स 2020 की गोल्ड मेडलिस्ट जापान की युई सुसाकी रहीं, जिन पर हरियाणा थंडर्स ने रेकॉर्ड 60 लाख की बोली लगाई। अंतिम को यूपी डॉमिनेटर ने नीलामी में 52 लाख रुपये की राशि देकर अपनी टीम में शामिल किया, जबकि सुजीत को दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने इतनी राशि में खरीदा। अंतिम 53 किलोग्राम वर्ग में कुश्ती करती हैं। वहीं, सुजीत 65 किलोग्राम भार वर्ग में लड़ते हैं। ओलिंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले अमन सहरावत को मुंबई टाइगर्स दंगल ने 51 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया। पुरुष वर्ग में पोलैंड के रॉबर्ट बारन को महाराष्ट्र केसरी ने 55 लाख रुपये में अपने साथ किया, जो नीलामी में दूसरा सबसे बड़ी बोली रही।

**प्रो रेसलिंग लीग (PWL)**



रेसलर अंतिम पंघाल

## ड्रैगंस ने शूटआउट में मारी बाज़ी, तूफांस को दी मात

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) के उद्घाटन मुकाबले में तमिलनाडु ड्रैगंस ने हैदराबाद तूफांस को रोमांचक शूटआउट में 4-2 से हराकर बोनस अंक के साथ अभियान की शानदार शुरुआत की। नियमित समय में मुकाबला 3-3 से बराबरी पर छूटा। शूटआउट में ड्रैगंस के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने दो अहम पेनल्टी बचाकर जीत की नींव रखी। ड्रैगंस के लिए उत्तम सिंह, थॉमस सोर्सबी और कार्ति सेल्वम ने गोल दागे। तूफांस की ओर से अमनदीप लाकड़ा ने दो जबकि आर्थर डी स्लोवर ने एक गोल किया। शूटआउट में साहिल मोहम्मद के निर्णायक गोल ने ड्रैगंस को जीत और बोनस अंक दिलाया।







ड्रैगंस के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह

**पाइपर्स की चौथी जीत:** एसजी पाइपर्स ने दमदार वापसी करते हुए विमिंस हॉकी इंडिया लीग के मुकाबले में सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाइपर्स के चार मैच में 10 अंक हैं। यह पाइपर्स की लगातार चौथी जीत रही, जबकि सूरमा ने चौथा लगातार मैच गंवाया।

## पाकिस्तान और नामीबिया ने टूर्नामेंट के लिए टीम की तय

■ **एजेंसियां, दुबई:** पाकिस्तान ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) को सौंप दी है, लेकिन अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। वहीं नामीबिया क्रिकेट ने भी अपनी टीम की घोषणा कर दी है। ICC ने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए सभी टीमों से एक जनवरी तक अपनी संभावित टीम सौंपने के लिए कहा था। सभी टीमों को 31 जनवरी तक अपनी संभावित टीम में बदलाव करने की अनुमति है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की संभावित टीम में चोटिल पेसर शाहीन शाह अफरीदी, पूर्व कप्तान बाबर आजम और ऑलराउंडर शादाब खान भी शामिल हैं।

**टी20 वर्ल्ड कप अपडेट**



बाबर आजम

**लगातार चौथा वर्ल्ड कप:** नामीबिया की 15 सदस्यीय टीम की कमानी ऑलराउंडर गेरहार्ड इरास्मस करेंगे। नामीबिया लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इसे भारत, पाकिस्तान और यूएसए और नीदरलैंड्स के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): आज हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आपका दिन भी आपका परोपकार में व्यतीत होगा। आप अपने व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। रात्रि में जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय किसी अतिथि के आगमन का हर्ष होगा। रात्रि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): मित्र के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत वाहनों के प्रयोग में सावधानी बरतें। प्रिय एवं महान पुरुषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा।

**CANCER** (22 Jun - 22 July): राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का प्रभाव होकर परिभ्रमण अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को भी गति मिलेगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

**LEO** (23 July - 22 Aug): राजनीतिक क्षेत्र में आज आपको सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय कठिनाइयों से भेंट संभव है। खान-पान का विशेष ध्यान रखें, अन्यथा आगे चलकर स्वास्थ्य संबंधी कष्ट होंगे।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आज कार्यक्षेत्र में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर-गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, फलस्वरूप आपको विशेष सम्मान दिलाएंगे। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर समाज में सम्मान की वृद्धि कराएगा। रुका हुआ कार्य पूरा होगा व प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रि में आपको परिवार संग मौज-मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज सुविधाजनक वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपए-पैसे के मामले में सावधानी बरतें। आज के दिन दिया हुआ धन फंस सकता है। आपके विरुद्ध षड्यंत्र विफल हो जाएंगे।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर सफलीत होगा।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): राशि स्वामी शनि की द्वितीय स्थिति के कारण परिवार में किसी को अचानक शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्च की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने के समय उसके सभी वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय परिजन के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सफलतापूर्वक यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में प्रॉफिट से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। माता-पिता का आदर ध्यान रखें। उनकी सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको रजत पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी शुक्र, मंगल यह बने हैं। जीवन संगिनी-देहधारी प्रधान यह वर्षपति बुध की उत्तम स्थिति जनवरी शेष में आकस्मात राज्य कृपा कारक है। फरवरी में काफी समय से टल रही योजनाएं पूरी होंगी। इष्ट मित्रों से सहयोग का समाचार मार्च से लेकर अप्रैल तक में नई खोज, रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतियोगिता में विजय होगी। मई के महीने में न चाहते हुए भी आपको कहीं जाना पड़ेगा। जून महीने की शुरुआत से लेकर जुलाई महीने के अंत तक में सभी लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। अगस्त माह से लेकर सितंबर माह तक आपके रहन-सहन का स्तर बढ़ेगा। शत्रु पराजित होंगे। अक्टूबर-नवंबर में रोग-ऋण से मुक्ति मिलेगी। दिसंबर से आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा। 1 जनवरी 2027 से 26 जनवरी तक धार्मिक स्थानों पर पर्यटन का भी योग है। अधिक सफलता के लिए स्नान उपरांत सूर्य नारायण को अर्घ्य जल प्रदान करें। हनुमान चालीसा का पाठ भी कल्याणकारी सिद्ध होगा।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(सोमवार, 5 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 15, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, द्वितीया, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 22, रजब 15, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 5 जनवरी 2026 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। द्वितीया तिथि प्रातः 9 बजकर 57 मिनट तक उपरांत तृतीया तिथि का आरंभ। पुष्य नक्षत्र मध्याह्न 1 बजकर 25 मिनट तक उपरांत आश्लेषा नक्षत्र का आरंभ। विष्कुंभ योग रात्रि 10 बजकर 47 मिनट तक उपरांत प्रीति योग का आरंभ। व करण प्रातः 9 बजकर 57 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कर्क राशि पर संचार करेगा।


### आज के व्रत और त्योहार

उदी गुरु पुनर्वसु द्वितीय चरण में, माघ कृष्ण पक्ष आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 7 |
| 9 | | | | 1 | | | | 5 |
| | 6 | | 7 | | 4 | | 2 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 8 | | 5 | | | |
| 8 | | 2 | | | | 5 | | 9 |
| | 2 | | 5 | | 9 | | 3 | |
| 4 | | | | 3 | | | | 2 |
| 7 | | 3 | | | | 6 | | 8 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भाई |
| 10:00 बड़बुक बुड़बक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 सत्य के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 सत्य के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-04-2026 00:12 Color:



कराकास में शनिवार को राष्ट्रपति भवन के पास वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के सशस्त्र समर्थक जमा हो गए।



# US ने वेनेज़ुएला पर क्यों किया हमला?

Venezuela

**अमेरिका ने शनिवार तड़के वेनेजुएला पर हमला कर दिया। उसने दावा किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर देश से बाहर ले जाया गया है। यह कदम साउथ अमेरिकी देश पर अमेरिका की पिछले कई महीनों से चल रही दबाव नीति में इजाफा माना जा रहा है। दूसरी ओर, वेनेजुएला ने अमेरिका पर आरोप लगाए गए है कि वह आम लोगों और सैन्य ठिकानों पर हमले कर रही है। उसने इसे सम्राज्यवादी हमला करार दिया। आइए जानते हैं पूरे हालात के बारे में:**

PTI, AFP

संडे NBT EXPLAINER


**Q हमले के पीछे क्या है वजह?**
ट्रंप प्रशासन की ओर से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर करीब 5 महीने से बढ़ते दबाव के बाद हमला किया गया। अमेरिका ने मादुरो पर नार्को-आतंकवाद के आरोप लगाए हैं। अगस्त से ही अमेरिका ने वेनेजुएला के उत्तरी तट के पास बड़ा सैन्य जमावड़ा शुरू किया, जिसमें एयरक्राफ्ट कैरियर, युद्धपोत और अडवांस्ड लड़ाकू विमान शामिल थे। इसे इस क्षेत्र में कई दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य मौजूदगी बताया जा रहा है। सितंबर की शुरुआत से अमेरिकी सेना कैरेबियन सागर और पूर्वी प्रशांत में उन नौकाओं पर हमले कर रही है, जिनके बारे में उसका दावा है कि वे नशीले पदार्थ ले जा रही थीं। शुक्रवार तक अमेरिकी आंकड़ों के अनुसार 35 नौकाओं पर हमले हुए और 115 लोग मारे गए। डॉनल्ड ट्रंप ने इन कार्रवाइयों को अमेरिका में ड्रग्स की आपूर्ति रोकने के लिए जरूरी बताया और कहा कि वॉशिंग्टन ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है।

**Q वेनेजुएला ने क्या आरोप लगाया?**
वेनेजुएला ने अमेरिका के कथित सैन्य आक्रमण को खारिज करते हुए उस पर देश के तेल और खनिज संसाधनों पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया। सरकार ने कहा कि अमेरिका इन संसाधनों को हासिल करने में कामयाब नहीं होगा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए निंदा करने की अपील की। मादुरो ने इस हफ्ते प्रसारित एक पहले से रिकॉर्ड इंटरव्यू में यह भी कहा कि अमेरिका सत्ता परिवर्तन चाहता है और वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रहा है।

**Q वेनेजुएला में आखिर क्या हुआ?**
शनिवार तड़के वेनेजुएला की राजधानी कराकास में सात धमाकों की आवाज सुनी गई। नीची उड़ान भरते विमान राजधानी के ऊपर से गुजरे। शहर के कुछ हिस्सों में काला धुआं उठता दिखा। करीब 90 मिनट तक धमाकों की आवाज और आसमान में विमान दिखाई देते रहे। कराकास में एक सैन्य ठिकाने के हैंगर से धुआं उठता देखा गया। दूसरे सैन्य ठिकाने की बिजली गुल हो गई। बाद में शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके बावजूद कई इलाकों में सामान्य ट्रैफिक चलता रहा।



वेनेजुएला की राजधानी कराकास में मादुरो के समर्थक भावुक हो गए।



**Q अमेरिका ने क्या कहा?**
अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने वेनिज्वेला के एयरस्पेस और पास के कुराकाओ के ऊपर अमेरिकी कमर्शल और प्राइवेट फ्लाइट्स पर रोक लगा दी है। US प्रेजिडेंट डॉनल्ड ट्रंप के ऐलान के बावजूद, वाइट हाउस या पेंटागन की ओर से तुरंत कोई डिटेल जानकारी नहीं दी गई। वेनिज्वेला में अमेरिकी दूतावास (जो 2019 से बंद है) की वेबसाइट ने भी कराकास और आसपास धमाकों की खबरों के बाद अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर ही रहने की चेतावनी जारी की।

**Q वेनेज़ुएला का भविष्य क्या होगा?**
हमले और ट्रंप का यह दावा कि निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया है, वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका के अभियान में अब तक का सबसे बड़ा उकसावा माना जा रहा है। हालांकि कई अहम सवाल अब भी बने हुए हैं- कराकास में इस समय सत्ता किसके हाथ में है? नुकसान और हताहतों की क्या स्थिति है और क्या आगे और सैन्य कार्रवाई होगी? वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो की ओर से तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।




## क्या कहते हैं अंतरराष्ट्रीय मामलों के एक्सपर्ट्स

### अगर अमेरिका मिशन में सफल होता है तो...

राजीव डोगरा का कहना है कि फिलहाल वेनेजुएला के हालात देखकर लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कार्रवाई का जनमानस में विरोध नहीं दिख रहा। अमेरिका ने ऐसे देश पर कार्रवाई की है जो कच्चे तेल से समृद्ध और भरपूर माना जाता है। ऐसे में बाद में अमेरिका तेल की कीमतों पर प्रभाव डाल सकता है। वह तेल की मूवमेंट और कीमतें इस तरह तय कर सकता है जिससे चीन को नुकसान हो। भारत जैसे देशों पर भी असर पड़ सकता है। हालांकि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर यूएस का कब्जा इतना आसान और जल्द नहीं होगा, इसमें कुछ साल लग सकते हैं।




राजीव डोगरा

### अगर वह इसमें कामयाब नहीं हो पाता है तब...

रूस के प्रेजिडेंट व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका से कहा था कि वह वेनेजुएला से दूर रहे, वरना वहां वह फंस जाएगा। हालांकि मुझे इसकी संभावना कम लगती है लेकिन अगर ऐसी स्थिति आती है तो इसमें आगे कई तरह की संभावनाएं देखने को मिल सकती हैं। रूस और चीन अपनी आक्रामकता दिखा सकते हैं। मगर, ऐसा लगता नहीं कि अमेरिका इस कार्रवाई में नाकाम हुआ है। ऐसा लगता है कि इस कार्रवाई के बाद पूरे साउथ अमेरिका के देश घबरा जाएंगे। ऐक्शन के पहले से ही राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ रहे इन देशों के संबंध अमेरिका के साथ और खराब हो जाएंगे।

### 'और बढ़ेगा अमेरिका का दबदबा और संघर्ष...'


योगेश गुप्ता मानते हैं कि वेनेजुएला के साथ हमारे आर्थिक संबंध सीमित हैं, साल 2024-2025 में निर्यात 200 मिलियन डॉलर का था। क्रूड ऑयल का आयात भी मार्च में ट्रंप की ओर से वेनेजुएला के तेल पर टैरिफ लगाए जाने के बाद कम हो गया था। अमेरिकी दबदबा और बढ़ेगा। इसके बाद वैश्विक अस्थिरता, संघर्ष और तनाव बढ़ेंगे। दुनिया के कई देशों में परमाणु हथियारों को लेने की होड़ बढ़ेगी। इससे वैश्विक व्यापार, सप्लाई चेन और सहयोग पर असर पड़ेगा।




योगेश गुप्ता

**पूरी दुनिया पर पड़ेगा प्रभाव**

## तेल की कीमतें बढ़ेंगी, भारत से ट्रेड पर असर



### दुनिया के टॉप-5 तेल भंडार वाले देश




**7 धमाके** हुए वेनेजुएला की राजधानी कराकास में शनिवार की सुबह

**इसके बाद** लोग सड़कों पर आए। 30 मिनट तक हमला चला।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वेनेजुएला पर** अमेरिकी कार्रवाई और इसके प्रभाव को दुनिया गौर से देख रही है। जियो पॉलिटिकल हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं। लैटिन अमेरिकी देश पर हुए हमले का असर भारत समेत पूरी दुनिया पर पड़ेगा।

वेनेजुएला में फिलहाल राजनीतिक नेतृत्व को लेकर असमंजस है। अब देश के अंदरूनी हालात कैसे होंगे इसे लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से कच्चे तेल को लेकर अमेरिकी असहजता का निशाना बने और एकतरफा भारी भरकम टैरिफ का शिकार बने भारत के लिए वेनिज्वेला का हालिया संकट परेशानी का सबब बन सकता है।

**तेल की खरीद पर पड़ेगा असर:** कच्चे तेल के भंडार की धरती वेनेजुएला से दुनिया के कई देशों की तरह भारत भी तेल आयात करता रहा है। हालांकि बीते एक दशक में इस स्थिति में खासा बदलाव आया है। साल 2013 में भारत के कुल तेल आयात में वेनेजुएला की भागीदारी 10% थी। हालांकि साल 2019 में घटकर 5.9% और साल 2020 में यह केवल 3.6% ही रह गई। साल 2024 में वेनेजुएला ने एक बार फिर भारतीय बाजार में जगह बनाई। बीते साल वह भारत का 10वां सबसे बड़ा तेल आयातक बनकर सामने आया। भारत ने उससे करीब 22 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदा। मगर, अमेरिका की ओर से टैरिफ ऐलान के बाद यह कम हुआ है।

**कच्चे तेल की कीमतें दुनिया भर के लिए बढ़ सकती हैं:** वेनेजुएला ने 2025 में दुनिया की तेल सप्लाई का एक फीसदी हिस्सा यानि 900,000 बैरल तेल हर दिन प्रोड्यूस किया। ऐसे में अगर वेनेजुएला की तेल सप्लाई पर संकट आया तो, कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा होना तय है। ये ऐसे देशों के लिए और मुश्किलें लाएगा, जो अपनी खपत का ज्यादातर हिस्सा तेल बाहर से खरीदते हैं। उनमें भारत का नाम भी शामिल है, जो पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी टैरिफ झेल रहा है।


भारत और वेनेजुएला के बीच रिश्ते गहरे हैं। भारत ने हाल ही में 2.7 टन जीवन रक्षक वैक्सीन वहां भेजी है। भारत वहां फार्मास्यूटिकल्स उत्पाद, मशीनरी और कपड़ों का निर्यात करता है। हाल ही में दोनों देशों के बीच डिजिटल सहयोग पर एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए हैं।

### कूटनीतिक पसोपेश भी

*इस अप्रत्याशित घटनाक्रम को लेकर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूसी बयान में इसे सशस्त्र आक्रामकता करार दिया गया है। वहीं चीन वेनेजुएला को अपना सबसे मजबूत ऊर्जा साझेदार मानता है। ऐसे में आशंका है कि अगर चीन और रूस भी इस तरह प्रत्यक्ष तौर पर इस घटनाक्रम में शामिल हो गए, तो यह स्थिति काबू से बाहर हो सकती है। उस वक्त भारत भी कूटनीतिक पसोपेश की स्थिति से दो-चार जरूर होगा।*

**NBT AI टाइम मशीन**

## आज हुई थी बुर्ज खलीफा की शुरुआत



**₹5600** करोड़ के आसपास हर साल टिकटों से कमाई

**2 करोड़** के करीब इंटरनैशनल टूरिस्ट्स दुबई आए 2024-2025 में

**10 लाख** लोग न्यू ईयर जैसे विशेष मौकों पर केवल बुर्ज खलीफा के पास इकट्ठा होते हैं

**48%** टूरिस्ट्स बुर्ज खलीफा के At the Top ऑब्जर्वेशन डेक पर जरूर जाते हैं

**2,717** फीट बुर्ज खलीफा की कुल ऊंचाई

**2,191** दिन का समय लगा था इसको बनाने में

**2.2 करोड़** बार खोजा जाता है हर साल गूगल पर बुर्ज खलीफा को। यह दुनिया का सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली इमारत

आज ही के दिन 2010 में दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा की शुरुआत हुई थी। यह UAE में मौजूद शहर दुबई में है। इसे बनाने में लगभग 6 साल लगे। इसकी कुल लागत 1.5 बिलियन डॉलर यानी करीब 12,500 करोड़ रुपये आई थी। 828 मीटर (2717) ऊंची इस इमारत में 163 मंजिलें हैं। इस बुर्ज को बनाने में हर दिन 12,000 से ज्यादा मजदूरों ने काम किया। यह आज भी इंसान की बनाई दुनिया की सबसे ऊंची और मशहूर संरचना है। शुरुआत में इसका नाम 'बुर्ज दुबई' रखा गया था। उद्घाटन के समय इसका नाम बदलकर 'बुर्ज खलीफा' कर दिया गया। इसे बनाने की स्पीड इतनी तेज थी कि कभी-कभी हर हफ्ते 2 नई मंजिलें तैयार हो जाती थीं। इसमें इतना कंक्रीट लगा है, जिसका वजन 1,00,000 हाथियों के बराबर है। इमारत के बाहरी हिस्से में 26,000 से ज्यादा कांच के पैनल लगे हैं, जिन्हें साफ करने में ही 3 महीने का समय लग जाता है।

### भविष्य में बिल्डिंग्स वर्टिकल सिटी जैसी



ChatGPT के अनुसार, भविष्य में इमारतें 2 से 3 किलोमीटर तक ऊंची वर्टिकल सिटी की तरह होंगी। ये ग्राफीन यानी कार्बन एटम और सेल्फ हीलिंग कंक्रीट से बनी बेहद मजबूत होंगी। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर आधारित अल्ट्रा-स्मार्ट बिल्डिंग्स खुद सोचेंगी, सीखेंगी और मौसम के हिसाब से खुद को ढाल लेंगी। घर, दफ्तर, स्कूल, खेल के मैदान, अस्पताल और खेत एक ही ढांचे में होंगे। समुद्र में तैरती इमारतें होंगी, रेगिस्तान और बर्फीले इलाकों में स्मार्ट कॉलोनी बसेंगी।

**बहुत ही मजबूत:** भूकंप, तूफान, बाढ़, आग सबके लिए ऑटो-रिस्पॉन्स सिस्टम होगा। इनकी उम्र 300-500 साल तक होगी। साथ ही कम रखरखाव की जरूरत होगी।

**अल्ट्रा-स्मार्ट:** इमारतें सोचेंगी और सीखेंगी, रहने वालों की आदतों के अनुसार खुद बदलेंगी। AI तापमान, रोशनी, हवा, सुरक्षा सब संभालेगा। चेहरे/आवाज से एंट्री, चाबी की जरूरत नहीं होगी। अंदर ही हॉस्पिटल, स्कूल, फार्म, पार्क, शॉपिंग, ऑफिस होंगे। पानी-हवा खुद साफ करने की क्षमता भी होगी।

## ईरान के सबसे बड़े नेता ने कहा, दंगाइयों पर सख्ती होगी

File Photo



ईरान में हुए हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 10 लोगों की जान जा चुकी है।

■ एपी, दुबई

**ईरान के** सर्वोच्च नेता ने शनिवार को देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों पर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ये टिप्पणियां एक हफ्ते से जारी प्रदर्शनों के प्रति अधिकारियों को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति देने का संकेत लगती हैं। उन्होंने ईरान के गिरते रियाल के लिए भी दुश्मन को दोषी ठहराया। ईरान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में 10 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी सामने आई है। शनिवार को दो और मौतें दर्ज की गईं और हिंसा का एक नया स्तर देखने को मिला।

**रियाल में गिरावट के लिए दुश्मन देश को दोषी बताया**

विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है और ऐसा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार को ईरान को दी गई चेतावनी के बाद हो रहा है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिंसक हत्या करता है तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि ट्रंप हस्तक्षेप करेंगे या नहीं, यदि करेंगे तो कैसे करेंगे। यह 2022 के बाद से ईरान का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है।

तेहरान में एक सभा के दौरान दिए गए खामेनेई के उन बयानों को सरकारी टीवी पर प्रसारित किया गया जिनमें उन्होंने रियाल की गिरती कीमत से नाराज प्रदर्शनकारी ईरानियों की चिंताओं को दंगाइयों से अलग करने की कोशिश की।

## फर्जी डिग्री: यूनिवर्सिटी के दो प्रमोटर भगोड़ा घोषित

■ भाषा, नई दिल्ली

**शिमला के** पीएमएलए कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के कथित फर्जी डिग्री घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के दो प्रमोटरों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है।

**हिमाचल प्रदेश से जुड़े मामले में कोर्ट का आदेश**

अधिकारियों के मुताबिक भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम 2018 के तहत मनदीप राणा और उसकी मां अशोनी कंवर को भगोड़ा घोषित किया गया है। ये दोनों सोलन में मानव भारती यूनिवर्सिटी के प्रमोटर हैं। अशोनी कंवर के पति राजकुमार राणा इस यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रमोटर बताए जाते हैं। ED के अनुसार भगोड़ा घोषित किए गए मनदीप राणा और अशोनी कंवर फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि ED ने दिसंबर 2022 में राजकुमार राणा और 15 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इसके बाद पीएमएलए कोर्ट ने जनवरी 2023 में इस मामले का संज्ञान लिया और अशोनी कंवर और मनदीप राणा को समन जारी किए थे। इसके बावजूद दोनों आरोपी भारत नहीं लौटे। इसके बाद अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया।



## फैशन का नया स्टेटमेंट अब क्या...

■ Labubu ट्रेंड के बाद अब 2026 में फैशन का नया स्टेटमेंट बनने वाला है Mirumi, जो सेंसर्स और एल्गोरिदम से लैस छोटा सा स्टाइलिश रोबोट है। इसे आप अपने बैग या बेल्ट पर क्लिप कर सकते हैं।

■ जेन Z के बीच लोकप्रिय हो रहे रोबॉट को जापान की Yukai Engineering ने बनाया है। यह आसपास की आवाज या स्पर्श का जवाब देता है। जब कोई इसे छूता है, तो सिर घुमाने जैसे भाव दिखाता है।

## अमेरिका ने चिप सौदे को रद्द किया

■ **एपी, वॉशिंगटन:** राष्ट्रपति ट्रंप ने 29 लाख अमेरिकी डॉलर के कंप्यूटर चिप सौदे को रद्द करने का आदेश देते हुए कहा कि अगर वर्तमान मालिक 'हाइफो कॉर्प' टेक्नॉलजी पर नियंत्रण बनाए रखता है तो यह अमेरिकी सुरक्षा हितों के लिए खतरा बन सकता है। इस कार्यकारी आदेश ने एक ऐसे व्यावसायिक सौदे पर ध्यान केंद्रित किया, जो मई 2024 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान घोषित किया गया था। इस सौदे में एयरोस्पेस और रक्षा विशेषज्ञ एमकोर कॉर्प ने अपने कंप्यूटर चिप और वेफर निर्माण कार्यों को 29 लाख अमेरिकी डॉलर में हाइफो को बेच दिया था। लेकिन ट्रंप अब 'हाइफो' से मांग कर रहे हैं कि वह 180 दिनों के भीतर इस तकनीक से अपनी हिस्सेदारी समाप्त कर दे।

## ज़िम्मेदार AI पर नज़र, भारत का पश्चिमी देशों से साझेदारी पर ज़ोर


Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत फरवरी में होने वाली अपनी AI इंपैक्ट समिट को लेकर भले ही महत्वाकांक्षी योजना बना रहा हो, लेकिन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) को लेकर भारत का नजरिया नया नहीं है। भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिम्मेदार AI के नैतिक इस्तेमाल को जोर देकर उठाता रहा है। AI के क्षेत्र में भारत की विजन समिट से कहीं पहले की है।

बीते साल पीएम मोदी ने पैरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पैरिस AI समिट की सह अध्यक्षता की थी। उस वक्त भी भारत ने दुनिया के सामने अपने देश में विकसित किये गए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुभवों को सामने रखा था। भारत ने हमेशा कहा कि जिम्मेदार AI, जिम्मेदार दिशानिर्देशों से आगे बढ़ना चाहिए।

**कनाडा-ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ तकनीक के क्षेत्र में साझेदारी:** नवंबर 2025 में जोहानिसबर्ग में हुए G20 समिट के दौरान ऑस्ट्रेलिया, भारत और कनाडा जैसे देशों के बीच तकनीक और नवाचार को लेकर एक सहमति बनी थी। साझेदारी के जरिए तीनों देश क्लीन एनर्जी के साथ साथ AI के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी दिशा में आगे बढ़ने को लेकर एक समझ बनी।

File Photo



### संप्रभु AI पर अब रहेगा ज़ोर...

टेक जानकार कनिष्क गौर कहते हैं कि भारत AI मिशन के तहत इंडिया सिक्योरिटी इंस्टिट्यूट बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इसके अलावा भारत संप्रभु AI पर खास जोर दे रहा है। वो खुद को ऐसे हब की तरह देखता है जहां एआई का विकास सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लाभ के लिए भी हो सके।

### भारत ने हाल ही में AI फ्रेमवर्क जारी किया है

सरकार का दावा है कि वो इस तरह की AI टेक्नॉलजी चाहती है जिसका इस्तेमाल पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से हो। बीते दिनों AI को लेकर जो दिशानिर्देश जारी किए है, उनमें मुख्य तौर पर 7 मूल नैतिक सिद्धांत और गवर्नेंस के 6 बड़े स्तंभ तय किए गए हैं। उनमें डेटा प्राइवेसी, सुरक्षा और जवाबदेह जैसे मुद्दे शामिल है। आने वाली समिट के जरिए AI विशेषज्ञों, स्टेक होल्डर्स और इंडस्ट्री के लोगों की चर्चा और मंथन से ऐसी दिशा सामने आएगी जो सुरक्षित और AI को राह दिखा सके।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4 Time: 01-03-2026 21:07 Color:



Registration No.: HRERA-PKL-SNP-548-2024 Dated: 23.02.2024
https://haryanarera.gov.in/view_project/searchprojectDetail/2738
Project: Elite Homes+02 Home | Developer: Y.P. Infratech Pvt. Ltd.

दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AFFORDABLE PLOT

(Under Deen Dayal Jan Awas Yojna 2016, Govt. of Haryana)

RERA APPROVED

**फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Affordable Plot सेक्टर–24, सोनीपत, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवासीय भूखंड (हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल रेज़िडेन्सियल प्लॉटेड कॉलोनी DDJAY-2016 के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं। विवरण वेबसाइट www.deendayalaffordableplot.com पर उपलब्ध है।

## PROJECT LOCATION: SECTOR-24, SONIPAT, HARYANA

| शुरुआती मूल्य | आवेदन की अंतिम तिथि | आवंटन की तिथि |
|---|---|---|
| ₹ 93.22 Lakh | 04-01-2026 | 07-01-2026 |

**आवेदन करने के लिए भुगतान (100% रिफंडेबल) ₹ 21,000 मात्र**

| Area in (Sq.Yd.) | Area in (Sq.Mtr.) | Registration Amount | 10% Within 5 Days | 40% Within 30 Days (Bank Loan Available) | 50% On Offer of Possession (Bank Loan Available) | Total Cost* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 143.42 | 119.90 | ₹ 21,000 | ₹ 9,11,230 | ₹ 37,28,920 | ₹ 46,61,150 | ₹ 93,22,300 |
| 167.44 | 139.98 | ₹ 21,000 | ₹ 10,67,360 | ₹ 43,53,440 | ₹ 54,41,800 | ₹ 1,08,83,600 |

*PLC & Govt. Charges Applicable


1 Sq. Mtr. = 1.196 Sq. Yd.

Registration of builder buyer agreement is mandatory after making a total payment of 10%






### CONNECTIVITY




### INDUSTRIAL HUB




### EDUCATIONAL HUB




Gated Community | Commercial Area | 24*7 Water Supply | CCTV Surveillance | Green Park | Kids Play Area | Club House | Mandir

**LOCATION ADVANTAGE**

- Delhi 10 Mins.
- Market 2 Mins.
- College / University 10 Mins.
- Hospital 5 Mins.
- School 2 Mins.
- Gurugram 50 Mins.
- IGI Airport 40 Mins.
- Right Opposite to HUDA's Fully Developed Residential Sector

Upto 80% Loan Available from Leading Banks

## हेल्पलाइन नं. : +91-82878 73535

## Register Online: www.deendayalaffordableplot.com

Scan to Apply

**Disclaimer:** All images and visuals are artistic impressions used solely for representational purposes. This advertisement does not constitute a legal offer or commitment. Project specifications, features, layouts, and timelines are subject to change without prior notice at the discretion of the developer or due to regulatory requirements. Travel times mentioned are approximate and may vary depending on traffic and local conditions. Terms & Conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-03-2026 23:54 Color:



# दिव्यांग गार्ड को रौंद कार छोड़ भागा आरोपी

## मॉडल टाउन में हादसा, परिवार में अब कोई कमाने वाला नहीं बचा

■ NBT रिपोर्ट, मॉडल टाउन

31 दिसंबर की आधी रात 12 बजते ही हर तरफ नए साल का जश्न मनाया जा रहा था। वहीं, मॉडल टाउन में एक परिवार में मनहूस कॉल आई। दरअसल हिट एंड रन से जुड़ी थी। जहां एक नौसिखिया ने कार को बैक करते समय ब्रेक की एक्सीलेटर दबा दिया। जिससे कुर्सी पर बैठे दिव्यांग गार्ड ने नीचे आ गए। वह कार के नीचे ही फंसे रह गए। प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया कि इसके बाद आरोपी ने कार को भगाने के चक्कर में कार को आगे पीछे करने की कोशिश की। इसके बाद कार वहीं छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मृतक की पहचान जसपाल सिंह (45) के तौर पर की है। कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है।

पुलिस अफसर के मुताबिक मॉडल टाउन थाने को 1 जनवरी को तड़के 2:30 बजे कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि गुरुद्वारा नानक प्याऊ पर एक्सिडेंट हुआ है। जसपाल सिंह परिवार के साथ संगम पार्क, राणा प्रताप पार्क में रहते थे। पुलिस का कहना है कि कार के मालिक की पहचान नरेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। वह दूसरी मंजिल, गली नंबर 10, गुरु नानक नगर, तिलक नगर का रहने वाला है। हादसे का शक इसी पर है। जसपाल श्री गुरु तेगबहादुर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नानक प्याऊ नॉर्दन रोड पर गार्ड की जॉब करते थे। हादसे के समय वह गुरुद्वारे के निकट कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान कार ने उन्हें रौंद दिया। मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज किया है।



AI Image

गुरुद्वारा नानक प्याऊ में इंस्टिट्यूट के बाहर कुर्सी पर बैठे थे गार्ड | कार बैक करते समय आरोपी ने गार्ड पर कार चढ़ा दी | हिट एंड रन के बाद आरोपी फरार, पुलिस मौके पर पहुंची, गार्ड को अस्पताल ले जाया गया

### अकेले परिवार का गुजारा कर रहे थे, बेसहारा हुए घर वाले

साल 2026 का पहला दिन जसपाल के परिवार के लिए न भूलने वाली त्रासदी बन गया। मूलरूप से पंजाब के रहने वाले जसपाल के भाई ने बताया कि उनके न रहने से घर में कोई कमाने वाला नहीं बचा है। जसपाल का एक हाथ और एक पैर पोलियोग्रस्त था। उनके परिवार में पत्नी वर्षीय रमनदीप कौर (36) है, वह भी मानसिक परेशानी से जूझ रही है। मानसिक रूप से कमजोर बेटी (14) और 7 साल का बेटा है। जसपाल की मां स्वर्णा कौर (72) भी है। वहीं, पिता करनैल सिंह का 14 साल पहले निधन हो चुका है। भाई ने बताया कि जसपाल पिछले 12-13 साल से गुरुद्वारे के पास इंस्टिट्यूट में जॉब कर रहे थे। करीब 20 से 22 हजार तनख्वाह मिलती थी। उसी से परिवार जीवनयापन कर रहा था। हादसे की रात जसपाल गुरुद्वारे के पास कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान सियाज कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें मालूम चला है कि कार को एक नौसिखिया चला रहा था। उसके साथ एक शख्स और बैठा था। हादसे के बाद जसपाल का मोबाइल वहीं गिर गया। परिवार ने कहा, जसपाल ने 12 बजते ही जानकारों को नए साल की शुभकामनाएं दी थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत


■ NBT रिपोर्ट, बेगमपुर: नया साल बेगमपुर में भी हिट एंड रन का मामला एक परिवार के लिए न भूलने वाला दर्द लेकर आया। कृष्ण कुमार नाम के शख्स को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। घर में उनकी पत्नी के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं, जो कि पढ़ाई कर रहे हैं। बेगमपुर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी कार सवार की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक कृष्ण कुमार के बेटे चेतन (22) के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वह परिवार के साथ गांव होलंबी कलां में रहते हैं। उनके पिता ही घर में अकेले कमाने वाले थे। वह पीटर की जॉब करते थे। 31 दिसंबर को पिता सुबह 11 बजे अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए गए थे। करीब 4:10 बजे उनके मोबाइल पर किसी ने कॉल करके बताया कि हेलीपैड रोड पर एक्सिडेंट हुआ है, क्या वह आपका कोई जानकार है। हम इन्हें महर्षि वाल्मीकि हॉस्पिटल पूठ खुर्द में लेकर जा रहे हैं। चेतन ने बताया कि वह उनके पिता हैं। इसके बाद मोबाइल लोकेशन मंगाई। चेतन अपने छोटे भाई इशांत के साथ पहले घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंचे। वहां मालूम चला कि उनके पिता को डॉक्टर ने क्रिटिकल कंडीशन देखते हुए सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर कर दिया है। 1 जनवरी को पिता की सफदरजंग हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चेतन को पता चला कि उनके पिता की बाइक को किसी कार ने टक्कर मारी थी।

**बेगमपुर में हादसा, कार वाले की तलाश में जुटी पुलिस**

## 'सर, मैंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से हत्या कर दी है'

AI Image




■ NBT रिपोर्ट, नरेला: नरेला इलाके में लाइसेंसी रिवॉल्वर से एक शख्स को गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे संपत्ति बेचने के बाद कमीशन को लेकर हुआ विवाद है। हत्या के बाद शख्स थाने पहुंचा और उसने हत्या करने की बात कहकर सभी को चौंका दिया। पुलिस ने उसकी लाइसेंसी रिवॉल्वर कब्जे में ले ली और उसकी निशानदेही पर क्राइम सीन पर पहुंचे। पुलिस को ट्यूबवेल के पास एक शव मिला। मृतक की पहचान 55 वर्षीय धर्मपाल के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में दिनेश और भूप सिंह को हिरासत में ले लिया है। डीसीपी आउटर नॉर्थ वी. स्वामी के मुताबिक शनिवार सुबह दिनेश कुमार नरेला पुलिस स्टेशन पहुंचा था। उसने थाने में मौजूद पुलिसकर्मी को बताया कि उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से धर्मपाल की गोली मारकर हत्या कर दी है। धर्मपाल का बेटा प्रदीप है। उसने अपने पिता के शव की पहचान की। उधर, मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए।

**नरेला का मामला, हत्या कर थाने पहुंचा आरोपी**


## बदमाशों ने युवक को मारा चाकू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: न्यू अशोक नगर में शनिवार सुबह बदमाशों ने जय प्रकाश (32) को चाकू मार दिया। डीसीपी ईस्ट अभिषेक धानिया ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस को अस्पताल से युवक को चाकू मारने की खबर मिली। वह परिवार के साथ पुरानी कोंडली में रहते हैं। परिवार में पिता दीप नारायण के अलावा अन्य सदस्य हैं। वह प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवारवालों ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह जय प्रकाश काम से घर से निकले थे। तभी अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। उनकी पेट में कई चाकू लगे हैं।



## ATM जैमिंग डिवाइस लगा करते थे ठगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के किशनगढ़ थाना पुलिस ने एटीएम में जैमिंग डिवाइस का इस्तेमाल कर लोगों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चार एटीएम जैमिंग डिवाइस व 12,700 नकदी के अलावा एक पिस्टल बरामद की गई है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 1 जनवरी को किशनगढ़ इलाके में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति को घूमते हुए पकड़ा। आरोपी की पहचान सलमान के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने एटीएम फ्रॉड में अपनी भूमिका का खुलासा किया।



## पंक्चर गैंग ने गाड़ी से उड़ाए 5 लाख

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शास्त्री पार्क में पंचर गैंग का बदमाश कार सवार पुलिस वेंडर का लैपटॉप बैग चोरी कर फरार हो गया। बैग में पांच लाख रुपये थे। पुलिस ने बताया कि श्रेयुल पंडित (40) कड़कड़डूमा में रहते हैं। उनका आरोप है कि 2 जनवरी की शाम करीब 6:30 बजे वह अपनी कार से साथी विनीत और संजीव के साथ कश्मीरी गेट स्थित DCP ऑफिस से घर की ओर जा रहे थे। रास्ते में स्कूटी पर दो लड़के आए। इशारा किया कि उनकी गाड़ी का टायर पंचर है। स्कूटी सवार बदमाश लैपटॉप बैग निकाल कर भाग गया।



## हत्या समेत 6 मामलों में शामिल आरोपी बना हथियार सप्लायर

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: मर्डर समेत छह केसों में आरोपी रहा बदमाश अब अवैध हथियार सप्लाई करने वाले रैकेट का हिस्सा बन गया था। वह दिल्ली में पिस्टल बेचने की फिराक में था तो क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया। आरोपी की शिनाख्त यूपी के गाजियाबाद जिला निवासी अंकित उर्फ मुन्ना (26) के तौर पर हुई है। पुलिस ने इससे स्टार और बैरेटा की दो पिस्टल के अलावा छह कारतूस रिकवर किए हैं। क्राइम ब्रांच में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क एरिया में एक हथियार सप्लायर के आने की सूचना 2 जनवरी को मिली थी। एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर विनय कुमार की टीम बनाई गई। आरोपी अंकित उर्फ मुन्ना को शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के करीब से दबोच लिया गया। आरोपी ने बताया कि पारिवारिक विवाद में उसके दो बड़े भाइयों ने चाचा की हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह भी अपराध से जुड़ गया।

AI Image



**दिल्ली में पिस्टल बेचने की फिराक में था आरोपी, दो पिस्टल, छह कारतूस बरामद**


## हॉर्न बजाने के विवाद में शख्स को किया घायल

■ NBT रिपोर्ट, रोहिणी: रोहिणी में कार पार्क करने को लेकर एक युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दीपेंद्र यादव परिवार के साथ नया बांस दिल्ली में रहते हैं। 1 जनवरी को वह अपने दोस्त केशव और नितिन के साथ रोहिणी सेक्टर-24 में कार से गए थे। दोपहर करीब 3 बजे जब वह बैंक रोड, रोहिणी सेक्टर-24 वाइन शॉप के पास पहुंचे तो वहां रोड पर बीच में कार खड़ी थी। कई बार हॉर्न बजाया लेकिन कोई रेस्पॉन्स नहीं आया। एक शख्स बियर की बोतल लेकर आया और उस कार में बैठने लगा। दीपेंद्र यादव ने उसे टोका। आरोप है कि वह शख्स गाली देने लगा। दीपेंद्र गाड़ी से नीचे उतरे तो वह शख्स हाथापाई करने लगा। इसी दौरान उसने सिर पर बियर की बोतल मार दी।

## भीड़ के पीटने से मौत केस में चार गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



साउथ एक्सटेंशन इलाके में चोरी के शक में एक 30 वर्षीय युवक की कथित तौर पर भीड़ के पिटाई किए जाने से मौत के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान यूपी के सुल्तानपुर निवासी विक्रम (22), बिहार के कटिहार निवासी नीतू (19), बिहार के औरैया निवासी शिवम कुमार (27) और सुल्तानपुर निवासी फूल चंद (38) के रूप में हुई है। पकड़े गए सभी आरोपी मजदूर हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय सभी लोग निर्माणाधीन इमारत में सो रहे थे। गुरुवार रात करीब 2:30 बजे खटपट की आवाज से उनकी आंखें खुली तो देखा एक युवक इमारत में चोरी कर रहा है।

पकड़ने के बाद मारपीट के दौरान युवक बेहोश हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस को शव पर गंभीर चोटों के निशान मिले। पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान गुरमीत सिंह उर्फ प्रिंस के रूप में हुई।

**सफाई का काम करते थे गुरमीत:** वहीं मृतक के परिजनों ने चोरी के आरोपों को खारिज किया है। जान गंवाने वाले गुरमीत सिंह की बुआ कौशल्या का कहना है कि गुरमीत पिछले दो महीने से वहां काम कर रहा था और जिस निर्माणाधीन साइट में उसकी मौत हुई, उससे सटी इमारत में ही वह साफ-सफाई का काम करता था। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

**साउथ एक्सटेंशन में चोरी के शक में कथित तौर पर भीड़ ने की थी युवक की पिटाई**

## कार में आए दबंगों ने की फायरिंग

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: नंदग्राम थानाक्षेत्र में कार में सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर बस्ता क्षेत्र में दहशत फैला दी है। पहले आरोपियों ने एक घर पर गोलियां बरसाईं, फिर एक बलेनो कार पर फायर किया, जिसमें कार सवार दो युवक बाल-बाल बच गए। पीड़ितों ने कार का पीछा किया तब उन्होंने फिर हवाई फायर कर दी। वारदात के बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गए। हालांकि, बलेनो में तीन बुलेट लगी हैं। गोली चलने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस खबर लिखे जाने तक कार सवारों को पता नहीं कर सकी है।

मढ़ा नंबर पांच सिकरोड़ निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह मुख्य मार्ग पर बने मकान में रहते हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनका बेटा शुभम घर के पास खड़ा था। उनका दूसरा बेटा हर्ष दोस्त अंकुर के साथ बलेनो कार में थे। मेरठ रोड की तरफ से आई एक काली रंग की कार में सवार युवकों ने घर पर फायरिंग की और बाद में बलेनो कार के पास आते ही तीन बार फायर कर दी।

**गाजियाबाद में वारदात, कार में लगी तीन गोली**

### ट्रैफिक और बटालियन में भी 'रोस्टर क्लर्क' को एक साल बाद हटाना होगा

# थाने में एक साल से ज़्यादा नहीं रहेंगे चिट्ठा मुंशी

Shanker.Singh@timesofindia.com


■ नई दिल्ली: पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस में संवेदनशील पदों पर तैनाती और रोटेशन को लेकर सख्त गाइडलाइंस जारी किए गए हैं। पुलिस स्टेशन में तैनात चिट्ठा मुंशी और ड्यूटी ऑफिसर के अलावा ट्रैफिक डिविजन और बटालियन में ड्यूटी रोस्टर बनाने जैसे संवेदनशील पोस्ट पर किसी भी पुलिसकर्मी को एक साल से ज्यादा समय तक तैनात नहीं रखा जाएगा। इसके बाद ऐसे पुलिस स्टाफ को फील्ड ड्यूटी पर लगाने को कहा गया है।

पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा की तरफ से जारी स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, पुलिस स्टेशन में स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर तैयार करने वाले चिट्ठा मुंशी की नियुक्ति सिर्फ हेड कॉन्स्टेबल, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (ASI) या प्रमोटेड सब इंस्पेक्टर (SI) रैंक वाले स्टाफ में से ही की जाएगी। थाने में चिट्ठा मुंशी का कार्यकाल पूरा करने के बाद संबंधित पुलिस वाले को उसी पुलिस स्टेशन या सब-डिविजन एरिया में दोबारा तैनात नहीं किया जाएगा। इसी तरह उन्हें सीट पर बैठे रहने के बजाय फील्ड ड्यूटी पर लगाने को कहा गया है। कई संवेदनशील ब्रांच में तैनात मिनिस्ट्रियल स्टाफ, जनरल स्टोर इंचार्ज, सामान की खरीदारी करने वाले के अलावा पोस्टिंग और ट्रांसफर से जुड़े पुलिसकर्मियों का भी हर दो साल में रोटेशन अनिवार्य किया गया है।

दूसरे जिले या यूनिट में उसी तरह की तैनाती से पहले कम से कम पांच साल का अंतराल जरूरी कर दिया गया है। अफसरों का कहना है कि काफी सोच-विचार के बाद यह तय किया गया है।

सभी जिलों और यूनिट्स के डीसीपी को थाने, लाइंस या ट्रैफिक सर्कल के अपने दौरे के दौरान इस ऑर्डर के अनुपालन की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं।

AI Image





**आखिरी 2 साल में पोस्टिंग की चॉइस**

*पुलिसकर्मियों का रिटायरमेंट से दो साल पहले जनरल ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, इच्छुक 58 साल की उम्र पूरी कर चुके पुलिसवालों को तीन ऑप्शन देकर टर्मिनल पोस्टिंग का विकल्प चुनने का मौका मिलेगा। ट्रांसफर चाहने वाले ऐसे पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग पर फैसला संबंधित विभाग की वैकेंसी, योग्यता, कौशल और प्रशासनिक जरूरत के आधार पर PEB की तरफ से लिया जाएगा।*

## 9 अरेस्ट, 11 केस का हुआ खुलासा

■ NBT न्यूज, आउटर दिल्ली: बाहरी जिला की पुलिस टीम ने स्ट्रीट और ऑर्गेनाइज क्राइम को लेकर की गई कार्रवाई में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 5 मोबाइल, 3 बाइक, 4 स्कूटी, 2 कंट्री मेड पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस और 7 चाकू बरामद किए हैं। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि इनके पकड़े जाने से मंगोलपुरी, नांगलोई, गोविंदपुरी, निहाल विहार, केएन काटजू मार्ग, रणहौला के 11 मामलों का खुलासा किया है। जिला की पुलिस टीम के द्वारा यह कार्रवाई निहाल विहार, नांगलोई, मंगोलपुरी, राज पार्क, रणहौला, पश्चिम विहार वेस्ट और सुल्तानपुरी थाना इलाके में की गई है।



## पिस्टल दिखा चाय वाले से लूटपाट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वेलकम इलाके में एक चाय वाले से पिस्टल और चाकू के बल पर बाइक सवार तीन बदमाश लूटपाट कर फरार हो गए। पीड़ित ने भागने की कोशिश की तो बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित के बयान पर लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों का पता किया जा रहा है।









CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-03-2026 23:18 Color:



## ...जब चांद बना 'सुपर'

# दिल्ली की फिजाओं में 2026 के पहले सुपरमून का राज!

दिल्ली की सर्द रात और आसमान में चमकता साल 2026 का पहला 'सुपर मून'! शनिवार की रात राजधानी ने एक ऐसा दुर्लभ नजारा देखा जहां चांद धरती के बेहद करीब था। यह सिर्फ एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि नए साल का वो शानदार नजारा था, जिसने हर किसी को हैरान किया।



Photo : PTI

# दिल्ली का AQI 265, पर कई स्टेशन में लेवल 300 पार

## राजधानी में सुबह से शाम तक धीरे-धीरे बढ़ता गया एयर पल्यूशन का स्तर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली वालों** को शुक्रवार को प्रदूषण से राहत मिली थी, लेकिन शनिवार को प्रदूषण के स्तर में फिर कुछ इजाफा हो गया है। दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 265 दर्ज किया गया। शुक्रवार शाम को यह 236 था, तो शनिवार सुबह 244, शाम को 265 और देर शाम को 271 पहुंच गया। देर शाम तक 38 में से 17 एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग स्टेशन में यह 300 पार यानी 'बहुत खराब' स्तर पर पहुंचा। 15 स्टेशन में यह 'खराब' स्तर पर रहा। आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली हवा की क्वॉलिटी दोबारा 'बहुत खराब' रहने की संभावना है।

शुक्रवार को हवा में प्रदूषण 'बहुत खराब' से 'खराब' स्तर पर आ गया, जिसके साथ GRAP 3 हटा दिया गया। नए साल के पहले दिन यह 380 (बहुत खराब स्तर) पर था। शनिवार को दिल्ली वालों को सुबह कोहरा मिला और दिनभर बादल। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने 40 पल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशन में से 38 स्टेशन का डेटा जारी किया। 36 में से 17 मॉनिटरिंग स्टेशन में यह 300 पार पहुंचा। जहांगीरपुरी में यह 340, नेहरू नगर में यह 337, रोहिणी में यह 333 भी मिला है। 15 स्टेशन में एक्यूआई 200 से 300 के बीच दर्ज किया गया। वहीं, 6 स्टेशन में प्रदूषण का स्तर 200 से कम रेकॉर्ड किया गया। आया नगर में 181, आईजीआई एयरपोर्ट में 174, लोदी रोड में 193, मंदिर मार्ग में 171, नजफगढ़ में 196, शादीपुर में 153 एक्यूआई था।

एनसीआर में भी प्रदूषण का स्तर कम हुआ। गुड़गांव में AQI 259, फरीदाबाद में 221 दर्ज किया गया, तो नोएडा में यह 258, गाजियाबाद में 256, ग्रेटर नोएडा में 256 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, 0 से 50 एक्यूआई यानी हवा अच्छी है। 51-100 संतोषजनक, 101-200 सामान्य, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब और 401-500 गंभीर स्थिति है।

PTI




शनिवार को दिल्ली में लोगों को दिनभर सूरज के दर्शन नहीं हुए। बादल छाए रहे और सुबह के वक्त अधिकतर इलाकों में काफी कोहरा रहा

## कड़ाके की ठंड

# हवाओं ने किया परेशान, न्यूनतम तापमान गिरा

PTI



कर्तव्य पथ पर ठंड के बीच मजदूर गणतंत्र दिवस की तैयारियां करते दिखे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** रात और सुबह ठंड बढ़ गई है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में 24 घंटे में 1 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हिमालय की ओर 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पश्चिमी हवाओं ने राजधानी में ज्यादा ठंड का अहसास कराया। मौसम विभाग ने आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान किया था, हालांकि दिन भर सूरज के दर्शन नहीं हुए। बादल छाए रहे और सुबह-शाम कोहरा रहा।

**शनिवार को न्यूनतम पारा 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

शनिवार को आयानगर में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रहा, यह 24 घंटे में 1.2 डिग्री कमी रहा। पालम में सबसे कम अधिकतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा, यह पिछले दिन से 1.1 डिग्री कम था।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को सुबह के वक्त घना कोहरा परेशान कर सकता है। इसके बाद धूप खिलने की उम्मीद है। सुबह के वक्त सामान्य कोहरा रहने की उम्मीद है, कुछ इलाकों में घना कोहरा रहेगा। न्यूनतम तापमान और गिर सकता है। अधिकतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दौरान ठंडी हवाएं भी 12-15 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलेंगी। इसके बाद में आसमान साफ रहेगा मगर तापमान में कुछ इजाफा होगा। अधिकतम तापमान 18-21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा, वहीं न्यूनतम तापमान 7-10 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। इस दौरान सुबह के दौरान हल्के से सामान्य स्तर का कोहरा रह सकता है।

# कोहरे ने फिर रोका रास्ता, 72 फ्लाइट कैंसल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली एयरपोर्ट** आने-जाने वाली 72 उड़ानें शनिवार को रद्द हुईं। इनमें दिल्ली से जाने वाली 38 और दिल्ली आने वाली 34 उड़ानें हैं। इसके अलावा, कई फ्लाइट लेट हुईं। उत्तर भारत में कोहरे के अलर्ट के बीच कुछ एयरलाइंस ने शुक्रवार रात को ही यात्रियों को अगले दिन की यात्रा के लिए अलर्ट कर दिया। सुबह की कई उड़ानें कैंसल की गईं। दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में छाए घने कोहरे का असर दो हफ्तों से उड़ानों पर पड़ रहा है। एयरलाइंस ने कहा कि तड़के और सुबह के कोहरे के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए इन्हें कैंसल किया जा रहा है ताकि उन्हें लंबे इंतजार की स्थिति में ना रहना पड़े। दिल्ली एयरपोर्ट समेत तमाम एयरलाइंस ने यात्रियों को कहा है कि वो एयरपोर्ट निकलने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें।

**दिल्ली से जाने वाली 38 और आने वाली 34 उड़ानें रद्द हुईं**

File Photo



# कुत्तों को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

PTI



**स्ट्रीट डॉग्स** पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से पहले जंतर-मंतर पर पशु प्रेमियों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को जंतर-मंतर पर एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट, जानवरों के प्रति संवेदनशील लोगों और कई संगठनों के वॉलंटियर्स ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी हालिया आदेश की समीक्षा कर उसे वापस लेने की मांग की और इसे 'अव्यवहारिक' और 'अमानवीय' बताया। ह्यूमेन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स इंडिया की सीनियर डायरेक्टर केरेन नाजारेथ ने कहा कि रेबीज और इंसान और कुत्तों के बीच तनाव के गंभीर मुद्दे हैं, लेकिन कुत्तों को हटाना प्रभावी समाधान नहीं है और इससे वर्षों के प्रयास कमजोर होंगे।

नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और परिवहन केंद्रों जैसे सार्वजनिक संस्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। आदेश में कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी और टीकाकरण करने और उन्हें उनके क्षेत्रों में वापस छोड़ने के बजाय शेल्टरों में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। मगर प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़क के कुत्तों को हटाने या शिफ्ट करने की नीति पहले भी नाकामयाब रही है।

## FMS में दाखिले के लिए 11 तक चांस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (FMS) के दो एमबीए प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो 11 जनवरी तक खुली रहेगी। एमबीए एग्जिक्यूटिव और एमबीए एग्जिक्यूटिव-हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम के लिए स्टूडेंट्स फैकल्टी की वेबसाइट www.fmsduadmissions.in/ पर जाकर कर सकते हैं। अकैडमिक सेशन 2025-27 के लिए फुलटाइम एमबीए के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

**इन कोर्स की फीस 6.0818 हजार रुपये है**

# TOD प्रोजेक्ट: अब 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर बिकेंगे फ्लैट

## पहले राउंड में नहीं आए बायर्स, DDA ने किया बदलाव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ईस्ट दिल्ली** के कड़कड़डूमा इलाके में TOD (ट्रांजिट ओरिएंटेड डिवेलपमेंट) आधारित महत्वाकांक्षी योजना टावरिंग हाइट्स के पहले चरण में ठंडा रिस्पॉन्स मिलने के बाद DDA अब कुछ बदलावों के साथ इस योजना का दूसरा चरण लॉन्च करने जा रही है। पिछली बार फ्लैटों की ई-ऑक्शनिंग में बहुत कम लोगों के शामिल होने और उम्मीद के अनुसार रिस्पॉन्स नहीं मिलने के बाद DDA अब TOD, कड़कड़डूमा में 'पहले आओ, पहले पाओ' बेसिस पर फ्लैट बेचेगी। स्कीम के पहले चरण में 1026 में से 200 फ्लैट्स का भी ई-ऑक्शन नहीं हो पाया था। अब स्कीम के दूसरे चरण में 741 फ्लैट्स शामिल किए गए हैं, जिन्हें 'पहले आओ, पहले पाओ' बेसिस पर बेचा जाएगा। ये सभी 2 BHK वाले फ्लैट हैं।

DDA ने शनिवार को 'DDA टॉवरिंग हाइट्स हाउसिंग स्कीम 2026' का ऐलान किया। 8 जनवरी को इसका ब्रोशर DDA की वेबसाइट (www.dda.gov.in और eservices.dda.org.in) पर अपलोड कर दिया जाएगा और उसी दिन से फ्लैट्स के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो जाएगा। फ्लैट्स की बुकिंग की शुरुआत 23 जनवरी से होगी, जबकि फ्लैटों की बिक्री 31 मार्च तक होगी। इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए 2,500 रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। हालांकि, जो आवेदक पहले से पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं, उन्हें यह शुल्क दोबारा नहीं देना होगा। इसके अलावा रिटेल कैटिगरी में हर फ्लैट की बुकिंग के लिए आवेदक को चार लाख रुपये की बुकिंग राशि जमा करनी होगी। बुक किए जाने वाले फ्लैटों की संख्या पर कोई कैपिंग नहीं होगी। बुकिंग राशि वापस नहीं होगी, लेकिन फ्लैट बुक होने की स्थिति में इसे एडजस्ट कर लिया जाएगा।

DDA ने फ्लैटों के अलॉटमेंट के नियम और शर्तें जारी कर दी हैं। योजना के तहत व्यक्तिगत खरीदारों के साथ-साथ सरकारी संस्थानों के लिए भी फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस स्कीम के तहत 741 फ्लैट रिटेल खरीदारों के लिए और 107 सरकारी संस्थानों के लिए आरक्षित किए गए हैं। सभी फ्लैट अभी कंस्ट्रक्शन स्टेज में हैं और इनका 90% से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।



**1026 फ्लैट्स** स्कीम के पहले चरण में थे, 200 का भी ई-ऑक्शन नहीं हो पाया था

**741 फ्लैट्स** अब स्कीम के दूसरे चरण में शामिल किए गए हैं

**23 जनवरी** से बुकिंग की शुरुआत होगी, 31 मार्च तक होगी फ्लैटों की बिक्री

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**सरकारी संस्थानों के लिए क्या खास?**

इस स्कीम में सरकारी संस्थानों के लिए बल्क अलॉटमेंट की व्यवस्था की गई है। इसके तहत RH-2 ब्लॉक के पीर पंजाल, विंध्य, शिवालिक और सतपुड़ा टावरों में 107 फ्लैट बल्क खरीद के लिए तय किए गए हैं। बल्क खरीद की न्यूनतम सीमा 10 फ्लैट है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों, विभागों, विश्वविद्यालयों, पीएसयू और स्वायत्त निकाय अप्लाई कर सकते हैं। DDA किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है। साथ ही उपलब्धता के अनुसार एक ही टावर में बल्क अलॉटमेंट का प्रयास किया जाएगा।


# पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात, उम्र: लगभग 40–45 साल, लिंग: पुरुष, कद: 5 फुट 6 इंच, चेहरा: लम्बा, रंग: सांवला, शरीर: पतला, पहनावा: स्लेटी रंग की चेक शर्ट और जामुनी रंग की पैंट पहने हुए, दिनांक 06.12.2025 को हाईवे फ्लाईओवर, साईं बाबा मंदिर के पास, नजफगढ़, नई दिल्ली पर एक एक्सीडेंट में वह घायल मिला, फिर उसे राव तुला राम मेमोरियल हॉस्पिटल, जाफरपुर कलां, दिल्ली ले जाया गया, फिर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया, थाना अन्तर्गत नजफगढ़, नई दिल्ली।

इस संदर्भ में FIR No.376/2025, दिनांक 06.12.2025,U/s 281/106(1) BNS थाना नजफगढ़, नई दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए राव तुला राम मेमोरियल हॉस्पिटल शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना नजफगढ़, नई दिल्ली
फोन: 011-25016200, 8750871027

DP/135/DW/2026



भारतीय रेल

# पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स

(पूर्व में डीजल रेलइंजन आधुनिकीकरण कारखाना)
पटियाला-147 003

## इलेक्ट्रोनिक निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रोनिक निविदाएं आमंत्रण की जाती है:

ई-निविदा सूचना संख्या: 38 ईटी/2025-26

| क्रमांक | निविदा सं. | विवरण एवं विशिष्टी सं. | मात्रा | निविदा बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22251289B | सेट ऑफ मिसलेनियस हार्डवेयर आइटम्स | 281 सेट्स | 13.01.2026* |
| 2 | 21255006A | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग, एंड कमीशनिंग ऑफ ए स्मार्ट फैटवाक कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम | 03 नंबर्स | 20.01.2026 |

निविदाओं का समापन समय : 15:00 बजे है।

*लगी हुई मदें सी.एल.डब्लू फर्मों से खरीदने के लिए है।

इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट indianrailways.gov.in से देखी जा सकती है। कृपया नोट करें कि निविदाकर्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।

शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 25 ET/2025-26

निविदा संख्या 20251189 की बंद होने की तिथि को 14.01.2026 पढ़ी जाए।

शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 25 ET/2025-26

निविदा संख्या 12251489 की बंद होने की तिथि को 27.01.2026 पढ़ी जाए। 34/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# SRCC मनाएगा 100वें साल का भव्य जश्न

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



100वें वर्ष में प्रवेश पर शनिवार को हुआ कॉलेज में एक कार्यक्रम

**कॉमर्स और** इकनॉमिक्स के लिए नामी श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) इस साल अपने 100वें साल का जश्न मनाएगा। शुक्रवार को डीयू के इस कॉलेज ने 'सेंटिनरी कर्टन रेजर' कार्यक्रम शुरू किया। इस अवसर पर शिक्षा जगत, नीति निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित अल्मनाई भी शरीक हुए।

100वें वर्ष (1926–2026) में प्रवेश के साथ, कार्यक्रम के दौरान संस्था की उस विरासत पर प्रकाश डाला गया, जो भारत की आर्थिक और प्रशासनिक संरचना के विकास के समानांतर आगे बढ़ती रही है। इस साल कई सम्मेलन, पॉलिसी संवाद, अल्मनाई सहभागिता और इंटरनैशनल स्पोर्ट पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में डीयू के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह, एसआरसीसी गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन अजय एस. श्रीराम भी मौजूद रहे। इस मौके पर उद्योगपति सर श्रीराम को याद किया गया, जिन्होंने 1920 में 'द कमर्शल स्कूल' के रूप में इस संस्था की स्थापना की थी। इस अवसर पर 'टाइमलेस फ्रेम्स' नामक स्मारक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया।

## आंबेडकर नगर में बुजुर्ग महिला के घर हुई जूलरी चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, तीन बदमाश अरेस्ट

# CCTV फुटेज और सर्विलांस से मिला सुराग, पहुंचे जेल

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

- आरोपियों के पास से चोरी की गई जूलरी, 1.15 लाख रुपये और एक स्कूटी बरामद
- 1 जनवरी को बदमाशों ने महिला के घर में की थी वारदात



**साउथ डिस्ट्रिक्ट** के आंबेडकर नगर इलाके में एक बुजुर्ग महिला के घर से 32 लाख रुपये की जूलरी चोरी का खुलासा कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इशाक उर्फ कलुआ (24), पवन (26) और भरत (23) के रूप में हुई है। आरोपियों से चोरी की गई जूलरी, 1.15 लाख रुपये और चोरी की एक स्कूटी बरामद की गई है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 1 जनवरी को बुजुर्ग महिला सोमवती (75) ने पुलिस को घर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का कहना था कि वह सुबह पड़ोसी के घर से वापस लौटी तो देखा मेन गेट का हैंडल टूटा हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में उनकी जीवन भर की कमाई सोने और चांदी की पुश्तैनी जूलरी गायब थी। आंबेडकर नगर थाना पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज किया। एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (AATS) इंस्पेक्टर उमेश यादव की देखरेख में SI नवदीप, हेड कॉन्स्टेबल अरविंद, नरेंद्र, ईश्वर, हेड कॉन्स्टेबल सीमा मलिक ने जांच शुरू की।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, जांच में पता चला कि बुजुर्ग महिला के पति की काफी समय पहले मृत्यु हो गई थी। पति की मौत के बाद एक बेटे और बेटी की भी मौत हो गई। जीवन यापन के लिए महिला के पास पुश्तैनी जूलरी और पति के रिटायरमेंट से मिली रकम थी।

### दो आरोपी इलाके के घोषित बदमाश

**एएटीएस** टीम ने आसपास लगे CCTV फुटेज की जांच की तो उसमें तीन संदिग्ध सुबह 3 बजे मुंह ढक कर घर में घुसते दिखे। कई कैमरों की जांच में तीनों की पहचान हुई। स्थानीय जानकारी और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर आरोपी इशाक, पवन और भरत को पुष्प विहार इलाके से पकड़ा। भरत और पवन दोनों इलाके के घोषित अपराधी हैं।

## गीजर में शॉर्ट सर्किट से आग

■ **NBT न्यूज, मोहन गार्डन:** मोहन गार्डन इलाके में एक मकान में लगे गीजर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कंट्रोल रूम को शुक्रवार देर शाम हादसे की सूचना मिली। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से पहुंची चार फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। यह हादसा के ब्लॉक के एक मकान में हुआ। राहत की बात ये रही कि हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। फायर ऑफिसर का कहना है कि गीजर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी।

**मोहन गार्डन में शुक्रवार देर रात हुआ हादसा, कोई भी हताहत नहीं हुआ है**

## स्टूडेंट से बदमाशों ने छीना मोबाइल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** न्यू उस्मानपुर इलाके में एग्जाम की तैयारी कर रही एक 24 वर्षीय स्टूडेंट से स्कूटी सवार बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़िता के बयान पर न्यू उस्मानपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों का पता कर रही है।


AI Image



पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 वर्षीय कासल गली नंबर-2 न्यू उस्मानपुर में रहती है। 30 दिसंबर की शाम 4 बजे गौंडे पुस्ता के पास रिक्शा से उतर कर घर जा रही थी। तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए और उनके हाथ से मोबाइल छीन कर गौंडे पुस्ता की तरफ फरार हो गए।

## घर से नगदी लेकर कुक फरार

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के अमर कॉलोनी स्थित एक ऑफिस में काम पर रखे गए दो कुक एक लाख से अधिक की नकदी लेकर फरार हो गए। दोनों को एक एजेंट के जरिए काम पर रखा गया था। अमर कॉलोनी पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर केस दर्ज किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित सुशील भाटी ने बताया कि वह ईस्ट ऑफ कैलाश में मां वैष्णवी डिवेलपर्स नाम से ऑफिस चलाते हैं। अपने ऑफिस के लिए वह महेश नामक एक एजेंट के जरिए स्टाफ रखते हैं। महेश ने उन्हें वीरेंद्र और राम नामक दो कुक ऑफिस में काम करने के लिए दिए थे। दोनों ने अपना पता यूपी के बदायूं बताया था।


## जूनियर स्टूडेंट्स संग AI पर चर्चा



IIT रुड़की के एलुमनाई जुटे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के तेजी से बदलते दौर में करियर और रोजगार की चुनौतियों पर गंभीर विमर्श के लिए आईआईटी रुड़की एलुमनाई असोसिएशन (IITRAA) ने शनिवार को नई दिल्ली में अपना वार्षिक ग्लोबल एलुमनाई मीट आयोजित किया। चाणक्यपुरी स्थित होटल ताज पैलेस में हुए इस आयोजन में देश-विदेश से आए 1000 से अधिक पूर्व स्टूडेंट, उद्योग जगत के दिग्गज और शिक्षाविद शामिल हुए। प्रोग्राम में दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त संजय त्यागी भी मौजूद रहे।

## सुरों के उस्तादों ने दी सुरीली शाम



डॉ. शुभदीप पाठक और अनूप चौधरी की जुगलबंदी ने जीता दिल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में शास्त्रीय संगीत समारोह 'म्यूजिक फॉर हार्मनी' के साथ संगीत प्रेमियों को सुरीली शाम मिली। त्रिवेणी कला संगम में सुर, लय और भावनाओं से सजी इस संगीतमय शाम को नाद फाउंडेशन ने पेश किया।

नाद फाउंडेशन के फाउंडर पंडित दुर्जय भौमिक ने कहा कि संगीत धर्म, भाषा और सीमाओं से परे जाकर सौहार्द का संदेश देता है। हमने अपने 11वें साल में इस फेस्ट को भारत के अमर देशभक्ति गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित किया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-03-2026 22:49 Color:



## गलती से कार की स्टार्ट, ट्रक से जाकर टकराई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केशोपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एक कार सवार शख्स ने गलती से गाड़ी को ऑन कर दिया। स्टार्ट होते ही गाड़ी गियर में होने के कारण उछलते हुए डिवाइडर पार कर गई। वह सड़क के दूसरी तरफ खड़े ट्रक में जाकर घुस गई। इस दौरान एक मोटरसाइकल सवार कार की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं, जो शख्स हादसे वाली कार में सवार था, उसकी जान भी बाल-बाल बच गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**चपेट में आकर बाइक सवार हुआ घायल**

हादसा शुक्रवार रात में हुआ, लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पता चला कि गाड़ी किसी और शख्स की थी, जिसे राजस्थान के अलवर के रहने वाला ड्राइवर चलाता था। हादसे से पहले वह गाड़ी से उतरकर कहीं गए थे, उनका रिश्तेदार कार में बैठा हुआ था, जिन्हें कार चलानी नहीं आती है। उन्होंने बताया कि गलती से गाड़ी स्टार्ट हो गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। हादसे से रोड पर काफी देर तक जाम लग गया। लोगों का आरोप है कि जिसने गाड़ी स्टार्ट की वह नशे में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वीज़ा-पासपोर्ट फ्रॉड में 2025 में 130 पकड़े गए

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने वीजा और पासपोर्ट धोखाधड़ी में शामिल एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ऐसे फर्जी एजेंटों के 100 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा उनकी उन प्रॉपर्टी को भी अटैच करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिनको लेकर शक है कि ये आपराधिक गतिविधि से कमाए गए पैसे से खरीदी गई है। 2025 में पुलिस ने वीजा और पासपोर्ट धोखाधड़ी में शामिल 130 से ज्यादा एजेंटों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, 2025 में पुलिस ने वीजा और पासपोर्ट धोखाधड़ी के मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया है। 2025 में भारत के अलग-अलग हिस्सों से एजेंटों और अवैध इमिग्रेशन करवाने वाले करीब 130 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इतना ही नहीं पुलिस ने इन एजेंटों को आर्थिक चोट पहुंचाने के लिए इनके 100 से ज्यादा बैंक अकाउंट, जिनमें संदिग्ध लेनदेन थे उनकी पहचान कर उन्हें फ्रीज कर दिया है। ताकि धोखाधड़ी वाली गतिविधियों के लिए किए गए पेमेंट के मनी ट्रेल का पता लगाया जा सके।

**फर्जीवाड़े में शामिल 100 से अधिक बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए**

अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि ज्यादातर मामलों में पैसे का एक बड़ा हिस्सा नकद में दिया गया था। इसके लिए एजेंटों की उन संपत्तियों की पहचान की जा रही है, जिनके बारे में शक है कि वह आपराधिक गतिविधि से कमाए गए पैसे से खरीदी गई है। एक मामले में प्रॉपर्टी को अटैच करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिए गए है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई का मकसद दिल्ली एयरपोर्ट पर ऐसी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म करना है।

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सहयोग से
दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा आयोजित
नेशनल लोक अदालत
दिनांक 10.01.2026 को इन सात कोर्ट परिसरों में
कोर्ट परिसर
पटियाला हाउस | कड़कड़डूमा | तीस हज़ारी | साकेत | रोहिणी | द्वारका | राउज़ एवेन्यू
1. केवल दिल्ली यातायात पुलिस पोर्टल पर लंबित और 30.09.2025 तक वर्चुअल कोर्ट को भेजे गए समझौता योग्य यातायात चालान/नोटिस ही इस लोक अदालत में सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।
2. नोटिस/चालान डाउनलोड करने और प्रिंटआउट लेने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर लॉग इन करें: https://traffic.delhipolice.gov.in/notice/lokadalat या क्यूआर कोड स्कैन करें।
3. नोटिस/चालान का प्रिंटआउट साथ लेकर आना अनिवार्य है। न्यायालय परिसर में प्रिंटआउट की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
यह लिंक 05.01.2026 को सुबह 10:00 बजे से सक्रिय होगा और चालान/नोटिस की सीमा 1,80,000 समाप्त होने तक उपलब्ध रहेगा। प्रतिदिन अधिकतम 45,000 चालान/नोटिस ही डाउनलोड किए जाएंगे।
अधिक जानकारी के लिए
हमें फ़ॉलो करें: व्हाट्सएप: 8750871493 @dtptraffic @dtptraffic @dtptraffic
24X7 यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095
वेबसाइट: www.traffic.delhipolice.gov.in
ई-मेल: info.traffic@delhipolice.gov.in
दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, राउज़ एवेन्यू जिला कोर्ट्स काम्प्लेक्स, तृतीय तल, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002, हेल्पलाइन 1516
एक यातायात प्रहरी बनें — यातायात प्रहरी ऐप डाउनलोड करें
पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें: cpdelhi@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर
तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547
DP/9835/26

KENT House of Purity
केन्ट RO से पिएं सबसे शुद्ध पानी और बीमारियों से बचे रहें
Scan to know more
For Demo: 9582-123-456 | www.kent.co.in | For Service: 92-789-12345

QUALITY SINCE 1936
KANODIA
KANODIA KOLHU BRAND
इस नववर्ष खुशियों में दें स्वाद का तड़का
नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं 2026
KACHI GHANI & YELLOW MUSTARD OIL
AVAILABLE AT ALL LEADING STORES

मसूड़ों से खून, साँसों से बदबू, दाँतों की सनसनाहट!
एरोडेन्ट
An Arowveda product
Since 1998
YEARS 27+ LAKH USERS
IPSA LABS ARODENT
मसूड़े दुरुस्त... दाँत तंदुरुस्त...
18 आयुर्वेदिक तत्व
9 परीक्षणों से गुजरा
सभी मेडिकल व आयुर्वेदिक स्टोर पर उपलब्ध। आज ही अपनाएं खुद फर्क देखें....
For Trade Enquiry : 8800900170 | Shop Online : IPSALABS.com

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारुतः ॥

रस्म पगड़ी
दोपहर 3 बजे, 4 जनवरी 2026 (रविवार)
स्थानः हेरिटेज ग्रैंड, ब्रिटानिया चौक



श्री गोविंद राम गुप्ता
16 जून 1945 - 25 दिसंबर 2025

scan for the location

शोकाकुल परिवारः
धर्मपत्नी: कुसुम लता
भाई-भाभी: कमल-वीना, पवन-रेनू
पुत्र-पुत्रवधु: मुकेश-अंशु, संदीप-वंदना, प्रदीप-नीरा, राहुल-पूर्णिमा, मोहित-शिखा, पीयूष-विरांची
पुत्री-दामाद: नेहा-रितेश कुमार
पोत्र-पोत्रबधु: शोभिक-राशि गुप्ता, अक्षित-मोनसे गुप्ता
पौत्री-दामाद: उर्विका - पुलकित भालोटिया
पौत्र, पौत्री: काव्या, अग्रिमा, तन्मय, औदार्य, आरव, आदित, पार्थ, प्रनिका
प्रपौत्र: अधीराज, विराज

P. P. Jewellers
(9811021828, 9560190600)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA6 User: cci Time: 01-03-2026 23:31 Color:



# बुद्ध से जुड़े अवशेष भारत की विरासत का अटूट हिस्सा: PM

## प्रधानमंत्री ने कहा, पवित्र अवशेष 125 साल से अधिक समय बाद भारत लाए गए हैं

■ भाषा, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को बुद्ध से जुड़े सामानों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। PM ने कहा कि बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत की चंदनीय विरासत का अटूट हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस समेत उन अलग-अलग देशों की यात्रा कर चुके हैं जहां बौद्धों की आबादी ज्यादा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध की यह विरासत इस बात का प्रमाण है कि भारत केवल राजनीति, कूटनीति और अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही नहीं, बल्कि भावनाओं, आस्था और आध्यात्मिकता के गहरे बंधनों के जरिए भी जुड़ा हुआ है। मोदी साउथ दिल्ली के किला राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में 'लाइट एंड लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकंड वंस' नाम की प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**अवशेषों की यह प्रदर्शनी 6 महीने के लिए लगाई गई है**

**बुद्ध से जुड़े अस्थि और रत्न अवशेष प्रदर्शित किए गए हैं**

उन्होंने कहा कि सरकार और गोदरेज समूह के हस्तक्षेप से ये पवित्र अवशेष 125 वर्षों से अधिक समय बाद भारत लाए गए हैं। मोदी ने कहा कि दोनों ने मिलकर पिछले साल मई में हॉन्गकॉन्ग में इनकी नीलामी रोकी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार बनने से पहले, उन्होंने एक तीर्थयात्री के तौर पर बौद्ध स्थलों की यात्रा की थी, और प्रधानमंत्री के रूप में, उन्हें दुनिया भर के बौद्ध तीर्थ केंद्रों का दौरा करने का मौका मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कोशिश में लगी है कि बौद्ध विरासत अगली पीढ़ियों तक पहुंचे। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन और वैशाख और आषाढ़ पूर्णिमा जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन इसी सोच के शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है ताकि बुद्ध के उपदेश आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकें। पुरातत्व के साक्ष्यों के अनुसार, पिपरहवा स्थल प्राचीन कपिलवस्तु जुड़ा था, जिसे उस जगह के रूप में पहचाना जाता है जहां भगवान बुद्ध ने संन्यास लेने से पहले अपना शुरुआती जीवन गुजारा था।

Photos: PTI



प्रधानमंत्री ने कहा, पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस समेत अलग-अलग देशों की यात्रा कर चुके है

**इतिहास का संगम:** पीएम ने किला राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में 'लाइट एंड लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकंड वंस' नाम की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

## प्रदर्शनी में 2700 BC के समय में पहुंचने का मिलेगा अहसास

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**राय पिथौरा** किले का कल्चरल कॉम्प्लेक्स शनिवार को तिब्बती मंत्र 'ॐ मणि पद्मे हुं' से गूंज उठा। मेन गेट के सामने स्थित ऑडिटोरियम में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी शुरू हो गई है। अभी तक ये अवशेष, भगवान बुद्ध की मूर्तियां और अन्य सामग्री नैशनल म्यूजियम, दिल्ली और भारतीय संग्रहालय, कोलकाता में रखी हुई थी।

नैशनल म्यूजियम ने करीब 6 महीने की मेहनत के बाद ऑडिटोरियम को बौद्ध संस्कृति के अनुरूप संवार कर सांची की तरह का एक छोटा स्तूप मॉडल भी बनाया है। मेन गेट पर लगे मौर्यकालीन शिल्प की तरह के एक 'तोरण द्वार' से एंट्री करते ही 2700 BC के समय में पहुंचने का अहसास मिलेगा। 8 भागों में बंटी इस प्रदर्शनी में क्रिस्टल में लगे अस्थियों के कुछ अवशेष देखने को मिलेंगे। वहीं पर सोना, पुखराज, मूंगा आदि के रत्न अवशेष भी देख सकेंगे। ये रत्न बुद्ध के शाक्य भाइयों और उनकी पत्नियों, बहन और बच्चों ने बुद्ध के महानिर्वाण होने पर अर्पित किए थे। महानिर्वाण स्थान पिपरहवा में स्तूप बनाकर ये रत्न रखे गए थे। नेपाल सीमा पर पिपरहवा भारत क्षेत्र में है।



सांची स्तूप का मॉडल भी बनाया गया है

### खुदाई में खुला राज

1898 में विलियम के. पेपे ने पिपरहवा की खुदाई कराई थी। नैशनल म्यूजियम के डायरेक्टर जनरल गुरमीत सिंह चावला ने बताया कि 18 फुट गहरी खुदाई के बाद करीब 1500 किलो वजन का एक बड़ा संदूक मिला था। वह भी प्रदर्शनी में है। उसमें से 5 बॉक्स निकले थे। बॉक्स में अस्थि और रत्नों के अवशेष थे। एक बॉक्स में ब्राह्मी लिपि में बताया गया है कि पिपरहवा में बुद्ध को महानिर्वाण की प्राप्ति हुई थी।

### 4 पीढ़ी के बाद नीलामी

आर्कियोलॉजिस्ट पेपे ने रत्नों के अवशेषों को ब्रिटेन भिजवा दिया था। इन्हें पेपे की 5 पीढ़ियों ने संभाले रखा था। अप्रैल, 2025 में वे हॉन्गकॉन्ग में उनकी नीलामी करने जा रहे थे। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने नीलामी रुकवाई और अवशेषों को भारत लाने में कामयाबी पाई। पिछले 10 साल में भारत अपने पुरातत्व से जुड़े 642 अवशेषों को विदेशों से वापस लाने में सफल रहा है।

### प्रदर्शनी में ऐसे पहुंचे

मेट्रो से आने पर मालवीय नगर स्टेशन के गेट नंबर-4 से बाहर निकलें। पार्किंग डिजटेस पर ही प्रदर्शनी लगी है। सुबह 9 से रात 9 बजे तक दर्शकों के लिए प्रदर्शनी खुली रहेगी।

# 'दिल्ली शब्दोत्सव' में फिर उमड़े साहित्य प्रेमी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**'दिल्ली शब्दोत्सव'** के दूसरे दिन भी साहित्य प्रेमियों की भारी भीड़ पहुंची। दिनभर कई चर्चाओं को लोगों ने सुना, तो शाम को संगीत का आनंद लिया। आज इस उत्सव में 'संघे शक्ति कलियुगे', 'देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा', 'ऑब्लेक्शन मी लॉर्ड', 'जेन Z डायलॉग्स', 'भारत की भारतीय अवधारणा' सेशन के साथ कई वक्ताओं को सुना जा सकता है। आखिरी दिन साधो बैंड और हंसराज रघुवंशी, पुणे बैंड, छत्तीसगढ़ बैंड - मालवा की परफॉर्मेंस मंच पर होगी।



फेस्टिवल के दूसरे दिन बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी पहुंचे। इस सत्र में हैदराबाद से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ चुकीं माधवी लता भी उपस्थित रहीं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत की संस्कृति दुनिया की एकमात्र ऐसी संस्कृति है, जहां हर शब्द खुद में एक उत्सव है। उन्होंने कहा कि वेदों से लेकर भजन, कीर्तन और रामचरितमानस की चौपाइयों तक, भारतीय परंपरा में शब्दों को छंद और लय में पिरोया गया है।

दक्षिण भारत में बीजेपी के बढ़ते प्रभाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब पार्टी ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया। उन्होंने इसे केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि पिछले दस वर्षों में दक्षिण भारत में हुए व्यापक विकास कार्यों का परिणाम बताया। युवाओं को संबोधित करते हुए त्रिवेदी ने जीवन और रिश्तों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी।

साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव में शाम को प्रहलाद सिंह टिपणिया, पांडवान बैंड को सुनने बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी भी पहुंचे।

### कैबिनेट बैठक में शनिवार को प्रस्ताव को दी गई मंजूरी


# दिल्ली में गरीबों को मिलेगी मुफ्त चीनी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए वर्ष** के अवसर पर दिल्ली सरकार ने गरीब और वंचित वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण राहत की घोषणा की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में अंत्योदय अन्न योजना (AAY) के सभी कार्डधारकों को जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक कुल 15 महीनों के लिए मुफ्त चीनी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत दिल्ली के सभी AAY लाभार्थियों को हर माह एक किलो चीनी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

**2026 से मार्च 2027 तक हर महीने मिलेगी एक किलो चीनी**

AI Image




कैबिनेट के अनुसार अभी तक उचित मूल्य दुकानों पर खुली चीनी का वितरण किया जाता था, जिससे धूल-मिट्टी, नमी, कीटाणु और कम तौल जैसी समस्याएं सामने आती थीं। इसलिए अब चीनी खुले में नहीं, बल्कि सही तौल और मानक गुणवत्ता वाले ब्रांडेड पैकेट में वितरित की जाएगी। सीएम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी का कोई भी जरूरतमंद नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे और हर गरीब परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में कुल 65,883 AAY परिवार इस योजना से लाभान्वित होंगे। प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति कार्ड प्रति माह एक किलो चीनी दी जाएगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक ब्रांडेड पैकेट की आपूर्ति के लिए नया टेंडर अंतिम रूप से स्वीकृत नहीं हो जाता, तब तक मौजूदा व्यवस्था के तहत चीनी का वितरण जारी रहेगा, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कैंसर की जांच के लिए पहले तारीख पर तारीख दी, फिर कर दिया मना!

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** गाजियाबाद की रहने वाली 63 वर्षीय महिला को लंग्स की प्रॉब्लम है। डॉक्टरों ने कैंसर की आशंका जताई। परिजन उन्हें दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट ले गए। जांच के बाद डॉक्टरों ने इम्यूनो हिस्टो केमिस्ट्री यानी आईएचसी जांच कराने की सलाह दी। परिजन रमेश ने बताया कि पहले कहा गया था कि यह जांच इंस्टिट्यूट में ही हो जाएगी। कुछ दिन बाद बताया गया कि किट उपलब्ध नहीं है। जांच बाहर से कराने को कहा गया। रमेश का आरोप है कि करीब दो महीने तक उन्हें जांच के नाम पर टरकाया जाता रहा और आखिरकार निजी सेंटर में जांच कराने को मजबूर होना पड़ा।

यह सिर्फ एक मामला नहीं। ऐसे सैकड़ों मरीज हैं, जिनकी जांच आईएचसी किट के अभाव में अटकी हुई है। सवाल उठ रहा है कि आईएचसी किट की उपलब्धता आखिर कब होगी?

AI Image



जानकारी के मुताबिक, इस इंस्टिट्यूट में न सिर्फ राजधानी, बल्कि आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि कैंसर शरीर के किस अंग में है और किस स्तर पर है, यह जानने के लिए कई अहम जांचें जरूरी होती हैं। इनमें आईएचसी जांच भी शामिल है, जो टिशू के जरिए की जाती है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पिछले अगस्त से आईएचसी किट का संकट बना हुआ है, जिसकी वजह से जांच अटकी हुई है। कई मरीज महीनों से परेशान हैं। ट्यूमर मार्कर की जांच भी ठप पड़ी है। यह खून की जांच होती है, लेकिन इसके लिए भी किट उपलब्ध नहीं है। आईएचसी किट के संकट को लेकर अस्पताल के डायरेक्टर से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### PET स्कैन जांच कब?

करीब चार साल से कैंसर इंस्टिट्यूट में PET स्कैन की जांच नहीं हो रही है। इस वजह से इंस्टिट्यूट के बाहर दलाल सस्ते रेट पर जांच का दावा कर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली से बाहर के मरीजों को हो रही है। वे आसानी से दलालों के झांसे में आ जाते हैं। अधिकारियों ने कई बार दावा किया कि PET स्कैन की सुविधा जल्द शुरू होगी, लेकिन अब तक जांच शुरू नहीं हो सकी है।


### मैनुअल मिल रही रिपोर्ट

अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि बायोप्सी जांच में भी मैनुअल रिपोर्ट दी जा रही है। यानी रिपोर्ट हाथ से लिखकर दी जा रही है। तीमारदार इस रिपोर्ट की फोटोकॉपी बाहर से कराने को मजबूर हैं।

## बंदरों से निपटने के लिए टेंडर जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा बंदरों से निपटने के लिए ऐसे लोगों को हायर करने की योजना है, जो लंगूर की आवाज निकाल सकते हैं। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए बाकायदा टेंडर जारी किया है।

विधानसभा परिसर में बंदरों को भगाने का यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले भी लंगूर के कटआउट लगाए गए थे, जिन्हें देखकर बंदर भाग जाते थे। मगर धीरे-धीरे इनका असर खत्म हो गया। इसलिए लंगूर की आवाज निकालने वाले लोगों को तैनात कर बंदरों को डराकर वहां से भगाने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि लंगूर की आवाज निकालने वाले लोगों को हायर करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। ये लोग सोमवार से शनिवार तक आठ घंटे की ड्यूटी करेंगे। इनका बीमा कवरेज भी सरकार की ओर से कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा परिसर में बंदरों की संख्या इतनी अधिक है कि ये कई बार पैदल गुजरने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं। इसके अलावा ये एंटीना और गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।



**लंगूर की आवाज निकालने वाले रखे जाएंगे**

## राजनीति जनता की सेवा की पवित्र ज़िम्मेदारी : रक्षा मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देश के** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीति सत्ता की नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवा की पवित्र जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन इस बात का प्रमाण है। रक्षा मंत्री ने यह बातें शनिवार को दिल्ली विधानसभा में दोनों नेताओं के चित्र के अनावरण के मौके पर कहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान भारत माता कॉफी टेबल बुक लॉन्च करने के साथ संसदीय पथ के आलोक स्तंभ नाम की डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्चा नेतृत्व सत्ता से ऊपर राष्ट्र और राजनीति से ऊपर सिद्धांतों को रखता है। वहीं दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दोनों भारत रत्न जिनका जन्म 25 दिसंबर को हुआ, उनके चित्रों का अनावरण ऐतिहासिक महत्व रखता है और यह सदन के लिए एक सशक्त राष्ट्रीय संदेश है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद विधायकों को दोनों महान विभूतियों से प्रेरणा लेनी चाहिए।



रक्षा मंत्री ने दिल्ली विधानसभा में वाजपेयी के चित्र का अनावरण किया

इस मौके पर रेखा गुप्ता ने कहा कि ये चित्र केवल दीवारों पर लगे चित्र नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने 'भारत माता' कॉफी टेबल बुक को छात्रों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी संसाधन बताया और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में ऐसे आदर्शों के महत्व पर बल दिया।

## AAP की राजनीति हुई बेनकाब : BJP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एमसीडी उपचुनावों के नतीजों ने आप नेताओं के बीते 8 महीनों की झूठ और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है। इसके बावजूद 'आप' नेताओं का सबक न लेकर रोज नए झूठे प्रपंच रचना दुर्भाग्यपूर्ण है। सचदेवा ने कहा कि 11 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए 'आप' ने दिल्ली के विकास को ठप किया और केवल भ्रष्टाचार की राजनीति की।



वीरेन्द्र सचदेवा

शुक्रवार को 'आप' के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और दो विधायकों द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद पर लगाए गए आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत और तथ्यों से परे हैं।

## AAP नेताओं का सूद पर पलटवार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि कच्ची कॉलोनियों से आने वाले विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार की गरीबी का मंत्री आशीष सूद ने मजाक बनाया है। प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को 'आप' मुख्यालय पर संजीव झा और कुलदीप कुमार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के हमारे दो विधायकों पर घमंड में चूर होकर नफरत भरी टिप्पणी की है। संजीव झा पूर्वांचल से आते हैं और बुराड़ी से चार बार विधायक रहे हैं। कुलदीप कुमार दलित समाज से आते हैं, पहले पार्षद बने और अब दूसरी बार विधायक चुने गए हैं।




सौरभ भारद्वाज

## कांग्रेस ने BLA की ट्रेनिंग शुरू की

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने BJP पर SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के नाम पर चुनाव आयोग के माध्यम से वैध मतदाताओं के नाम काटने और संभावित वोट चोरी का आरोप लगाया।

इस तरह की आशंकाओं को रोकने के उद्देश्य से शनिवार को दिल्ली में संभावित SIR प्रक्रिया की तैयारी के मद्देनजर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी कार्यालय में अपने बूथ लेवल एजेंटों (BLA-1) के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम किया गया। इसमें सभी BLA को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि हम चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने और हर वैध नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। बैठक में देवेंद्र यादव के अलावा बूथ कमिटी के चेयरमैन राजेश गर्ग, प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, लीगल सेल के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह समेत कुछ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



देवेंद्र यादव

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code



यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥
The Bhagavadgita : Chapter 6, Verse 30
He who sees Me everywhere, and who sees all in Me
I forsake him not, and he never forsakes Me.

In Loving Memory of
Sh. Mahendra Kumar Gupta
On his 92nd Birth Anniversary
"with dedication, hard work and devotion everything is possible... Your teachings continue to inspire and motivate us."

Shalini & Mukul Gupta
Aarushi & Sanchit Gupta
Aryaan Gupta
Riyan Gupta

Neera & Sriyans Jain
Sonam & Deepansh Jain
Sheena & Akash Jain

MUKUL GUPTA MARKETING PVT. LTD.
Unit No. 203-205, P.P. Trade Centre, Netaji Subhash Palace, Pitampura, New Delhi -110034 (INDIA),
Landmark : Above Kalyan Jewellers
Mob no. +91-9810001415

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



In loving memory of
Late Krishan Lal Wadhwa
25th Death Anniversary
Fondly remembered and deeply missed. Your values, wisdom, and love continue to guide us every day. You live on forever in our hearts Remembered by the entire Wadhwa Family. ( +91 9312831815)



Sh. Gyan Chand Talwar
16th Death Anniversary
Fondly remembered and deeply missed: Talwars, Sehgals, Kapoors, Maggos, Chadhas, Chopras, Gargs, Kauls, Management & Staff of Rescue & Revive Hospitals.

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |


Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand. ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.



REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4 Time: 01-03-2026 21:07 Color:

# 4TH REMEMBRANCE



# SMT. JAIMALA JAIN

**Founder of Vardhman Plazas**

W/o Late Shri Jagdish Parashad Jain

**our respectful tribute to the source of our inspiration, commitment, love and affection**

**You will live on in our memories forever**

*fondly remembered by*

**Ashok & Mamta Jain**
*(Son & Daughter-in-law)*
**Anil & Sangeeta Jain**
*(Son & Daughter-in-law)*
**Sunil & Anita Jain**
*(Son & Daughter-in-law)*
**Vardhman & Vasudha Surya Jain**
*(Grandson & Granddaughter-in-law*
**Shrenik Jain** *(Grandson)*

**Manju & Sudhir Jain**
*(Daughter & Son-in-law)*
**Sunita & Sundeep Jain**
*(Daughter & Son-in-law)*
**Taru & Kumar Dhruva Aggarwal**
*(Granddaughter & Grandson-in-law)*
**Charve & Shivam Goel**
*(Granddaughter & Grandson-in-law)*

**Aryavardhan, Yashvardhan & Sanvika** *(Great Grandchildren)*

**Jain, Aggarwal, Goel & Surya Families**

**Management & Staff of**

VARDHMAN PLAZAS SHOP OFFICE LEADER SINCE 1981 | Shrenik GROUP BUSINESS VENTURE LEADER | Infinity Void | Streampixel | MALASHREE FOUNDATION CARE & CURE

**Vist us at www.vardhmanplazas.com**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-03-2026 23:41 Color:






# पतंगबाज़ी के लिए हो जाएं तैयार, आ रहा है काइट फेस्टिवल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के आसमान में लहराती तरह-तरह की रंग बिरंगी पतंगों की उड़ान को देखने के लिए तैयार हो जाएं। 16 जनवरी से बांसेरा पार्क, सराय काले खां में 'इंटरनैशनल काइट फेस्टिवल' शुरू होगा, जहां पतंगों की उड़ान ही नहीं, उसके इतिहास, उसकी संस्कृति, उसकी कला को जानने-पहचानने का भी मौका मिलेगा। डीडीए की ओर से यमुना किनारे स्थित बांसेरा पार्क में इस तीन के फेस्टिवल में छोटी-बड़ी, अलग-अलग आकार और चेहरे वाली पतंगे नजर आएंगी।



डीडीए के इस सालाना फेस्टिवल में इस बार एक स्पेशल पविलियन भी नजर आएगा, जिसमें देश-विदेश की तरह-तरह की पतंगों को देखने का मौका मिलेगा। इस पविलियन में पहुंचकर लोग जानेंगे कि पतंगों का इतिहास क्या है, इसका विकास कैसे हुआ, कैसे-कैसे डिजाइन आते रहे और



इस फेस्टिवल में एक और बड़ा आकर्षण होगा फोटो एग्जिबिशन। इस एग्जिबिशन में पतंगों की खूबसूरत तस्वीरें निहारी जा सकती हैं।

एक ओर पतंगों से भरा आसमान होगा, तो दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों से उत्सव सजेगा। खेलने के लिए स्पेशल कॉर्नर भी होगा।



# दिल्ली की हर सड़क पर अब दिखेंगे नए रोड साइनेज बोर्ड

## रोड एक्सिडेंट पर काबू पाने के लिए साइनेज गाइडलाइंस में बदलाव

Sudama.Yadav@timesofindia.com




AI Image

■ नई दिल्ली : दिल्ली में आए दिन हो रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने रोड सेफ्टी मेजरमेंट के तहत रोड साइनेज गाइडलाइंस में बदलाव किया है। नई गाइडलाइंस के अनुसार पुराने जितने भी साइनेज बोर्ड लगे हैं, वे बदले जाएंगे।

नए रोड साइनेज बोर्ड इंडियन रोड कांग्रेस (IRC) नियमों के तहत लगाए जाएंगे, जो रेट्रो रिफ्लेक्टिव होंगे। अफसरों का कहना है कि ऐसे साइन बोर्ड एक खास परावर्तक कांच के होते हैं, जिसे पीसकर पाउडर बनाया जाता है और इसे ही पेंट में मिलाया जाता है जो रोशनी पड़ने पर काफी चमकती है। इससे साइनेज पर अंकित संकेत दूर से ही ड्राइवरों को दिख जाता है।

**साइन बोर्ड मैन्युफैक्चरर का भी नाम लिखना होगा:** पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार दिल्ली में हर रोड पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए साइन बोर्ड लगाए गए हैं। लेकिन, ये साइन बोर्ड काफी पुराने हो चुके हैं।

कई जगहों पर साइन बोर्ड टूट भी गए हैं, जिससे सड़कों पर ड्राइव करने वालों को परेशानी होती है। पुराने लगे साइन बोर्ड रेट्रो-रिफ्लेक्टिव क्वालिटी के नहीं हैं, जिससे घने कोहरे या धुंध के दौरान ड्राइवरों को दिखाई भी नहीं देते। ऐसे में सड़कों पर रोड साइनेज लगाने के लिए एक नई गाइडलाइंस जारी की गई है। जिस किसी एजेंसी को रोड साइनेज लगाने का काम दिया जाएगा, उसे नई गाइडलाइंस के अनुसार ही सड़कों पर रोड सेफ्टी साइन बोर्ड लगाने होंगे। गाइडलाइंस के अनुसार, दिल्ली की सड़कों पर अब इंडियन रोड कांग्रेस के नियमों के अनुसार सिर्फ रेट्रो-रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड ही लगाए जाएंगे।

ऐसे साइन बोर्ड की खासियत यह होती है कि इसमें एक खास तरह के परावर्तक कांच की मौजूदगी होती है। जिसे बारीक पीसकर पाउडर की तरह बनाया जाता है और पेंट में मिलाया जाता है। इससे रोशनी पड़ने पर यह बहुत चमकता है और ड्राइवरों को दूर से ही साइन बोर्ड दिख जाता है। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरर को साइन बोर्ड शीट पर वॉरंटी पीरियड भी लिखना होगा।


**पुराने साइनेज में स्पीड लिमिट अब भी 50 किमी/घंटा है:** साल 2021 में लागू नए मोटर वाहन एक्ट के तहत दिल्ली में स्पीड लिमिट की सीमा बढ़ा दी गई है। एनएच-48 पर परेड रोड से दिल्ली-गुड़गांव बॉर्डर तक कार, जीप और कैब के लिए स्पीड लिमिट 70 किमी/घंटा कर दी गई है। डीएनडी फ्लाईओवर पर भी स्पीड 70 किमी/घंटा है। सिंघु बॉर्डर से संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर तक स्पीड लिमिट 70 किमी/घंटा है। बारापुला फ्लाईओवर सराय काले खां से अरविंदो मार्ग तक स्पीड लिमिट 60 किमी/घंटा है। रिंग रोड और आउटर रिंग रोड पर स्पीड लिमिट 60 किमी/घंटा है। रिहायशी इलाकों में स्पीड लिमिट 30 किमी/घंटा है। लेकिन, ज्यादातर जगहों पर अभी भी पुराने साइनेज ही लगे हैं, लेकिन ड्राइवरों को दिक्कतें हो रही हैं।

### खराब सड़कों पर जताई चिंता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राजधानी की सड़कों की जर्जर हालत को लेकर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों और निकायों को तेजी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़कों की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि खराब सड़कों की पहचान कर उन्हें शीघ्र ठीक किया जाए। विशेष रूप से उन सड़कों को प्राथमिकता दी जाए जहां पर्यटन स्थल अधिक हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय निकायों को सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों के मामले में भी कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, बीते माह मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग सहित सभी स्थानीय निकायों के साथ एक बैठक की थी। बैठक में दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सड़कों की खराब हालत पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में NDMC अधिकारियों ने बताया कि 41 सड़कों की पहचान की गई है, जिनकी मरम्मत का कार्य जल्द शुरू होगा।

# वंदे भारत स्लीपर में सफर होगा ज़्यादा आरामदायक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**वंदे भारत** स्लीपर ट्रेन में यात्रियों को अब और ज्यादा आरामदायक सफर का अनुभव मिलने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण कर इसकी सुविधाओं को देखा और अधिकारियों से फीडबैक लिया। रेल मंत्री ने ट्रेन के टॉयलेट, बर्थ, ड्राइवर केबिन और पैंट्री का जायजा लिया। मंत्री ने बताया है कि 16 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर गुवाहाटी और कोलकाता के बीच जल्द ही चलेगी। तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ट्रेन ईवनिंग में ही चलेगी। जिससे लोगों का रात का सफर आरामदायक हो सके।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया निरीक्षण**

रेलवे अधिकारियों के अनुसार वंदे भारत स्लीपर को लंबी दूरी की यात्राओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य रात के सफर को आरामदायक बनाना और यात्रियों को होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ट्रेन का डिजाइन, लाइटिंग और सुविधाएं आधुनिक मानकों के अनुरूप रखी गई हैं। रेल मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ओवर नाइट जर्नी अब वंदे भारत के जरिए सफर आसान होगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के कोच को विशेष प्रकार के डिजाइन के तैयार किया गया है। उद्देश्य है कि रेलवे मिडिल क्लास की सवारी बन सके। उन्होंने कहा, इस साल 10 और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार होंगी।

### ये सुविधाएं उपलब्ध

- ट्रेन में छोटी-बड़ी करीब 7 पैंट्री उपलब्ध, जहां ठंडा से लेकर गर्म पानी यात्रियों को मिलेगा।
- हर सीट पर लैपटॉप और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और लाइट की सुविधा।
- हर सीट पर मोबाइल कवर, पानी की बोतल रखने की अलग व्यवस्था
- फर्स्ट एसी कोच में सफर करने वाले कूपे के बाहर होगा स्पेशल ग्लास। जिसमें अंदर-बाहर का कुछ नहीं दिखेगा। बटन दबाने से ग्लास हो जाएगा सामान्य

### ड्राइवर केबिन से लेकर हर सीट का लिया जायजा

मंत्री ने ड्राइवर केबिन से लेकर हर कोच का जायजा लिया। सीट पर बैठकर, टॉयलेट लाइट जलाकर अधिकारियों से हर जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि करीब 79 प्रतिशत ट्रैक अपग्रेड हो गए हैं। सिग्नल सिस्टम, स्टेशन भी अपग्रेड हो रहे हैं।

# कहीं कराया 'मिलाप', तो कहीं अपराधियों पर भारी पड़ा 'संकल्प'


## 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत पुलिस ने एक महीने में 102 लोगों को खोजा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साउथ वेस्ट** डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत एक महीने के भीतर 102 लापता लोगों को खोज निकाला। इनमें 35 नाबालिग बच्चे शामिल हैं। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की टीमें सक्रिय हो गईं। डीसीपी के मुताबिक, जैसे ही किसी बच्चे या व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली, संबंधित थानों ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। स्थानीय स्तर पर पूछताछ के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। ऑटो स्टैंड, ई-रिक्शा स्टैंड, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर लापता बच्चों और व्यक्तियों की तस्वीरें दिखाकर जानकारी जुटाई गई। बस ड्राइवर, कंडक्टरों, दुकानदारों और स्थानीय मुखबिरों को भी तलाश अभियान में शामिल किया गया। इसके अलावा आसपास के पुलिस थानों और अस्पतालों के रिकॉर्ड की जांच की गई।



AI Image




**515 खोए और गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद**

नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 515 खोए और गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनमें से 399 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए जा चुके हैं, जबकि बाकी फोन लौटाने की प्रक्रिया जारी है।

पुलिस के अनुसार, यह अभियान अप्रैल 2025 से चलाया जा रहा था। इस दौरान नई दिल्ली जिला के स्पेशल स्टाफ और थाना स्तर की टीमों ने तकनीकी निगरानी और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल फोन की ट्रैकिंग की। कई फोन दिल्ली के अलावा आसपास के राज्यों से भी बरामद किए गए।

## पुलिस के 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत कई बदमाश पहुंचे जेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सेंट्रल जिला** पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए 2025 के दिसंबर महीने में 'ऑपरेशन संकल्प' चलाया। इसके तहत न केवल कई बड़े आपराधिक मामले सुलझे, बल्कि कई बड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया।

सेंट्रल जिला के डीसीपी निधिन वालसन ने बताया कि सेंट्रल जिला पुलिस ने क्राइम कंट्रोल करने के लिए 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल कई अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों के अंतर्गत आबकारी अधिनियम, जुआ अधिनियम, लूट, झपटमारी, सेंधमारी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, वाहन चोरी, साइबर फ्रॉड सहित कानून की अलग-अलग कई धाराओं में प्रभावी कार्रवाई की गई है। यह अभियान जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि यह अभियान एक दिसंबर 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक चलाया गया।

| अपराध का प्रकार | मामले | अरेस्ट |
|---|---|---|
| झपटमारी | 19 | 28 |
| लूट | 7 | 12 |
| अन्य चोरी | 36 | 25 |
| आबकारी अधिनियम | 4 | 5 |
| जुआ अधिनियम | 1 | 6 |
| एनडीपीएस एक्ट | 1 | 1 |
| आर्म्स एक्ट | 7 | 8 |
| सेंधमारी | 9 | 10 |
| वाहन चोरी | 19 | 7 |
| हत्या के प्रयास | 4 | 7 |
| साइबर धोखाधड़ी | 36 | 85 |
| हिट एंड रन | 13 | 13 |
| धोखाधड़ी | 19 | 28 |

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

tender & notices

HARERA
सार्वजनिक सूचना
TODZ ONE परियोजना में मिश्रित भूमि उपयोग के तहत ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के वाणिज्यिक घटक भाग के पंजीकरण के लिए आवेदन
"THE GROVE AT SANTUARY"
सेक्टर 105, गुरुग्राम में स्थित, द्वारा विकसित किया जा रहा है
M/s 1000 TREES HOUSING PVT. LTD.

The Grove at Sanctuary" नामक परियोजना के लिए प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा के डायरेक्टर ने 27.12.2012 को लाइसेंस नंबर 127/2012 दिया, जो मेसर्स 1000 ट्रीज हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर श्री कंवर सिंह और दूसरों को सेक्टर 105, गुरुग्राम, हरियाणा में ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी बनाने के लिए 13.078 एकड़ जमीन पर फैला है।

डायरेक्टर ने मेमो नंबर ZP-863-III/SD(RD)/2025/48167 तारीख 19.12.2025 के जरिए रिवाइज्ड बिल्डिंग प्लान अप्रूव्ड ले लिया है। इसके अलावा फेज़िंग प्लान को डायरेक्टर, हरियाणा ने नंबर ZP-863-VOL-II/AD(VK)/2024/21154 तारीख 12.07.2024 के जरिए अप्रूव कर दिया है। इसके अनुसार, प्रोजेक्ट को पांच फेज में डेवलप किया जाना है।

The Grove at Sanctuary' के पंजीकरण के लिए दिनांक 30.12.2025 का वर्तमान आवेदन मेसर्स 1000 ट्रीज हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका क्षेत्रफल 2.762 एकड़ है।

संबंधित एप्लीकेशन और उससे जुड़े डॉक्यूमेंट्स हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, गुरुग्राम के ऑफिस में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति किसी भी वर्किंग डे पर ऑफिस टाइम यानी सुबह 9.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक 16.01.2026 तक देख सकता है। साथ ही, अगर कोई पेश होना चाहता है, तो वह 19.01.2026 को सुबह 11.00 बजे सुनवाई के दौरान अथॉरिटी के सामने पेश हो सकता है।

अथॉरिटी की मंजूरी और उसकी सुपर के तहत दिया गया।

दिनांक: 04.01.2026
Secretary, Haryana Real Estate Regulatory Authority, Gurugram

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I, Sonu Goel, S/o Shri Ram Prakash, R/o C-5 Patel Nagar 2nd, Ghaziabad Uttar Pradesh, have changed my name from Sonu Goel to Sonu. Henceforth I would be known by the name of Sonu for all future purposes.

I ANMOL SAHARAN S/o JOGINDER SINGH r/o G-79 Prem Nagar-1 Kirari Delhi has change my name from ANMOL to ANMOL SAHARAN for all future purposes.

लापता



गुमशुदा की तलाश
जॉनी उर्फ अमन
उम्र 16 वर्ष
सूचित किया जाता है कि मैं विजयपाल पुत्र हरनारायण निवासी के-15, पहली मंजिल, शिवाजी कॉलोनी, न्यू दिल्ली में मेरा पोता जॉनी उर्फ अमन जो की [illegible] को दिनांक 29.12.2025 की शाम 4:47 बजे घर से निकल गया था, लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंचा है, और उसका कोई पता नहीं चला है। यदि किसी व्यक्ति को मिले तो उस पते पर सूचित करें, सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।
मोबाइल नम्बर:
9899045545
8954144017

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्रीमती सरोज सिंह, पत्नी श्री विनोदेश्वरी प्रसाद सिंह, ग्राम मोरटा, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद (उ.प्र.) स्थित ग्रुप हाउसिंग परियोजना "नाईट ब्रिगेडियर" के टावर-बी, 10वीं मंजिल, फ्लैट संख्या B-1008 की संयुक्त आवंटी/बुकिंग धारक थीं, जिसकी बुकिंग दिनांक 10.10.2010 को की गई थी। यह कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में औपचारिक विक्रय विलेख/कन्वेयंस डीड के निष्पादन एवं पंजीकरण से पूर्व ही श्रीमती सरोज सिंह का देहांत हो गया। यह कि श्री विनोदेश्वरी प्रसाद सिंह (पति), श्री सूर्य कुमार एवं श्री कृष्ण कुमार (पुत्रगण) ने स्वयं को स्वर्गीय श्रीमती सरोज सिंह के एकमात्र जीवित वैध उत्तराधिकारी घोषित किया है तथा उन्होंने डेवलपर, एम/एस टेकमैन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड से अभिलेखों में नामांतरण (म्यूटेशन) कर फ्लैट की कन्वेयंस डीड केवल श्री विनोदेश्वरी प्रसाद सिंह के पक्ष में निष्पादित करने का अनुरोध किया है, जिसके समर्थन में शपथ-पत्र एवं क्षतिपूर्ति बांड (Indemnity Bond) प्रस्तुत किया गया है। अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को स्वर्गीय श्रीमती सरोज सिंह की उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा, अधिकार, स्वामित्व, हित, आपत्ति अथवा स्वयं को वैध उत्तराधिकारी होने का दावा हो, तो वे अपना दावा प्रामाणिक दस्तावेजों (जैसे उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, विधिक उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र आदि) सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर लिखित रूप में नीचे दिए गए पते पर प्रस्तुत करें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि उक्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई वैध दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो कंपनी श्री विनोदेश्वरी प्रसाद सिंह के पक्ष में उक्त फ्लैट की कन्वेयंस डीड निष्पादित/हस्तांतरित करने के लिए स्वतंत्र होगी। तत्पश्चात कोई भी दावा या आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी और ऐसे सभी दावे परित्यक्त एवं शामिल माने जाएंगे। पत्राचार का पता: टेकमैन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड G-1354, चितरंजन पार्क, नई दिल्ली – 110019
टेकमैन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के लिए (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
TOI interact
For booking please contact Aman : 9312633518

# परेड में पहली बार तलवार लेकर मार्च करेंगे NCC कैडेट्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- शनिवार को एनसीसी की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी एनसीसी महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने दी
- इस बार कैंप में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 2,406 कैडेट भाग ले रहे हैं

**इस साल** गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर पहली बार हाथ में तलवार लेकर एनसीसी (नैशनल कैडेट कोर) कैडेट्स मार्च करते नजर आएंगे। शनिवार को एनसीसी की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी एनसीसी महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने दी। उन्होंने कहा कि कि एनसीसी अब देश के लगभग एक लाख युवाओं को 'आपदा मित्र' के रूप में तैयार कर रही है। इसके साथ ही कैडेट्स को साइबर सुरक्षा से जुड़ी ट्रेनिंग देकर उन्हें 'साइबर योद्धा' के रूप में विकसित किया जाएगा। 28 जनवरी को करियप्पा परेड ग्राउंड में एनसीसी की वार्षिक प्रधानमंत्री (PM) रैली में भी कैडेट्स अपनी ताकत दिखाएंगे।

एनसीसी के मुताबिक, इस बार कैंप में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कुल 2,406 कैडेट भाग ले रहे हैं, जिनमें 898 बालिका कैडेट शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 127 कैडेट और उत्तर-पूर्व क्षेत्र (एनईआर) से 131 कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) -2026 में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 22 देश के कैडेट और अधिकारी भी आरडीसी 2026 में शामिल होंगे। कैंप में शामिल कैडेट्स बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता, फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में मार्चिंग कंटिंजेंट जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।

डीजी वीरेंद्र के अनुसार, देश में चार से पांच रिजनल ड्रोन ट्रेनिंग हब बनाए जाएंगे। हमारा उद्देश्य है कि हर साल 10 हजार साइबर वॉरियर्स ट्रेंड करें। ट्रेनिंग के बाद इन साइबर वॉरियर्स को नैशनल डेटाबेस के जरिए जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों से 94400 कैडेट को मार्च 2026 तक ट्रेनिंग दी जाएगी।

कैंप में शामिल उत्तराखंड की साक्षी बताती हैं कि वह अपने पिता से प्रेरणा लेकर सेना में आना चाहती हैं। उनके पिता को अशोक चक्र भी मिला था। वहीं, बिहार से आई एक नौवीं क्लास की कैडेट ने कहा वह आर्मी में जाना चाहती हैं। उन्होंने बताया ऑपरेशन सिंदूर में विंग कमांडर सोफिया कुरैशी से प्रेरित हुई हूं। मैं अपने परिवार की पहली लड़की होंगी जो इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हूं। वहीं, राजस्थान से आए कैडेट ने पारंपरिक संगीत बजाकर सबका मन मोह लिया।

# महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtreader@timesofindia.gcom पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

### यशस्वी के छह विकेट



यशस्वी ऋषभ (6/26) की घातक बोलिंग और मोहित पवार (70*) व तन्मय चौधरी (66*) की नाबाद पारियों से नव भारती क्रिकेट अकैडमी (150/0) ने तीसरे रतन सिंह बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में एपीएस ग्रुप ऑफ इंडिया (146/10) को 10 विकेट से हराया।

### आरित बने चैंपियन

कैंडिडेट मास्टर्स आरित कपिल ने दिल्ली स्टेट अंडर-15 ओपन चेस टूर्नामेंट 2026 का खिताब अपने नाम किया। आठ राउंड के खेल के बाद कपिल सात अंक के साथ टॉप पर रहे। मेहुल सोढ़ी (7 अंक) और ध्रुव गुप्ता (6.5 अंक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### यूवाईसीए को खिताब

कुश बेनीवाल (88 रन), दिव्यांश (3/35) और यूवी (2/38) की कसी हुई गेंदबाजी से यूवाईसीए अकैडमी (240/9) ने स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब (235/9) को 5 रन से हराकर छठा एयरलाइनर हॉट वेदर अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

### सोनेट क्लब फाइनल में

चिन्मय वशिष्ठ (98), आयुष्मान प्रताप (78 रन, 2/32) और कौटिल्य देवदत्ता (5/48) के प्रदर्शन से सोनेट क्लब (275/8) ने एसएस अकैडमी (252/10) को 23 रन से हराकर 7वें लाला अशोक गोयल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

### अभिनव की फिफ्टी

अभिनव चौहान (50), लक्ष्य पांडे (41) और दिव्यांश शर्मा (3/26) की दमदार भूमिका से एलबीसीसी (239/10) ने दिल्ली क्रिकेट हब (148/10) को 7वें लाला अशोक गोयल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में 91 रन से हराया।

### हर्ष का ऑलराउंड शो

हर्ष (26 रन, 2/11), शौर्य (2/12) और हरनीश (2/15) के प्रदर्शन से एमआई (90/3) ने आईजीएमए टी20 प्रीमियर लीग में सीएसके (88/10) को 7 विकेट से हराया।

### उत्तम-आदित्य का जलवा

उत्तम भारद्वाज (76), आदित्य शर्मा (71) और नील धूपर (3/26) की बदौलत प्रधान चैलेंजर अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्टार क्रिकेट अकैडमी (313/9) ने पैरामाउंट अकैडमी (238/10) को 75 रन से हराया।

### अधिराज, एजाज चमके

अधिराज शर्मा (4/19), एजाज (3/25) और वंश अग्रवाल (53) की बदौलत आरसीबी (123/2) ने केकेआर (122/10) को आईजीएमए टी20 प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में 8 विकेट से हराया।

### तेजस का तेज चमका

तेजस सिंह कारोका (35 रन, 4 विकेट), नितिन सिंह (28 रन), दक्ष (2/28) और अर्श (2/8) की बदौलत स्टार क्लब (153/10) ने 28वें साहिबजादा अजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब (97/10) को 56 रन से हराया।

### इयांश का बल्ला चला

इयांश गंभीर (49), अभिनव (2 विकेट) और रेयांश (2 विकेट) की बदौलत सिटी क्रिकेट काउंसिल (167/10) ने 5वें सजीव टाक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में एस राठौर क्रिकेट अकैडमी (143/10) को 24 रन से हराया।

### अनंत, प्रीत की फिफ्टी

प्रीत सहरावत (95), अनंत (75), देवांग भंडारी (2/18) और उत्सव मेहर (2/6) की मदद से एयरलाइनर क्रिकेट अकैडमी (186/8) ने जीआरएम कप अंडर-12 ऐस क्रिकेट अकैडमी (183/9) को 3 रन से हराया।

## MSME में जागरूकता के लिए कैंप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर श्री नानक फाउंडेशन द्वारा एक MSME कैंप आयोजित किया गया। इसके माध्यम से फाउंडेशन द्वारा MSME के उत्थान, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों और MSME क्षेत्र के लिए शुरू की गई विभिन्न पहलों की जानकारी उद्यमियों और लोगों को दी गई।



कार्यक्रम में पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संस्था की टीम से बात कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सीए लिरिल बंसल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य MSME उद्यमियों को मार्गदर्शन, जागरूकता और व्यावहारिक सहयोग प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।

## BJP प्रदेश कार्यालय में जन सुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सेवा ही संगठन के तहत दिल्ली बीजेपी प्रदेश कार्यालय में शनिवार को जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।



मल्होत्रा ने कहा कि बीजेपी का संगठन सेवा और समर्पण के मूल भाव पर काम करता है और यह केवल राजनीति तक सीमित नहीं है। दिल्ली बीजेपी सहयोग प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित इस जन सुनवाई में कुल 38 विभिन्न शिकायतें दर्ज की गईं। हर्ष मल्होत्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।




# पुलिस के लिए तब FIR दर्ज करना होता है ज़रूरी, लेकिन...

**अगर कहीं भी कोई संज्ञेय अपराध यानी गंभीर अपराध घटित हुआ है तो फिर FIR दर्ज करना जरूरी है। कई बार ऐसा देखने में आता है कि कोई बड़ी घटना जैसे मर्डर, डकैती, लूट या इस तरह के गंभीर अपराध हुए हैं तो इन मामलों में पुलिस खुद FIR दर्ज कर लेती है और छानबीन शुरू करती है। लेकिन कई बार ऐसा भी देखने में आता है कि गंभीर अपराध की शिकायत के बावजूद पुलिस आनाकानी करती है तो वहां आपको अपने अधिकार के बारे में जानकारी होनी चाहिए और साथ ही कानून क्या कहता है, यह भी जानना जरूरी है।**

**Law Guru**

राजेश चौधरी

जहां तक कानूनी प्रावधान का सवाल है तो अगर संज्ञेय अपराध यानी कॉग्नेजेबल ऑफेंस हुआ है यानी तीन साल से ज्यादा सजा वाला मामला हो तो वैसे संज्ञेय मामले में केस दर्ज करना पुलिस के लिए अनिवार्यता है। मसलन ऐसा मामला जो गंभीर है यानी लूट, डकैती, रेप, हत्या का प्रयास, हत्या, सेक्सुअल असॉल्ट आदि मामले में अगर कोई शिकायती पुलिस के सामने जाकर शिकायत करता है तो पुलिस को केस दर्ज करना जरूरी है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट है जिसमें गाइडलाइंस भी तय की गई है।

सीआरपीसी की धारा 154 और अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 में संज्ञेय अपराध में केस दर्ज किए जाने का प्रावधान किया गया है और इसके तहत कानूनी प्रावधान है कि संज्ञेय अपराध के केस में एफआईआर दर्ज किया जाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ललिता कुमारी बनाम स्टेट ऑफ यूपी के केस में गाइडलाइंस तय कर रखी है जिसके तहत कहा गया है कि एफआईआर सीआरपीसी की धारा-154 के तहत दर्ज करना अनिवार्य है। हालांकि, सीआरपीसी के बदले आए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-173 में यह भी प्रावधान है कि 3 साल से लेकर 7 साल तक की सजा के मामले में अगर शिकायत थाने में आई है तो जिले के पुलिस अधीक्षक की इजाजत से मामले में प्रारंभिक जांच की जा सकती है। अगर जांच के बाद यह पता चलता है कि संज्ञेय अपराध हुआ है तो पुलिस एफआईआर दर्ज करेगी और अगर जांच के बाद मामला नहीं बनता तो सूचना देने वाले को क्लोजर की इंट्री की कॉपी देनी होगी। इसके लिए एक हफ्ते से ज्यादा वक्त नहीं लिया जाएगा और यह बताना होगा कि क्यों शिकायत को क्लोज कर दिया गया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइंस व सीआरपीसी और बीएनएसएस के प्रावधान के मुताबिक अगर संज्ञेय अपराध हुआ है तो पुलिस एफआईआर दर्ज करने से बच नहीं सकती है। अगर पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है तो फिर वरिष्ठ अधिकारी के सामने शिकायत दर्ज कराई जा सकती है या फिर अदालत का दरवाजा खटखटाया जा सकता है।

इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने FIR दर्ज करने को लेकर जो गाइडलाइंस जारी कर रखी है उसके मुताबिक संज्ञेय अपराध के बाद चाहे मामला दर्ज हुआ हो या फिर शुरुआती जांच के लिए भेजा जा रहा हो लेकिन हर हाल में तमाम जानकारियां पुलिस थाने में डायरी में दर्ज किया जाए यानी थाने में जो डायरी एंट्री होती है वह करना अनिवार्य है।

**हमें ऐसे भेजें अपने सवाल**

*यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आप कानून से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं या किसी कानूनी मसले पर जानकारी चाहते हैं तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89299-16941 पर मंगलवार तक भेज दें।*

# शरजील, उमर खालिद और अन्य की बेल अर्ज़ी पर फैसला कल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**सुप्रीम कोर्ट** सोमवार को दिल्ली दंगों के कथित षड्यंत्र मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुनाएगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच याचिकाओं पर सुनवाई कर चुकी है। आरोपियों ने 2 सितंबर के दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से पारित फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की हुई है। हाई कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया था। इस मामले में आरोपी याचिकाकर्ता पिछले 5 वर्षों से भी अधिक समय से हिरासत में हैं और उन पर गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगों के कथित षड्यंत्र मामले में होगी सुनवाई**

दिल्ली पुलिस ने उमर, शरजील और अन्य की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2020 के दंगे खुद ब खुद नहीं हुए थे, बल्कि भारत की संप्रभुता पर 'पूर्व नियोजित, सुनियोजित और सुविचारित हमला' थे। वहीं याचिकाकर्ताओं ने मुख्य रूप से मुकदमे में देरी और इसके जल्द शुरू होने की कम संभावना पर जोर दिया। याची ने तर्क दिया कि पांच साल बीत जाने के बाद भी ऐसा कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने दंगे भड़काए। दोनों पक्षों की दलील के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 10 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं ने मुख्य रूप से मुकदमे में हो रही देरी और निकट भविष्य में ट्रायल शुरू होने की संभावना न होने पर जोर दिया। वरिष्ठ वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी (गुलफिशा फातिमा की ओर से), वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (उमर खालिद की ओर से) और वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे (शरजील इमाम की ओर से) ने तर्क दिया कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने दंगों को भड़काया था।


उमर खालिद


शरजील इमाम

# पेड़ से लटक युवक ने की खुदकुशी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** त्रिलोकपुरी इलाके में शनिवार को एक शख्स ने पेड़ के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटनास्थल से कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला है। घरवालों ने भी किसी पर शक या संदेह नहीं जताया है। ईस्ट जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 3 जनवरी मयूर विहार पुलिस को सूचना मिली थी कि 32/280 त्रिलोकपुरी वायरलेस रोड पर एक शख्स ने पेड़ के सहारे फांसी लगा रखी है। सूचना के बाद तुरंत पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। वहां पर 33 वर्षीय शख्स पेड़ से लटका मिला। मौके पर शख्स के घरवाले और पड़ोस के लोग भी मौजूद थे।







एफ.सं. आर-31/504/प्रशासन/एनओटीटीओ/21

**राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एनओटीटीओ)**

**डीटीई. जीएचएस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार चौथी एवं पांचवीं मंजिल, एनआईओपी बिल्डिंग सफदरजंग अस्पताल परिसर, नई दिल्ली-110029**

**गैर-चिकित्सा सलाहकार (संविदात्मक) का नियोजन**

राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एनओटीटीओ), नई दिल्ली में गैर-चिकित्सा सलाहकार के 01 (एक) पद के लिए 63 वर्ष से कम आयु के स्नातक डिग्री धारकों (किसी भी विषय में) और प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद संविदात्मक आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए ₹ 50,000/- प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक पर है। आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर dr.anilkumar@nic.in पर ईमेल द्वारा भेजे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट: www.notto.mohfw.gov.in पर विज्ञापन देखें।

निदेशक, एनओटीटीओ
नई दिल्ली

CBC 17171/11/0003/2526



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in